

## जे बाल्विन ने बिखेरे रंग

समारोह में कोलंबियाई स्टार जे बाल्विन ने अपने लोकप्रिय गीत 'क्यू केलर' पर प्रस्तुति दी। इस दौरान मंच पर रंगों, रोशनी और विशेष विजुअल इफेक्ट्स का शानदार संगम देखने को मिला। पूरे स्टेडियम का माहौल उत्साह और ऊर्जा से भर गया।


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 12 जून 2026












# फीफा वर्ल्ड कप का भव्य आगाज

## शकीरा, बर्ना बॉय, बाल्विन और बेलिंडा के साथ झूमी दुनिया...

**एजेंसी ▶▶| मैक्सिको**

फुटबॉल के सबसे बड़े महाकुंभ फीफा विश्व कप 2026 का आगाज एक भव्य और रंगारंग उद्घाटन समारोह के साथ हुआ। मैक्सिको सिटी के एज्टेका स्टेडियम में पॉप स्टार शकीरा और नाइजीरियाई कलाकार बर्ना बॉय ने टूर्नामेंट का ऑफिशियल सॉन्ग 'डाई-डाई' गया। इससे पहले कोलंबियाई सिंगर जे बाल्विन ने भी अपने परफॉर्म किया। संगीत, रोशनी और शानदार आतिशबाजी से सजे इस समारोह ने स्टेडियम में मौजूद हजारों दर्शकों को रोमांच से भर दिया। दुनिया के कई मशहूर कलाकारों की दमदार प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्सव में बदल दिया, जबकि हर प्रदर्शन के साथ दर्शकों का उत्साह भी चरम पर पहुंचता गया। उद्घाटन समारोह की शुरुआत लोकप्रिय बैंड माना की प्रस्तुति से हुई। मंच पर उनकी परफॉर्मेंस के दौरान आसमान आतिशबाजी की रोशनी से जगमगा उठा। इसके बाद लैटिन पॉप स्टार बेलिंडा ने मंच संभाला और अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था और प्रशंसक संगीत की धुनों पर थिरकते नजर आए।

**टूर्नामेंट का पहला मुकाबला मेजबान मेक्सिको और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया**



### शकीरा और बर्ना बॉय की प्रस्तुति

उद्घाटन समारोह का सबसे बड़ा आकर्षण शकीरा और बर्ना बॉय की संयुक्त प्रस्तुति रही। दोनों कलाकारों ने 'दाई दाई' गीत पर शानदार परफॉर्मेंस दी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शकीरा की दमदार मौजूदगी और बर्ना बॉय की जोशीली प्रस्तुति ने पूरे स्टेडियम को एक साथ झूमने पर मजबूर कर दिया। दर्शक भी गीत के साथ गाते और तालियां बजाते नजर आए। प्रस्तुति के अंत में शानदार आतिशबाजी के साथ उद्घाटन समारोह का समापन हुआ।

रक्तदान शिविर के नाम पर पूरी हो रही औपचारिकता, 'होल ब्लड' सुविधा का दिखावा

# राजधानी का एक ऐसा सरकारी अस्पताल, जहां के ब्लड बैंक में 'खून' की एक बूंद भी नहीं!

**विकास शर्मा ▶▶| रायपुर**

हरिभूमि सरोकार

जिला अस्पताल पंडरी में करीब सात साल पहले शुरू किया गया ब्लड बैंक आज केवल शो-पीस बनकर रह गया है। आपात स्थिति में मरीजों के लिए रक्त का इंतजाम करने वाले इस संस्थान में काफी समय से स्टॉक शून्य वाली स्थिति में हैं। ब्लड बैंक की मौजूदगी दिखाने के लिए यहां समय-समय पर रक्तदान शिविर के नाम पर औपचारिकता पूरी की जा रही है। दिखावा के नाम पर यहां 'होल ब्लड' की सुविधा के दावे किए जाते हैं दूसरी ओर सबसे जरूरी कंपोनेंट ब्लड का लायसेंस इन्हें अब तक नहीं मिल पाया है। जिला अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों को अगर रक्त की आवश्यकता होती है तो परिजनों को उन्हें आंबेडकर अस्पताल, रेडक्रास अथवा प्रायवेट ब्लड बैंक के चक्कर लगाने पड़ते हैं क्योंकि ▶▶| शेष पेज 7 पर




### आवश्यकता होने पर इंतजाम

लायसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। अनुमति मिलने के लिए थोड़ा वक्त लगने की संभावना है जिसके बाद मरीजों को इसकी सुविधा मिल सकेगी। जरूरत होने पर मरीजों के लिए अन्य संस्थानों से जरूरी रक्त का इंतजाम किया जाता है।

- डा. बीके सिन्हा, सिविल सर्जन जिला अस्पताल

### लायसेंस ही नहीं

जिला अस्पताल के इस ब्लड बैंक में कंपोनेंट से संबंधित मशीने तो मौजूद है मगर इस सुविधा की शुरुआत के लिए इसका लायसेंस ही नहीं है। ऐसी स्थिति में कोई जरूरतमंद मरीज यहां इलाज के लिए आता है तो उसे बाहर से रक्त लाने अथवा दूसरे हास्पिटल रेफर करने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाती है। दूसरी ओर ब्लड स्टोरेज की सुविधा वाले जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यकता के मुताबिक रक्त की व्यवस्था रेडक्रास ब्लड बैंक की मदद से पूरी कर ली जाती है।

नीति आयोग की बैठक में विकसित भारत-2047 को लेकर हुआ मंथन

# वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत अपनी विकास यात्रा पर लगातार आगे बढ़ रहा

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को दिल्ली में नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल बैठक हुई। बैठक का मुख्य फोकस विकसित भारत-2047 का लक्ष्य हासिल करने के लिए समावेशी मानव विकास की रणनीति तैयार करना और उसे हर नागरिक तक पहुंचाना है। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के अधिकारी शामिल हुए।*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितता और अस्थिरता के बीच भी भारत आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ अपनी विकास यात्रा पर आगे बढ़ रहा है। मोदी ने नीति आयोग की शासी परिषद की 11वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जैसे-जैसे भारत 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, देश की सामूहिक जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। नीति आयोग ने मोदी के हवाले से सोशल मीडिया पर मंच 'एक्स' पर लिखा, दुनिया अनिश्चितता और अस्थिरता ▶▶| शेष पेज 7 पर




### चार मुद्दों पर चर्चा

- युवाओं को बेहतर शिक्षा और कौशल देना
- रोजगार बढ़ाना और कारोबार को बढ़ावा देना
- स्वास्थ्य, पोषण और लोगों की भलाई
- सभी को समान अवसर और सम्मान दिलाना

## बैठक में सीएम साय ने नक्सलमुक्त बस्तर के विकास का रोडमैप किया पेश



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक में नक्सलवाद से मुक्त बस्तर के लिए विकास का व्यापक रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, बस्तर अब हिंसा की पहचान से आगे बढ़कर आर्थिक विकास, रोजगार, पर्यटन, शिक्षा और आधुनिक तकनीक आधारित प्रगति का नया मॉडल बनेगा। दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस बैठक में केंद्रीय मंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, ▶▶| शेष पेज 7 पर

### पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं पर जोर

बैठक में मुख्यमंत्री ने पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, चित्रकोट जलप्रपात और सिरपुर को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। बस्तर में वॉटर स्पोर्ट्स, एडवेंचर स्पोर्ट्स और जंगल सफारी जैसी गतिविधियों का विस्तार किया जाएगा, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

# सुकमा में हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद 14 जून को

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा**

जिले में जनसरोकारों और विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए हरिभूमि-आईएनएच द्वारा जिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 14 जून को स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति परिसर पुराना कलेक्ट्रेट कार्यालय में दोपहर साढ़े तीन बजे से आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सुकमा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के सवालों का जवाब देंगे। कार्यक्रम में जिले के विकास, अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सडक, पेयजल सहित विभिन्न जनहित ▶▶| शेष पेज 7 पर


डॉ. हिमांशु द्विवेदी


केदार कश्यप


हरीश कवासी


मनीष कुंजाम

देश में चमका छत्तीसगढ़ का एक और सितारा

## राजनांदगांव की महक का चयन इंडिया अंडर-19 महिला टीम में

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव**

छत्तीसगढ़ क्रिकेट के लिए जून महीने का पहला पखवाड़ा दोहरी खुशियां लेकर आया है। इंडिया ए मेन्स टीम में आयुष पांडेय के चयन के बाद वुमेंस अंडर-19 इंडिया टीम में राजनांदगांव की खिलाड़ी महक नरवासे का चयन हुआ है। अधिकारिक जानकारी ▶▶| शेष पेज 7 पर



### 21 जून से श्रीलंका में खेलेंगी महक

वर्तमान में महक बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त ▶▶| शेष पेज 7 पर

# जनपद उपाध्यक्ष के चेंबर में बवाल, उप अभियंता से मारपीट, दोनों पक्ष पहुंचे थाने

**मूल्यांकन विवाद ने पकड़ा तूल, जनपद कार्यालय बना अखाड़ा, पुलिस जांच में जुटी**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जैजैपुर**

सक्ती जिले के जनपद पंचायत जैजैपुर में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब विकास कार्यों के मूल्यांकन को लेकर शुरू हुई चर्चा देखते ही देखते विवाद और फिर कथित मारपीट में बदल गई। घटना जनपद पंचायत उपाध्यक्ष के चेंबर की बताई जा रही है, जहां उप अभियंता को चर्चा के लिए बुलाया गया था। मामले के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंच गए और एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार जनपद क्षेत्र की कुछ पंचायतों में कराए गए निर्माण कार्यों के मूल्यांकन को लेकर लंबे समय से असंतोष की स्थिति बनी हुई थी। इसी संबंध में उप अभियंता शरद देवांगन को जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सीताराम ने अपने चेंबर में बुलवाया था। बैठक में कुछ सरपंच और जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। चर्चा के दौरान पंचायतों द्वारा कराए गए कार्यों के कथित रूप से कम मूल्यांकन का मुद्दा उठाया गया, जिस पर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ ही देर में माहौल गर्म हो गया और विवाद गाली-गलौज तक पहुंच गया। आरोप है कि इसके बाद हाथापाई की नौबत आ गई। घटना से जनपद कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारियों व अन्य लोगों की भीड़ जुट गई। ▶▶| शेष पेज 7 पर

### थाने में की गई शिकायत

उप अभियंता देवांगन को जनपद उपाध्यक्ष अपने चेंबर में बुलवाए थे, वहां मूल्यांकन को लेकर विवाद हुआ। उप अभियंता ने मारपीट होने की जानकारी दी है, उसने रिपोर्ट जैजैपुर थाने में दर्ज कराई है। दूसरे पक्ष ने भी शिकायत थाने में दर्ज कराई है।

-संदीप कश्यप, सीईओ, जनपद पंचायत, जैजैपुर

# शराब की ओवर रेटिंग पर बड़ी कार्रवाई, 4 उप निरीक्षक सस्पेंड

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

खास खबर

छत्तीसगढ़ में ओवर रेटिंग शराब बिक्री पर आबकारी विभाग अब सख्त रवैया अपना रहा है। आबकारी विभाग की उड़नदस्ता टीम ने पिछले दिनों रायपुर, धमतरी, खैरागढ़-छुईखदान, बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में संचालित शराब दुकानों की जांच की थी। इस दौरान इन सभी जिलों की कुछ-कुछ दुकानों में ओवर रेटिंग बिक्री के मामले पकड़े गए थे। इन मामलों में आबकारी आयुक्त पीएस एल्मा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संबंधित शराब दुकान क्षेत्रों के 4 प्रभारी अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है। इसके अलावा इन सभी जिला आबकारी अधिकारियों सहित 8 को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब ▶▶| शेष पेज 7 पर

### जिला अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

आयुक्त ने इस मामले में धमतरी आबकारी विभाग की जिला अधिकारी निरूपमा लोन्हारे, बलौदाबाजार-भाटापारा जिलाधिकारी मुकेश अग्रवाल, रायपुर जिलाधिकारी राजेश शर्मा, खैरागढ़-छुईखदान जिलाधिकारी अजय सिंह धुर्वे के अलावा जेबा खान रायपुर, अल्ताफ खान, जलेश सिंह, चंद्रप्रताप सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस नोटिस का सभी से सात दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है।





छत्तीसगढ़ शासन
Chhattisgarh Business Made Easy
छत्तीसगढ़ में निवेश का नया युग शुरू
एक क्लिक में मिले 132 अप्रूवल
निवेश करने से पहले, जानें मिलने वाली सब्सिडी
उच्च संभावनाओं वाले क्षेत्र और अवसर जानें
सरल. तेज. स्मार्ट निवेश.
यही है हमारा उद्देश्य.
जानने के लिए स्कैन करे
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
/ChhattisgarhCMO
/DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in
सुशासन से समृद्धि की ओर




हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




हरिभूमि लगातार

# कागजों में 28 लाख का काम, भुगतान भी कर दिया
# 222 स्कूल अभी भी जर्जर, जहां पढ़ेंगे सैकड़ों बच्चे

*43 से अधिक स्कूल भवनों को पूरी तरह नया बनाने की जरूरत*

विकास चौबे ▶▶| बिलासपुर

16 जून मंगलवार से स्कूल खुल रहे हैं लेकिन बिलासपुर जिले में कई स्कूलों हालत खराब है। आधे से अधिक स्कूलों की मरम्मत तक नहीं हो पाई है। यही नहीं भारी भ्रष्टाचार करते हुए 93 स्कूलों में कागजों में काम पूरा बताकर भुगतान भी प्राप्त कर लिया गया। जांच में पता चला कि मस्तूरी ब्लॉक के 48 स्कूल ऐसे हैं, जहां कार्य को पूर्ण बता दिया गया लेकिन कोई काम पूरा नहीं हुआ। तखतपुर ब्लॉक में 14 स्कूल, कोटा ब्लॉक में 11 और बिल्हा ब्लॉक में 9 स्कूल ऐसे मिले, जहां समस्या जस की तस है। ध्यान रहे कि जिले के 1400 स्कूलों को संवारने के लिए 74 करोड़ 74 लाख 59 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी, इसमें से करीब ▶▶|शेष पेज 7 पर

### शहरी क्षेत्र के 57 स्कूलों के लिए 5 करोड़

बिलासपुर में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत शासकीय प्राथमिक स्कूलों के लिए जिले में करीब 1400 स्कूलों को संवारने की बात थी, इसके लिए जिले में 74 करोड़ 74 लाख 59 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। इसमें से बड़ी मुश्किल से 300 स्कूलों में ही कुछ काम हो सका। अधिकारी टेंडर और दूसरी प्रक्रियाओं में देरी ▶▶|शेष पेज 7 पर



### कुछ स्कूलों को नया बनाने की जरूरत

जिला शिक्षा विभाग ने संचालनालय के पास जर्जर स्कूलों की जानकारी भेज दी है। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की भौतिक और वित्तीय प्रगति की जानकारी जो निर्माण एजेंसियों द्वारा दी गई है, उनका भौतिक सत्यापन भी कराया जाएगा।

- विजय तांडे, जिला शिक्षा अधिकारी

### इन स्कूलों में मिली गड़बड़ी

जिन स्कूलों में खास तौर पर खामियां पाई गईं, उनमें शासकीय जनपद प्राथमिक शाला बम्हनीखुर्द बिल्हा ब्लॉक में स्कूल की छत और बरामदे में रिपेयरिंग और निर्माण कार्य 3 लाख 84 हजार रुपए में किया गया था। जांच टीम ने सत्यापन किया तो पता चला कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का अभाव है और बरामदे की छत का प्लास्टर गिरा हुआ था। ऐसे ही तखतपुर के तुर्काडीह प्राथमिक शाला (ईडीयू) में 11 लाख 30 हजार की लागत से भवन का निर्माण हुआ था। मौके पर जांच करने पर टीम को छत में सीपेज की समस्या मिली। कोटा शासकीय माध्यमिक शाला भवन में परिवर्तन और परिवर्धन कार्य रानीबछाली में 4 लाख 62 हजार की लागत से किया गया। जांच में गुणवत्ता का अभाव पाया गया। वहीं, मस्तूरी ब्लॉक के ▶▶|शेष पेज 7 पर

# अमेरिकी मिसाइल हमले में तीन भारतीय नाविकों की हुई मौत, भारत ने कहा- फौरन बंद हो अटैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**होर्मुज से बुरी खबर अमेरिका ने पार की हदें भारत ने लगाई फटकार**

एमटी सेटेबेलो नामक एक अन्य जहाज पर 10 जून को हुए हमले में 3 भारतीय नाविकों की दुखद मौत हो गई है। जिनके शवों की पहचान मुख्य अभियंता पटनाला सुरेश, इंजन फिटर शिवानंद चौरसिया और डेक कैडेट आदित्य शर्मा के रूप में की गई है। जल्द ही अंतिम संस्कार के लिए इनकी पार्थिव देह को भारत लाया जाएगा। सेटेबेलो में कुल 28 नाविक सवार थे। जिनमें 3 की मौत हो गई है और बाकी बचे हुए 25 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। 25 में भारत के 21, रूस के 2, पाकिस्तान और यूक्रेन के क्रमशः 1,1 नाविक को सुरक्षित बचाया गया है। बताते चलें कि इन हमलों को लेकर विदेश मंत्रालय ने बुधवार को नई दिल्ली में अमेरिका के ▶▶|शेष पेज 7 पर

ओमान के तट पर अमेरिकी नौसेना द्वारा भारतीय सवार वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाए जाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ओमान की खाड़ी में सेटेबेलो नाम के जहाज पर अमेरिकी हमले में तीन भारतीयों की मौत हो गई है। भारत ने इस घटना पर कड़ा विरोध जताया और अमेरिकी राजदूत को तलब किया। इस बीच, गुरुवार को पश्चिमी-अफ्रीकी देश गिनी बिसाऊ के ध्वज वाले एमटी जलवीर जहाज को अमेरिका ने गुरुवार को निशाना बनाया है। राहत की बात यह रही कि इसमें सवार 20 भारतीयों को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

### अमेरिका की मौजूदगी में यूएन में जताया विरोध

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी.हरीश ने ओमान सहित खाड़ी के समूचे इलाके में भारतीय सवार जहाजों पर किए जा रहे हमलों की जोरदार अंदाज में निंदा की और कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों पर हमला कर नाविकों की जान को खतरे में डालना और वैश्विक व्यापार को बाधित करना भारत को पूरी तरह से अस्वीकार्य है। बीते वक्त में इस क्षेत्र में हुए हमलों में कई भारतीय नाविकों की मौत हो गई है। जबकि कई अन्य अभी भी लापता हैं।

### यह युद्ध का समय नहीं: जयशंकर

- विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर ने की हमलों की कड़ी निंदा, बोले-बातचीत से होगा समस्याओं का समाधान
- यूएन में गूंजा मामला, पी.हरीश बोले- ओमान सहित खाड़ी क्षेत्र में भारतीय सवार जहाजों को निशाना बनाना अस्वीकार्य



### अमेरिकी राजदूत तलब

भारत ने इस मामले पर अमेरिकी राजदूत को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया और कहा कि जहाजों पर हो रहे हमले तुरंत बंद होने चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में क्षेत्र में भारतीय नाविकों से जुड़े कई गंभीर घटनाक्रम सामने आए हैं।

### हिमाचल के आदित्य की मौत



होर्मुज स्ट्रेट में हुए शिप हमले में हिमाचल के रहने वाले युवक की मौत हो गई है। मृतक युवक की पहचान आदित्य शर्मा के रुप में हुई है जो हमीरपुर में गलोड के रहने वाले थे, पलाऊ के कमर्शियल शिप एमटी सेटेबेलो पर डेक कैडेट के रूप में कार्यरत थे।


### पत्नी से आखिरी शुभरात्रि



हमले में मारे गए आंध्र प्रदेश के निवासी एवं मरीन इंजीनियर सुरेश पटनाला (44) ने परिवार को किए गए आखिरी फोन कॉल पर 'शुभरात्रि- बच्चों का ख्याल रखना' कहा था। यह जानकारी उनकी पत्नी भार्गवी ने दी। भार्गवी ने बताया कि उनके दिन की शुरुआत पति के 'सुप्रभात' संदेश के साथ होती थी।

**अब तक 17 राज्यों में पहुंचा मानसून**

# बिहार पहुंचा मानसून, छत्तीसगढ़ में दस्तक से पहले झमाझम बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

देश के 17 राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है। गुरुवार को बिहार में मानसून पहुंच गया। छत्तीसगढ़ में अभी इंतजार है, लेकिन गुरुवार को प्री-मानसून की बारिश ने रायपुरवासियों को राहत दी। रात 8.30 बजे तक रायपुर में करीब 35 मिमी बारिश हुई। केरलम में एंट्री के बाद से मानसून 8 दिन में 17 राज्यों तक पहुंच चुका है। अगले 2-3 दिनों इसके में उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा पहुंचने की संभावना है। बिहार के ▶▶|शेष पेज 7 पर

### 22 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने 22 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट है। इनमें राजस्थान, एमपी, यूपी, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, तमिलनाडु, केरलम, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और गोवा शामिल हैं। गुजरात को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट है।

### दिनभर तपिश के बाद रात को झमाझम

राजधानी रायपुर में गुरुवार को दिन भर तपिश रही। शाम को आंधी चलने के बाद रात को जमकर बारिश हुई। बारिश से तापमान में कुछ गिरावट आई। इधर, यूपी, दिल्ली, राजस्थान, एमपी, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के कई शहरों में पारा 40 अंश सेटीग्रेट से ज्यादा रहा। देश में सबसे ज्यादा पारा पंजाब के भटिंडा में दर्ज किया गया।

**पाठक सूचना**

**हरिभूमि सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार 2026 का मास्टर कूपन कल के अंक में देखें।**

# अंतरजातीय विवाह, नवविवाहित दंपति को मिलेगी पुलिस सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में अंतरजातीय विवाह करने वाले एक बालिग जोड़े को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने कहा कि दो बालिगों को अपनी मर्जी से जीवनसाथी चुनने का पूरा अधिकार है। यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत उनके मौलिक अधिकारों का हिस्सा है। हाईकोर्ट चीफ ▶▶|शेष पेज 7 पर



हाईकोर्ट ने एसपी को दिए निर्देश

### कोर्ट ने दी सख्त हिदायत

इस मामले में डिवीजन बेंच ने पुलिस अधीक्षक और संबंधित थाना प्रभारी को याचिकाकर्ता नवविवाहित जोड़े की सुरक्षा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि यदि जोड़े द्वारा भविष्य में कोई शिकायत दर्ज कराई जाती है तो पुलिस तुरंत उसकी जांच करे।

### टी-55 टैंक अन्ना के गांव में स्थापित

**पुणे।** भारतीय सेना का सेवामुक्त टी-55 टैंक गुरुवार को महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले में वरिष्ठ समाजसेवी अन्ना हजारे के गांव रालेगण सिद्धि में स्थापित किया गया। यह टैंक भारत-पाकिस्तान के 1965 और 1971 के युद्धों में अपनी सेवाएं दे चुका है। हजारे ने टैंक स्थापित करने के लिए सरकार का धन्यवाद किया और कहा कि इससे ग्रामीणों और आगंतुकों, दोनों को ही प्रेरणा मिलेगी। भारतीय सेना में सेवा दे चुके हजारे ने कहा, रक्षा मंत्रालय द्वारा दिया गया यह टैंक गांव के लोगों और रालेगण सिद्धि घूमने आने वाले सैलानियों, दोनों को ही प्रेरित करेगा।

### स्कूल के बंद कमरे से 1.77 करोड़ रुपए जब्त

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के कांचरापारा में पुलिस ने एक निजी स्कूल के बंद कमरे से लगभग 1.77 करोड़ रुपए नकद जब्त किए हैं। संस्थान के लेखाकार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। यह जब्ती विशेष गोपनीय सूचना के आधार पर रात भर जारी तलाशी अभियान के दौरान की गई। नकद राशि जब्त कर ली गई है और इसके स्रोत का पता लगाने के लिए जांच जारी है। हम दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं और संस्थान से जुड़े लोगों से पूछताछ जारी है। लेखाकार अभीक को हिरासत में लिया गया है और उनसे इस राशि के स्रोत और उन परिस्थितियों के बारे में पूछताछ की जा रही है जिसके तहत राशि स्कूल परिसर में रखी गई थी।



अधिकृत विक्रेता - रायपुर - सरस्वती सेल्स 9981606555, हिन्दुस्तान इण्टरप्राइजेज 9300200880 दुर्ग- जय मेडिकल स्टोर 9479201616, गुलाब चन्द्र बाजाज 9425565705, राजनन्द गांव - सोनी मेडिकल 9425562291, विश्वनाथ फार्मा 7999817500, उषा मेडिकल 9424115704, महेश एजेन्सी 7000616262 जगदलपुर - बन्दना एजेन्सी 9425261118 बिलासपुर - पंकज मेडिको 9685277000 नैला - बालाजी 9827987650
Helpline No.:9997713333, 9685171777



## राज्यसभा चुनाव : राजस्थान में एक सीट पर कांग्रेस विजयी

# मध्य प्रदेश-गुजरात में निर्विरोध जीते बीजेपी के सभी उम्मीदवार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मध्य प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के नतीजे निर्विरोध तय हो गए हैं, जहां बीजेपी के तीनों उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। इसके साथ ही गुजरात में भी बीजेपी के सभी चार उम्मीदवार ने राज्यसभा चुनाव में निर्विरोध जीत दर्ज की है। राजस्थान में एक सीट पर कांग्रेस विजयी हुई है।

सुप्रीम कोर्ट के रुख के बाद मध्य प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के नतीजे निर्विरोध तय हो गए हैं। कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के खारिज कर दिए जाने के बाद, राज्य की तीसरी राज्यसभा सीट पर मुकाबला भी समाप्त हो गया है। नामांकन प्रक्रिया के दौरान, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने कांग्रेस उम्मीदवार पर हलफनामे में आपराधिक मामले/कोर्ट नोटिस की जानकारी छिपाने का आरोप लगाया था। आपत्तियों की जांच और सुनवाई के बाद उनका पर्चा निरस्त कर दिया गया। इसके साथ ही, बीजेपी के तीनों उम्मीदवारों तरुण चुघ, रजनीश अग्रवाल और महेश केवट का निर्विरोध राज्यसभा सांसद निर्वाचित हो गए हैं।

### गुजरात राज्यसभा चुनाव

गुजरात में राज्यसभा की चार सीटों के लिए हुए चुनाव में बीजेपी के सभी चार उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। राजू शुक्ल, मानसिंह परमार, मुकेश राठवा और जितेंद्र कंजारिया ने जीत दर्ज की है। इसके साथ अब राज्यसभा में गुजरात से 11 सांसद है, सभी सांसद बीजेपी के हैं। साल 2029 मे अब अगले राज्यसभा चुनाव होंगे तब तक गुजरात से कांग्रेस का कोई भी सांसद नहीं होगा। बता दें, राजस्थान में भी तीनों राज्यसभा उम्मीदवार निर्विरोध चुनाव जीते हैं। दो सीटों पर बीजेपी के सतीश पुनिया और अल्का गुर्जर और एक सीट पर कांग्रेस के नीरज डांगी चुनाव जीत गए हैं। अरुणाचल प्रदेश की एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए बीजेपी उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। अरुणाचल प्रदेश के वरिष्ठ बीजेपी नेता ताई तागाक को राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया है।



### कर्नाटक राज्यसभा चुनाव

*कर्नाटक से राज्यसभा चुनाव लड़ रहे सभी चार उम्मीदवार गुरुवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, पवन खेड़ा, मंसूर खान और बीजेपी समर्थित एम. नागराजू निर्विरोध राज्यसभा सदस्य चुने गए।*

### 26 में से 14 उम्मीदवार जीते निर्विरोध

निर्विरोध राज्यसभा चुनाव जीतने वाले 14 उम्मीदवार हैं। इनमें 10 भाजपा और 4 कांग्रेस से हैं। चुनाव जीतने वालों में कर्नाटक से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और मीडिया व प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा का नाम शामिल है।

### 12 सीटों पर 18 जून को वोटिंग

अंध्रप्रदेश की 4, झारखंड की 2 और मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल, मिजोरम, महाराष्ट्र, और तमिलनाडु की एक सीट पर 18 जून को वोटिंग होगी। यहां कांग्रेस को एक, भाजपा को 8, जेएमएमएम को दो और टीवीके को एक सीट पर जीत मिल सकती है।

244 सदस्यों वाली राज्यसभा में एनडीए के पास अभी 149 सांसद

244 सदस्यों वाली राज्यसभा में एनडीए के पास अभी 149 सांसद हैं, जबकि विपक्ष के पास 78 और गैर-गठबंधन वाले क्षेत्रीय दलों के पास 17 सांसद हैं।


## खबर संक्षेप

### ममता के साथ हूं, नहीं छोड़ रहा टीएमसी : शत्रुघ्न



**नई दिल्ली।** टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने साफ-साफ कहा है कि तृणमूल कांग्रेस के तथाकथित बागियों के बीच उनका नाम लिया जाना गलत है। आसनसोल से टीएमसी सांसद ने कहा कि वे पहले भी ममता बनर्जी के साथ थे और आगे भी रहेंगे। एक चैनल से बातचीत में उन्होंने कहा कि उन्होंने न तो किसी पेपर पर हस्ताक्षर किए हैं, न ही हामी भरी है और न ही किसी बागी ने उनसे संपर्क किया है। अभिषेक के व्यवहार और उनके सीनियर नेताओं के साथ कथित दुर्व्यवहार पर शत्रुघ्न ने स्पष्ट रूप से कहा कि तृणमूल कांग्रेस में उनकी नेता सिर्फ और सिर्फ ममता बनर्जी हैं।

### अमेरिकी कंपनी ने 250 भारतीयों को निकाला



**नई दिल्ली।** एआई अब कंपनियों के बीच तेजी से अप्लाई हो रहा है, जिसका नतीजा ये है कि कंपनियां एआई का यूज बढ़ाते ही कर्मचारियों की संख्या में कटौती कर रही हैं। इसी के मद्देनजर, एक अमेरिकी कंपनी ने भारत से अपना कारोबार बंद करने का फैसला किया है। इससे भारत में काम कर रहे सभी 250 कर्मचारियों की नौकरी प्रभावित हुई है। यह अमेरिकी रियल एस्टेट टेक कंपनी ओपन डोर है, जिसने भारत स्थित अपने परिचालन को बंद करने का निर्णय लिया है, क्योंकि कंपनी संयुक्त राज्य अमेरिका में छोटी एआई बेस टीमों की ओर रुख कर रही है।

## बनर्जी को लग रहा झटके पर झटका, प्रकाश बराइक ने भी दिया राज्यसभा से इस्तीफा

# एक और टीएमसी सांसद ने छोड़ा ममता का साथ, कल्याण ने भी दिया अल्टीमेटम

*बंगाल की सत्ता हाथ से जाते ही अब पार्टी ही ममता बनर्जी के हाथ से फिसलती जा रही है। टीएमसी में बगावत का बिगुल बज रहा है। ममता बनर्जी को एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। अब टीएमसी के राज्यसभा सांसद प्रकाश चिक बराइक ने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया है। इधर, ममता के लिए एक और झटका कल्याण बनर्जी का ताजा रुख है। कल्याण ने टीएमसी प्रमुख को अल्टीमेटम दे दिया है कि या तो वह अभिषेक को चुन लें, या फिर मेरे जैसे वफादारों को।*




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की सत्ता का 15 साल तक सिरमौर रहीं ममता बनर्जी और उनकी अगुवाई वाली पार्टी तृणमूल कांग्रेस मुश्किल में हैं। एक के बाद एक नेता टीएमसी से किनारा कर रहे हैं। 60 से ज्यादा विधायक बागी हो गए हैं। दिल्ली में लोकसभा सदस्यों ने भी पार्टी में बगावत का बिगुल फूंक दिया है। राज्यसभा में भी इस्तीफे हो रहे हैं। प्रकाश चिक का इस्तीफा एक सप्ताह में राज्यसभा से टीएमसी की ओर से तीसरा इस्तीफा है। इससे पहले एक दिन पहले सुष्मिता देव ने बुधवार को राज्यसभा से इस्तीफा दिया था। सबसे पहला विकेट सुखेंदु शेखर रॉय के रूप में गिरा था।

इस तरह से हाल के दिनों में इस्तीफा देने वाले टीएमसी राज्यसभा सांसदों की संख्या तीन हो गई है। प्रकाश चिक बराइक के इस्तीफे के साथ राज्यसभा में पार्टी की संख्या घटकर 10 सांसद रह जाएगी। सूत्रों ने यह भी संकेत दिया है कि अगले हफ्ते तक टीएमसी के तीन और राज्यसभा सांसद इस्तीफा दे सकते हैं।

### कल्याण भी हो गए हैं नाराज

ममता ने जिन कल्याण बनर्जी को चीफ व्हिप बनाने के लिए 40 साल पुरानी सहयोगी काकोली घोष को पद से हटा दिया, अब वही बगावत का झंडा बुलंद करते दिख रहे हैं। कल्याण ने कहा है कि ममता बनर्जी, अभिषेक बनर्जी को हटाएं. नहीं तो हम पार्टी में नहीं रह सकते. उन्होंने अभिषेक बनर्जी के खिलाफ फर्जी हस्ताक्षर केस से भी खुद को अलग करने का ऐलान किया और कहा कि अभिषेक बनर्जी ने कभी भी मुझपर भरोसा नहीं किया और आगे भी नहीं करेंगे। कल्याण बनर्जी ने कहा कि हम कल अभिषेक के केस के लिए तैयारी कर रहे थे और आधी रात मुझे बताया गया कि वकील बदल दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही अपमानजनक है। मुझे डस्टबिन की तरह ट्रीट किया गया। अभिषेक बनर्जी को वरिष्ठों का सम्मान करना नहीं आता। कल्याण बनर्जी ने अभिषेक को घमंडी व्यक्ति बताया और तल्ख लहजे में कहा कि वह हैं कौन? अभिषेक बनर्जी की वजह से पार्टी को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि मैं ममता बनर्जी के साथ हूं। लेकिन दीदी को अब फैसला करना होगा कि उनको पार्टी और वफादार नेता चाहिए या बच्चा और परिवार।

### इधर, हाईकोर्ट से भी झटका, ऋतब्रत बने रहेंगे नेता प्रतिपक्ष

*पश्चिम बंगाल में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी को लेकर घमासान जारी है। कलकत्ता हाईकोर्ट की ओर से ममता बनर्जी को बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट की ओर से टीएमसी की याचिका पर तत्काल राहत नहीं दी गई है। हाईकोर्ट ने एलओपी नियुक्ति पर फिलहाल कोई स्टे लगाने से इनकार कर दिया है। यानी ऋतब्रत बनर्जी नेता प्रतिपक्ष बने रहेंगे।*

## कामजोंग के कुकी गांव को उपद्रवियों ने बनाया निशाना

# फिर सुलगा मणिपुर, कई घर फूंके, हिंसा में दो की मौत



**इंफाल।** मणिपुर के कामजोंग जिले के कुलतूह कुकी गांव में गुरुवार सुबह संदिग्ध मिलिटेंट्स ने दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, मिलिटेंट्स ने सुबह करीब 4:55 बजे अंधाधुंध गोलीबारी की। साथ ही गांव के कई घरों को आग के हवाले कर दिया गया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। भारी संख्या में सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। आरोपियों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कया गया है। यह घटना कांगपोकपी जिले में छह नगा नागरिकों के शव मिलने के एक दिन बाद हुई है। आशंका जताई जा रही है कि ये शव उन छह लोगों के हैं जो 13 मई को लीलोन वैफेई गांव से अगवा हुए थे। 29 दिन बाद इनके शव मिलने से तनाव बढ़ गया है।

### एनपीएफ ने किया बंद का आह्वान

शवों के पहुंचते ही बड़ी संख्या में परिजन, नगा समुदाय के नेता और स्थानीय लोग अस्पताल परिसर में जमा हो गए। भीड़ को काबू करने के लिए सुरक्षा बलों को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। सेनापति जिले में प्रदर्शनकारियों ने नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) के एक ऑफिस में आग लगा दी, जबकि कई जगहों पर ट्रकों को भी निशाना बनाया गया। यूनाइटेड नागा काउंसिल (यूएनसी) ने नगा बहुल क्षेत्रों में 24 घंटे के बंद का आह्वान किया है। मणिपुर में 3 साल से जातीय हिंसा चल रही है। राज्य में पूरी तरह शांति नहीं है।

### मिडिल ईस्ट टेंशन के बीच 'पेंटागन' में लॉकडाउन

**वाशिंगटन।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के वॉशिंगटन स्थित मुख्यालय 'पेंटागन' के एक हिस्से को गुरुवार को उस समय अचानक लॉकडाउन (बंद) करना पड़ा, जब वहां एक संदिग्ध और खतरनाक सामग्री मिलने से हड़कंप मच गया। इस घटना के बाद इमारत के प्रभावित हिस्से में सुरक्षा के कड़े इंतजाम लागू कर दिए गए हैं। अर्लिंगटन काउंटी फायर डिपार्टमेंट (एसीएफडी) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस घटना की पुष्टि की है। विभाग ने बताया कि पेंटागन फोर्स प्रोटेक्शन एजेंसी (पीएफपीए) की टीम की मदद के लिए फायर डिपार्टमेंट की स्पेशल 'हैजमैट टीम' को मौके पर तैनात किया गया है और स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं।

## पार्टी बैठक के बाद कांग्रेस ने किया ऐलान

# नीट, 'सीट चोरी' को लेकर होगा राष्ट्रव्यापी अभियान



**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को फैसला किया कि वह मध्यप्रदेश से पार्टी की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किए जाने, नीट मामले और सीबीएसई की ऑनलाइन मूल्यांकन प्रणाली, महंगाई, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दों को लेकर मोदी सरकार को घेरने के लिये जल्द ही राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करेगी। पार्टी नेतृत्व की महासचिवों, प्रदेश प्रभारियों और राज्य इकाइयों के अध्यक्षों के साथ बैठक में राष्ट्रव्यापी अभियान का निर्णय लिया गया। मुख्य विपक्षी दल का कहना है कि यह अभियान इस महीने के आखिर में शुरू हो सकता है और दो-तीन महीने तक चलेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, जयराम रमेश और कई अन्य नेता मौजूद थे।

## चीन में धमाका, 7 लोगों की मौत, 17 घायल

**बीजिंग।** चीन के गुआनशी क्षेत्र में हुए एक जोरदार धमाके में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और घायलों की हालत खतरे से बाहर है। अधिकारियों ने शुरुआती जांच में गैस पाइपलाइन को हादसे की वजह मानने से इनकार किया है। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि धमाका किस वजह से हुआ।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान है? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

## ऑनलाइन जॉब के नाम पर बेरोजगार युवाओं को बनाता था निशाना

# थाईलैंड से भारत लाया गया साइबर ठगी का मास्टरमाइंड सीबीआई को बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीबीआई ने विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और थाईलैंड स्थित भारतीय दूतावास के सहयोग से साइबर अपराध के आरोपी गणेश बालासो काले को थाईलैंड से भारत वापस लाने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी को 10 जून को थाईलैंड से निर्वासित कर भारत लाया गया। सीबीआई के अनुसार, गणेश बालासो काले एक बड़े साइबर ठगी गिरोह का संचालन करता था। आरोपी पर लोगों को ऑनलाइन पार्ट-टाइम नौकरी का झांसा देकर निवेश के नाम पर रकम जमा कराने और बाद में उनसे धोखाधड़ी करने का आरोप है। जांच में सामने आया कि वह कई व्यक्तियों को बैंक खातों के इस्तेमाल के बदले ब्याज और कमीशन का लालच देता था तथा इन खातों के माध्यम से ठगी की रकम का लेन-देन करता था।

### जॉर्जिया से भारत लाया गया गैंगस्टर गर्ग

सीबीआई ने विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और हरियाणा पुलिस के साथ समन्वय से कुख्यात गैंगस्टर वेंकट गर्ग को जॉर्जिया से भारत प्रत्यर्पित कराने में सफलता हासिल की है। आरोपी को 11 जून, गुरुवार को भारत लाया गया। सीबीआई के अनुसार, वेंकट गर्ग हरियाणा पुलिस के कई गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित था।

## एमएसएमई मंत्रालय की नई पहल

# रेलवे स्टेशनों पर बिकेंगे दिव्यांग कारीगरों के उत्पाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत दिव्यांगजन विश्वकर्मा कारीगरों की आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' पहल लागू करने जा रहा है। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, इस पहल के तहत देश के चुनिंदा अधिक भीड़-भाड़ वाले रेलवे स्टेशनों पर विशेष खुदरा बिक्री केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों के माध्यम से दिव्यांगजन कारीगरों द्वारा तैयार उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री की जा रही है। इससे उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध होने के साथ-साथ उनकी पहचान और बिक्री के अवसरों में भी वृद्धि हो रही है।

### टिकाऊ आजीविका के खुलेंगे रास्ते

ओएसओपी पहल का उद्देश्य दिव्यांग कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना, उन्हें वित्तीय आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना तथा समावेशी विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करना है। यह पहल दिव्यांगजन कारीगरों को अपनी कला और उत्पादों के लिए नए ग्राहकों तक पहुंच बनाने का अवसर प्रदान कर रही है, जिससे उनके लिए टिकाऊ आजीविका के रास्ते खुल रहे हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



# नहीं खुलेंगे छग में नए मेडिकल कॉलेज, क्योंकि बगैर अस्पताल और भवन भेजा था प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेज फिलहाल नहीं खुलेंगे।जिन पांच नए मेडिकल कॉलेजों की अनुमति के लिए प्रस्ताव भेजा गया था, उस पर नेशनल मेडिकल कमीशन ने रोक लगा दी है। गौरतलब है कि मनेंद्रगढ़, कवर्धा, गीदम, जांजगीर और कुनकुरी में मेडिकल कॉलेज खोलने का फैसला राज्य सरकार ने किया था। स्वास्थ्य विभाग को इससे संबंधित तैयारियां पूर्ण कर नेशनल मेडिकल कमीशन में आवेदन करने कहा गया था। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, आधी-अधूरी तैयारियों के साथ इसके लिए आवेदन कर दिए गए। स्वास्थ्य मंत्री के गृह जिला मनेंद्रगढ़ में न अस्पताल है और न कॉलेज बिल्डिंग, फिर भी मेडिकल कॉलेज खोलने का फैसला ले लिया गया था। बिना कॉलेज और अस्पताल भवन बने ही कॉलेज खोलने की तैयारी शुरू कर दी गई और इसका प्रस्ताव एनएमसी को भेज दिया। सूत्रों के अनुसर, एनएमसी ने सेटेलाइट के माध्यम से ही इस बात की जांच पूर्ण कर ली कि प्रस्तावित जगह पर अस्पताल और कॉलेज भवन बना है कि नहीं।

### यह है नियम

नेशनल मेडिकल कमीशन के नियमानुसार, अस्पताल ना होने की स्थिति में भवन को अपग्रेड करके व्यवस्था की जा सकती है, लेकिन महाविद्यालय का भवन होना अनिवार्य है। जिन पांच स्थानों पर मेडिकल कॉलेज खोलने प्रस्ताव भेजा गया है, उनमें से कहीं भी भवन नहीं है। इन पांच स्थानों में से दो में जिला अस्पताल भी नहीं है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को अस्पताल के तौर पर दिखा अनुमति मांगी जा रही थी। एनएमसी ने इसके लिए परमिशन देने से मना कर दिया।




नेशनल मेडिकल कमीशन ने नहीं दी अनुमति आधी-अधूरी तैयारी संग किया था आवेदन

### टेंडर ही निरस्त

पांचों मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए कुछ माह पूर्व ही टेंडर हुआ। तीन मेडिकल कॉलेजों के लिए पिछली सरकार में ही भारत सरकार से पैसा आ गया था, लेकिन टेंडर करने में लापरवाही बरती गई। दो साल टेंडर फाइनल करने में लगा दिए गए। वहीं करीब 500 करोड़ ओवररेट से टेंडर करने का प्रयास किया गया। मामले के खुलासे के बाद टेंडर निरस्त कर दोबारा निविदा करनी पड़ी। वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा, इस वर्ष के प्रारंभिक सत्र में नेशनल मेडिकल कमिश्नर को इन पांचों मेडिकल कॉलेज की खोलने की घोषणा के लिए प्रार्थना पत्र कमिश्नर मेडिकल एजूकेशन के माध्यम से भेजे गए थे। नेशनल मेडिकल कमिशन नई दिल्ली ने मेडिकल कॉलेज के निर्माण संबंधी गाइडलाइन में त्रुटियां बताते हुए इसे सिरे से खारिज कर दिया है। त्रुटियां पूरी करने की तारीख 10 जून को समाप्त हो गई है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से इस्तीफे की मांग की है।

## वीडियो वायरल करने की दी धमकी व मांगे दो लाख, ब्लैकमेलर जेल दाखिल

कांकेर। महिला की आपत्तिजनक फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर दो लाख की मांग करने वाले आरोपी को बांदे पुलिस ने पखांजुर के होटल से दबोचा। पुलिस ने आरोपी कर्नाटक के बेलगाम जिला थाना काकती अंतर्गत सिंगदेवनगर सुलगा (ह.) निवासी महेश कलखांबकर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।






## दोपहिया वाहनों की टक्कर के बाद ट्रक के नीचे आई महिला की मौत



बाइक व स्कूटी में भिड़त से एक गंभीर, चित्रकोट मार्ग में रोशन ढाबा के करीब हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

चित्रकोट मार्ग में गुरुवार शाम बाइक व स्कूटी में टक्कर होने के बाद महिला के ट्रक के नीचे आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। परपा थाना क्षेत्र स्थित रोशन ढाबा के करीब यह हादसा हुआ।

कृषि महाविद्यालय में कार्यरत महिला रयमति कश्यप निवासी बड़ेकनेरा कोण्डागाव हाल निवास पल्लीनाका अपने घर की ओर आ रही थी। वहीं कार्यरत सविंदा कर्मी हेमंत कुमार यादव निवासी धर्माउर भी बाइक से जगदलपुर की ओर आ रहा था। इसी दौरान बाइक, स्कूटी से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी व बाइक रोड में घिसटते हुए आगे की ओर आ रहे थे। जगदलपुर से चित्रकोट की ओर जा रही ट्रक के नीचे आने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार हेमंत हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसके हाथ व पैर में गंभीर चोटें आईं है।



### शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

परपा पुलिस ने घटनास्थल में मृत महिला का शव पीएम के लिए मेकाज रवाना किया। परपा पुलिस द्वारा मृतिका के परिजनों को घटना की जानकारी देते हुए मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।


श्री Davara University

Established under Chhattisgarh Private Universities (Establishment and Operation) Act, 2005
NH-30, Naya Raipur (C.G.) 493661

**Ph.D. RESEARCH AND INNOVATION CELL**

Shri Davara University, a University of repute, invites applications from eligible candidates with high aspirations to contribute to the emerging areas of research, to register for Ph.D. (Full-Time / Part-Time) Programme in the following disciplines of the July 2026 Batch.

Applications are invited from eligible candidates for admission to Ph.D. Programmes (Full-Time / Part-Time)

(Ref. No: DU/Reg./2026/0259) Dt. : 11/06/2026

- Join our committed Team of Forward-thinking Scientists, embarking on a journey of cutting-edge research.
- Connect with our Highly-skilled and Intellectually-driven Team focused on pioneering research at the forefront of scientific exploration.

Ph.D. (FULL-TIME / PART-TIME) PROGRAMMES OFFERED IN

| Name of Faculty | Disciplines |
|---|---|
| Faculty of Sciences | Biotechnology, Botany, Zoology, Microbiology, Yoga, Computer Science & Information Technology (Data Science, Machine Learning, Internet of Things, Networking & Cloud Computing, Data Analytics, Cybersecurity), Physics, Chemistry, Mathematics, Forensic Science |
| Faculty of Arts / Humanities / Social Science | English, Hindi, Sociology, Geography, Psychology, Political Science, Economics, History, Chhattisgarhi Social Work |
| Faculty of Business Administration / Commerce/ Management / Finance | Commerce, Management (Finance, Marketing, Human Resource Management (HRM), Operations Management, Information Technology (IT) Management, International Business, Healthcare and Hospital Management, Hospitality and Tourism Management, Agribusiness Management, Retail Management, Banking and Financial Services, Insurance Management, Business Analytics, Digital Marketing, Entrepreneurship, Supply Chain and Logistics Management, Project Management, Production and Operations Management, Pharmaceutical Management, Aviation Management, Media and Communication Management, Sports Management, Fashion Management, Rural Management, Public Policy and Government Management, Infrastructure Management, Energy and Environment Management, Logistics and Shipping Management, Artificial Intelligence and Data Science Management, FinTech Management) |
| Faculty of Library Science | Library and Information Science |
| Faculty of Law | Law |
| Education/ Teacher Training | Education |

The Last Date for Ph.D. Admission is one month from the Date of Notification

Scan for Registration

Contact Details
Shri Davara University
Davara Educational Campus, NH 30, Atal Nagar-Nava Raipur, Raipur, (C.G.)
Call : +91 7000209030, +91 9203404674
Email : phd.cell@sdu.ac.in, info@davarauniversity.in
Web : www.sdu.ac.in

REGISTRAR











Terms & Conditions apply. *Loan approval is at the sole discretion of the financier and may require additional documentation. *Interest rate, loan amount, down payment, tenure, and EMI are subject to the applicant's credit profile. *Certain scheme benefits cannot be combined. *Offers/features may be modified or withdrawn without prior notice. *All offers valid till 30th June 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000–₹10000) on all HMSI models. #Applicable on HDFC Bank Credit Card EMI transactions (Minimum Transaction: ₹20000; Tenure: 6 to 24 months). #Valid only on transactions processed through Pine Labs machines. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #Instant Cashback offer valid till 30th June 2026. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

For dealer details scan the QR Code

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** RAIPUR: A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 9755887766; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; AARANG: V Shree Honda - 9993908971; ABHANPUR: Patel Honda - 9009328660; BAGBHARA: Sri Sai Honda - 7697767777; BALODA BAZAR: Kiran Honda - 7049518181; BASNA: Laxmi Honda - 9174137571; BEERGAON: Vishwanath Honda - 9300133077; BEMETARA: Sri Rama Honda - 8827050000; BHAKARA: Nitesh Honda - 9907975628; BHATAPARA: Kiran Honda - 9111353292; BHATGAON: Kiran Honda 9753264986; BHILAI: Aan Honda (Nehru Nagar) - 8518020999; Aan Honda (Powerhouse) - 8518020777; BIJAPUR: Ansh Honda - 9424299203; CHARODA: Rahul Honda - 9827193194; CHARAMA: Neeraj Honda - 9425230052; CHUIKHADAN: Shri Radhey Honda - 9691692500; DALLIRAJHARA: Shri Subh Honda - 9406082344; Shri Subh Honda (Balod) - 9425564232; DHAMTARI: ShriShyam Honda - 9827900750; DHARSIVA: R S.Honda - 9669880000; DONGARGARH: Gagan Honda - 9425560030; DURG: Shree Sairam Honda - 8458882333; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; Tanay Honda (Jamul) - 9201837830; Umang Honda (Kumhari) - 8817327307; FINGESHWAR: Bangani Honda - 9425402966; GIDHORI: Subhkamana Auto - 9575569608; GUNDERDEHI: Sapan Honda - 7354340000; GURUR: Baba Honda - 9827936712; Shri Ji Honda - 7000167266; JAGDALPUR: Waheguru Honda - 8435090005; KONDAGAON: Danteshwari Honda - 9294566660; KANKER: Shivnath Honda - 7970005301; KASDOL: Laxmi Honda - 8871233553; NARAYANPUR: Shri Ji Honda - 9406341563; SUKMA: Akash Honda - 9424287457; PHARASGAON: Shri Deo Honda - 9993861735; LAWAN: Kiran Honda 8889415022; SANDI: Kiran Honda 9039006981; LIMTARA: Mahalaxmi Honda - 7047015877; SARSIWA: Pratham Honda - 8770799808; SIMGA: Shiv Honda - 8319973368; SUHELA: Rajju Honda - 8819986810; KESHKAL: Chattishgarh Honda - 9993293467; KHAIRAGARH: Akshat Honda - 9406534734; KURUD: Shri Shyam Honda - 07705223590; MAGALOAD: Dewangan Honda - 9098136447; MAHASAMUND: Sri Aryan Honda - 8120070000; NAGRI: Nahta Honda - 9424211105; NAWAGARH: Raja Honda - 9826067896; PALARI: Shri Ram Honda - 9669537645; PAKHANJUR: Disha Honda - 6261666932; PANDUKA (GARIABAND): Shresth Honda - 8109902966; RAJIM: Gulab Honda - 8839708788; RAJNANDGAON: Anshdeep Honda - 9425559359; Manraj Honda - 8435999991; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; SEJBAHAR: R.S Honda - 9754123000; KHARORA: B.K Honda - 9867224777; TILDA: Agrawal Honda - 9424200104; UTAI: Ganpati Honda - 09926083389; SARAIPALI: Pukraj Honda - 8889798000.

For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

## चिंतन

# युद्ध से नहीं, कूटनीति से ही सुलझते हैं विवाद

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव केवल दो देशों का द्विपक्षीय विवाद नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन चुका है। दोनों देशों के अड़ियल रुख और लगातार हो रहे सैन्य हमलों ने वैश्विक शांति, आर्थिक स्थिरता और मानव सुरक्षा पर गंभीर खतरा पैदा कर दिया है और पूरी दुनिया को संकट में डाल दिया है। सबसे अधिक दुखद पहलू यह है कि किसी भी युद्ध की तरह इस संघर्ष का सबसे बड़ा खामियाजा आम और निर्दोष नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। पिछले दो दिनों में भारतीय क्रू वाले तीन जहाजों पर हमले हुए हैं। तीन भारतीयों की मौत हो चुकी है। अब अमेरिका ने भारतीय टैंकर जलवीर पर भी हमला कर दिया है। यह सब ऐसे समय में हो रहा है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था ढहने के कगार पर है। अमेरिका-ईरान समेत सभी देशों में महंगाई तेजी से बढ़ रही है। सप्लाई चेन बाधित होने का खतरा मंडरा रहा है। पेट्रोल-डीजल और गैस के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हालात नहीं बदले तो जल्द ही जरूरी चीजों की कमी भी हो सकती है। ऐसे में अमेरिका-ईरान को समझना होगा कि वे लंबे समय तक युद्ध जारी नहीं रख सकते। युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। इतिहास गवाह है कि अंततः हर बड़े संघर्ष का समाधान बातचीत और कूटनीति के माध्यम से ही निकला है। अमेरिका और ईरान दोनों को यह स्वीकार करना होगा कि लंबे समय तक सैन्य टकराव जारी रखना न तो उनके हित में है और न ही वैश्विक समुदाय के हित में। इसलिए दोनों पक्षों को वार्ता की मेज पर लौटने की दिशा में गंभीर पहल करनी चाहिए। क्योंकि सभी समस्याओं का हल युद्ध से नहीं, कूटनीति से ही निकलता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगातार हमलों की धमकी देना और फिर ईरान द्वारा पलटवार करना स्थिति को और पेचिदा बना रहा है। ट्रंप लाख दावा करें कि उन्होंने ईरान को इतना कमजोर कर दिया है कि वो सरेंडर कर देगा, लेकिन यह हकीकत नहीं है। अमेरिका के हर हमले का ईरान ने तगड़ा जवाब दिया है। हालांकि इन हमलों की कीमत खाड़ी के देशों को चुकानी पड़ रही है। चूंकि इन देशों में अमेरिका के बेस हैं। इसी वजह से ईरान उन देशों को निशाना बना रहा है। ऐसे में अब खाड़ी देशों को भी अपनी सुरक्षा नीति बदलनी होगी और अमेरिका पर निर्भरता घटाकर अपनी सेनाओं को मजबूत करना होगा। इन देशों ने अमेरिका की सेना को लौटा दिया तो यह अमेरिका के लिए और शर्मनाक बात होगी। बेहतर हो कि एक बार फिर शांति की पहल हो और इस मामले का समाधान भी वार्ता के जरिये किया जाए। दोनों ही पक्षों को संयम दिखाने की जरूरत है, तभी इस मुद्दे का समाधान हो पाएगा। वर्तमान परिस्थितियों में सबसे बड़ी आवश्यकता संयम, संवाद और शांति की है। युद्ध केवल विनाश, अस्थिरता और मानवीय त्रासदी को जन्म देता है, जबकि कूटनीति स्थायी समाधान का मार्ग प्रशस्त करती है। अमेरिका और ईरान सहित सभी संबंधित पक्षों को यह समझना होगा कि वैश्विक शांति और आर्थिक स्थिरता किसी भी सैन्य विजय से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इसलिए समय की मांग है कि दोनों देश टकराव की राह छोड़कर वार्ता का रास्ता अपनाएं। यह न केवल उनके लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए सबसे बेहतर और जिम्मेदार विकल्प होगा।



केंद्र के 12 वर्ष
डॉ. सतीश पूनियां

# नए और सशक्त भारत का उदय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले बारह वर्षों में भारत ने एक विकसित, आत्मविश्वास से लबरेज और दुनिया की आंखों में आंखें डालकर बात करने वाले मजबूत राष्ट्र के रूप में पहचान कायम की है। भारत के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान की गाथाएं दुनिया की जुबान पर हैं। अब वह दौर नहीं रहा, जब आतंक फैलाने वाले मुल्क को देश में आतंकी घटनाओं में उसकी स्पष्ट संलिप्तता के बावजूद दंडित करने के स्थान पर उसको डोजियर सौंपा जाए। अब सीधी और स्पष्ट कार्रवाई होती है। यह सब संभव हुआ है एक कुशल, विजनरी और राष्ट्र प्रथम की भावना वाले नेतृत्व के कारण।

मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार यह जानती थी कि दुनिया के सामने खड़ा होना है तो हमें पहले आर्थिक ताकत बनना होगा। भारतीय नागरिकों को आर्थिक और सामाजिक तौर पर सशक्त करना होगा। पिछले बारह वर्षों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था और देश के नागरिकों को सशक्त करने का काम किया है। इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्तमान में जब पूरी दुनिया मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध की आग से झुलस रही है, उस दौर में भी भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7 की उत्साहजनक वार्षिक वृद्धि दर से आगे बढ़ रही है। ये आंकड़े ही साफ संकेत देते हैं कि देश के नागरिकों और दुनिया के निवेशकों का भरोसा मोदी सरकार पर लगातार बना हुआ है। वर्ष 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास मूलमंत्र के साथ काम आरंभ किया। इसका परिणाम आज देश के हर क्षेत्र में दिखाई देता है। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने देश के सामाजिक और आर्थिक भूगोल को पूरी तरह बदल कर रख दिया है। प्रधानमंत्री जनधन योजना ने बैंकों को खुद लोगों तक पहुंचा दिया। कभी देश की आधी से अधिक आबादी औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से कटी हुई थी। मोदी सरकार ने इस खाई को पाटने के लिए मिशन मोड में काम किया और आज 58 करोड़ से अधिक जन धन खाते खोले जा चुके हैं। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं को एक विजन दिया।

उन्होंने युवाओं से रोजगार मांगने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से उनको सपनों को पंख दिए। उनके भीतर आत्मविश्वास पैदा किया। आज गांवों-शहरों में मुद्रा योजना के माध्यम से लाखों की संख्या में युवक स्वरोजगार के माध्यम से हजारों हाथों को काम दे रहे हैं। आंकड़े खुद इस योजना की सफलता की गवाही देते हैं। योजना की शुरुआत से लेकर अब तक 57 करोड़ से अधिक मुद्रा ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। 40 लाख करोड़ से अधिक की राशि सीधे छोटे उद्यमियों के हाथों में सौंपी गई है। इसमें लगभग 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं और समाज के पिछड़े तबके से हैं। महंगी दवाओं और ईलाज को आसान बनाते हुए मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा को किफायती बना दिया गया है। देशभर में खुले हज़ारों जन औषधि केंद्रों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं बाज़ार मूल्य से पचास से नब्बे प्रतिशत तक कम



कीमत पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में कनेक्टिविटी पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मोदी सरकार ने पिछले बारह वर्षों में 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' की गति और कवरेज में क्रांतिकारी बदलाव किया है। इन वर्षों में ग्रामीण कनेक्टिविटी को अभूतपूर्व गति देते हुए सात लाख किलोमीटर से अधिक लंबी ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है। इसका असर यह हुआ है कि इन बारहमासी सड़कों ने न केवल किसानों की फसलों को मंडियों तक आसानी से पहुंचाया है, बल्कि ग्रामीण अंचलों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को भी सुलभ किया है। जल जीवन मिशन के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कार्य किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से 'जल जीवन मिशन' की घोषणा की और इसे एक जन-आंदोलन बना दिया। ग्रामीण इलाकों में पाइप से पानी का दायरा आज बढ़कर पंद्रह करोड़ से अधिक घरों तक पहुंच चुका है। इस योजना ने ग्रामीण भारत, विशेषकर महिलाओं को पानी से होने वाली गंभीर बीमारियों से मुक्ति दी है। यह योजना 'ईज ऑफ लिविंग' का एक बेहतरीन उदाहरण है। कोविड महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया थम गई थी। लोगों के सामने भूखो मरने की नौबत आ गई थी, उस दौर में मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया कि देश का कोई भी गरीब परिवार भूखा न सोए। सौभाग्य से उस वक्त राजस्थान प्रदेश का भाजपा अध्यक्ष होने के नाते हमने प्रधानमंत्रीजी के निर्देशन में प्रदेश में यह सुनिश्चित किया कि पार्टी की तरफ से लोगों तक अधिक से अधिक सहायता पहुंचायी जाए। 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के तहत मुफ्त राशन की यह व्यवस्था आज भी अनवरत जारी है। देश के 81 करोड़ से अधिक नागरिकों को हर महीने मुफ्त खाद्यान्न प्रदान किया जा रहा है। हर सिर पर छत के मिशन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से अब तक चार करोड़ से अधिक पक्के घरों का निर्माण किया गया और उन्हें गरीब और बेघर परिवारों को सौंपा जा चुका है। हाल ही में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए योजना के अगले चरण को भी मंजूरी दे दी गई है। इसी तरह 'डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर' के माध्यम से विभिन्न केंद्रीय योजनाओं का 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक का फंड सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया। यह पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का सबसे बड़ा प्रमाण है।

मोदी सरकार की कल्याणकारी नीतियों ने भारत से गरीबी उन्मूलन के कार्य को एक अभूतपूर्व गति दी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, आवास और स्वच्छता के मोर्चे पर चौतरफा सुधार के कारण पिछले एक दशक में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी के जाल से बाहर आए हैं। 2014 से पहले स्वच्छता भारत की प्राथमिकताओं में कहीं पीछे छूट गई थी, लेकिन जब लाल किले से प्रधानमंत्री ने 'स्वच्छ भारत मिशन' का आह्वान किया, देशभर में रिकॉर्ड समय के भीतर 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया। इससे ग्रामीण स्वच्छता का दायरा 2014 के 39 प्रतिशत से बढ़कर अब शत-प्रतिशत हो चुका है। यह केवल एक स्वच्छता अभियान नहीं था, बल्कि यह देश की करोड़ों महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और स्वास्थ्य से जुड़ा एक ऐतिहासिक सामाजिक सुधार आंदोलन था। देश के श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए मोदी सरकार ने 'ई-श्रम' पोर्टल और विभिन्न पेंशन तथा बीमा योजनाओं के माध्यम से उनको संरक्षण देने की पहल की। आज देश के 31 करोड़ से अधिक असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा के दायरे में शामिल हो चुके हैं। आज का भारत एक आत्मविश्वास से भरा हुआ भारत है, जो अपनी कमियों को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक पटल पर एक महाशक्ति बनने की ओर कदम बढ़ा चुका है।

( लेखक वरिष्ठ भाजपा नेता तथा हरियाणा भाजपा प्रदेश प्रभारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले बारह वर्षों में भारत ने एक विकसित, आत्मविश्वास से लबरेज और दुनिया की आंखों में आंखें डालकर बात करने वाले मजबूत राष्ट्र के रूप में पहचान कायम की है। भारत के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान की गाथाएं दुनिया की जुबान पर हैं। अब वह दौर नहीं रहा, जब आतंक फैलाने वाले मुल्क को देश में आतंकी घटनाओं में उसकी स्पष्ट संलिप्तता के बावजूद दंडित करने के स्थान पर उसको डोजियर सौंपा जाए। अब सीधी और स्पष्ट कार्रवाई होती है। यह सब संभव हुआ है एक कुशल, विजनरी और राष्ट्र प्रथम की भावना वाले नेतृत्व के कारण। आज का भारत एक आत्मविश्वास से भरा हुआ भारत है, जो वैश्विक पटल पर महाशक्ति बनने की ओर कदम बढ़ा चुका है।

बालश्रम निषेध दिवस
रोहित कौशिक



# प्रगतिशील दौर के बावजूद बचपन पर मंडराता खतरा


यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि इस प्रगतिशील दौर में भी बाल श्रम रुक नहीं रहा है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में दस श्रमिकों में से एक श्रमिक बच्चा है। बाल श्रम के विरोध में बने विभिन्न कानूनों के अतिरिक्त 2009 में बने 'शिक्षा का अधिकार' कानून के तहत भी बाल श्रम को बढ़ावा देने वाले लोगों को दंड का प्रावधान है। 'शिक्षा का अधिकार' कानून के तहत बच्चों को अपनी शिक्षा पूर्ण करने का अधिकार दिया गया है ताकि वे बाल श्रम से दूर रहकर अपनी इच्छानुसार भविष्य चुन सकें। इसके बावजूद ग्रामीण और शहरी इलाकों में बालश्रम को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। अनेक जगहों पर अभी भी छोटी बच्चियों को घर के काम के लिए रखा जाता है तो छोटे बच्चों से दुकानों, खेतों और अन्य स्थानों पर काम कराया जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार पूरे विश्व में 152 मिलियन बच्चे बाल श्रमिक के रूप में काम कर रहे हैं, जिनमें से 7.3 फीसदी बच्चे भारत में बाल श्रमिक के रूप में कार्यरत हैं। विडम्बना यह है कि कोरोना काल ने बाल श्रमिकों को एक बड़े खतरे में डाल दिया है। बाल श्रम के कारण आज अनेक बच्चे कुपोषण और विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे हैं। अक्सर हम बाल श्रम का अर्थ बहुत ही सीमित सन्दर्भों में लगाते हैं। अगर बच्चों के दिमाग पर किसी भी रूप में कोई दुष्प्रभाव पड़ रहा है और उनके दिमाग को परम्परागत श्रम से अलग श्रम करना पड़ रहा है तो वह भी एक तरह का बाल श्रम ही है। दुःखद यह है कि हम इस परम्परागत बाल श्रम पर तो ध्यान देते हैं, लेकिन अपरम्परागत बाल श्रम पर ध्यान नहीं देते हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया था कि टीवी पर दिखाई जाने वाली हिंसा से बच्चों के दिलो दिमाग पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

आज अनेक ऐसे बच्चे हैं जो भूत और किसी अन्य भटकती आत्मा के भय से प्रताड़ना की जिंदगी जी रहे हैं। सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च ने बच्चों पर मीडिया के कुप्रभाव का व्यापक सर्वेक्षण कराया था। पांच शहरों में कराए गए इस सर्वेक्षण से यह निष्कर्ष सामने आया था कि हिंसा और भय वाले कार्यक्रमों के कारण बच्चों पर गहरा भावनात्मक असर पड़ता है जो आगे चलकर उनके भविष्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। विडम्बना यह है कि अब जलवायु परिवर्तन भी बच्चों को अपना शिकार बना रहा है। पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के 2.3 अरब बच्चों में से लगभग 69 करोड़ बच्चे जलवायु परिवर्तन के सबसे अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में रहते हैं, जिसके चलते उन्हें उच्च मृत्यु दर ,गरीबी और बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 53 करोड़ बच्चे बाढ़ और उष्णकटिबंधीय तूफानों से सर्वाधिक प्रभावित देशों में रहते हैं। गौरतलब है कि इनमें से ज्यादातर देश एशिया में हैं। करीब 16 करोड़ बच्चे सूखे से गम्भीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में पल-बढ़ रहे हैं। इन क्षेत्रों में से ज्यादातर अफ्रीका में हैं। अब ज्यादा या कम वजन होने का अर्थ भी कुपोषण ही है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में करीब 70 करोड़ बच्चे कुपोषण की चपेट में हैं। यह जरूर है कि वैश्विक स्तर पर कुपोषित बच्चों की संख्या में पहले की अपेक्षा कमी आई है लेकिन लैंसेट की एक रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन के कारण भविष्य में कुपोषण की स्थिति और खतरनाक होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। बीमारी के साथ-साथ ऐसे अनेक कारण हैं जिनके कारण बीमार बच्चों का समय से ठीक होना सम्भव नहीं हो पाता। कई बार ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं भी ठीक ढंग से उपलब्ध नहीं हो पाती हैं।

पिछड़े इलाकों में स्वच्छ पेयजल और साफ-सफाई का भी अभाव रहता है। जलवायु परिवर्तन इन्हीं सब कारकों को बढ़ाकर बच्चों के लिए अनेक समस्याएं पैदा करता है। आज की महानगरीय जीवन शैली में माता और पिता दोनों ही अपने-अपने कामों में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में भी बच्चों की उचित एवं सम्पूर्ण देखभाल प्रभावित होती है। नौकर एवं किड गार्डन कुछ समय तक तो बच्चों की देखभाल कर सकते हैं, लेकिन समस्या तब आती है जब अत्यधिक व्यस्तता के कारण माता-पिता बच्चों को मात्र इस व्यवस्था के सहारे ही छोड़ देते हैं। ऐसे में बच्चों को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। बच्चों के लालन पोषण के लिए मात्र सुख सुविधाओं की ही आवश्यकता नहीं होती है बल्कि सबसे अधिक आवश्यकता होती है उस स्नेह की जो सच्चे अर्थों में उनके अन्दर एक विश्वास पैदा करता है। बहरहाल, आज जरूरत इस बात की है हम बाल श्रम के अर्थ को व्यापक रूप से ग्रहण करें। इस प्रगतिशील दौर में हम बाल श्रम का पुराना अर्थ ही ग्रहण कर रहे हैं। बाल श्रम के विभिन्न स्वरूपों पर बात करके ही हम सच्चे अर्थों में बचपन बचा सकते है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मृत्युंजय मंत्र यानी मृत्यु पर विजय का मंत्र



संकलित
दर्शन

शिव का मृत्युंजय मंत्र वैदिक परंपरा में सबसे प्रतिष्ठित मंत्रों में से एक है। मृत्युंजय का अर्थ है मृत्यु पर विजय। आत्मा की कोई मृत्यु नहीं है। यह एक शरीर से दूसरे शरीर में जाती है। मृत्युंजय का अर्थ है क्षणभंगुर पर मन की विजय और शाश्वत की ओर बढ़ना। जब मन को यह एहसास होता है कि मैं शाश्वत हूं। मुझमें कुछ ऐसा है जो बदल नहीं रहा है। फिर कोई भय नहीं रहता। भय मृत्यु के लक्षणों में से एक है। जब आप भय पर विजय प्राप्त करेंगे, तब नाशवान के साथ पहचान की लघु मानसिकता पर विजय प्राप्त कर लेंगे और अविनाशी की ओर बढ़ेंगे। हम इन दोनों का मिश्रण हैं। हमारी आत्मा अविनाशी है और शरीर नाशवान है। अक्सर हमारा मन नाशवान से जुड़ा होता है और उसे लगता है कि वह मर रहा है। मृत्युंजय मंत्र हमारे मन को सीमित पहचान से असीमित पहचान की ओर ले जाता है। इसमें एक प्रार्थना है- शिव मुझे सबल बनाएं। उन्हें मुझे दृढ़ बनाने दो, वह मुझे बंधन से मुक्ति दिलाएं। आमतौर पर लोग पूछते हैं कि जीवन का उद्देश्य क्या है? सृजन का उद्देश्य क्या है? यह ब्रह्मांड किसी स्थान पर जाने की यात्रा नहीं है। सृष्टि का कोई उद्देश्य नहीं है। यह मात्र चेतना का एक खेल और प्रदर्शन है। जैसे नर्तक और नृत्य अलग नहीं हो सकते, वैसे ही सृष्टि और रचयिता दो अलग वस्तुएं नहीं हैं। इस सत्य को नटराज (शिव के रूपों में से एक) के रूप में दर्शाया गया था। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है।

## कर्म महत्वपूर्ण है



संकलित
प्रेरणा

एक निक्कमे आदमी की पत्नी ने उसे घर से निकलते हुए कहा आज कुछ न कुछ कमा कर ही लौटना नहीं तो घर में नहीं घुसने दूगीं। आदमी दिन भर इधर-उधर भटकता रहा, लेकिन उसे कुछ काम नहीं मिला। निराश मन से वह जा रहा था कि उसकी नजर एक मरे हुए सांप पर पड़ी। उसने एक लाठी पर सांप को लटकाया और घर की ओर जाते हुए सोचने लगा, इसे देखकर पत्नी डर जाएगी और आगे से काम पर जाने के लिए नहीं कहेगीं। घर जाकर उसने सांप को पत्नी को दिखाते हुए कहा, ये कमाकर लाया हूँ। पत्नी ने लाठी को पकड़ा और सांप को घर की छत पर फेंक दिया। वह सोचने लगी कि मेरे पति की पहली कमाई जो कि एक मरे हुए सांप के रूप में मिली, ईश्वर जरुर इसका फल हमें देगें क्योंकि मैंने सुना हैं कि कर्म का महत्व होता हैं। वह कभी व्यर्थ नहीं जाता। तभी एक बाज उधर से उड़ते हुए निकला जिसने चोंच में एक कीमती हार दबा रखा था। बाज की नजर छत पर पड़े हुए सांप पर पड़ी उसने हार को वहीं छोड़ा और सांप को लेकर उड़ गया। पत्नी ने हार को पति को दिखाते हुए सारी बात बताई। पति अब कर्म के महत्व को समझ चुका था, उसने हार को बेचकर अपना व्यवसाय शुरू किया। कल का एक गरीब इन्सान आज का सफल व्यवसायी बनकर इज्जत की जिंदगी जी रहा हैं। चलने वाला मंजिल पाता, बैठा पीछे रहता हैं, ठहरा पानी सड़ने लगता, बहता निर्मल रहता हैं। पैर मिले हैं चलने को तो, पांव पसारे मत बैठो, आगे-आगे चलना हैं तो, हिम्मत हारे मत बैठो।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**तिलहन उत्पादन बढ़ाने पर हो अमल**

प्रधानमंत्री ने भारतवासियों को खाने वाले तेल की मात्रा खाने में कम करने की अपील की है, क्योंकि इसका ज्यादा प्रयोग हमारे देश के धन को दूसरे देशों में भेजने में मदद करता है, हमारे देश में लगभग 60 प्रतिशत के करीब विदेशों से आता है, इनमें मुख्यतः ब्राजील, इंडोनेशिया आदि देश है। इसलिए सरकार ने अब देश में तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष योजनाओं को अमल में लाने पर काम शुरू कर दिया है। लेकिन सवाल तो यह है कि आज तक इसके बारे मे क्यों गंभीरता नहीं दिखाई गई? यह तभी कामयाब होगा जब कृषि विभाग, किसान इसे कामयाब करने के लिए गंभीरता दिखाएंगे, तो देश में किसी भी खाने वाले तेल के दाम आसमान न छू पाएं और इनका ज्यादा से ज्यादा निर्यात करें, जिससे भारत की आर्थिक स्थिति पर भी सकारात्मक असर पड़े और किसानों की आय भी बढ़े। – *संदीप शुक्ला, धमतरी*

## करंट अफेयर

# यह युद्ध का युग नहीं है विदेश मंत्री जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जारी संघर्षों के बीच 'संवाद और कूटनीति' को ही एकमात्र समाधान बताया और भारत के इस रुख को दोहराया कि 'यह युद्ध का युग नहीं है।' जयशंकर ने बुधवार को अपनी बुल्गारियाई समकक्ष वेलिस्लावा पेट्रोवा-चमोवा के साथ बैठक के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा ''दुनिया इस समय अत्यंत अस्थिर और अनिश्चित दौर से गुजर रही है। कई बड़े संघर्ष जारी हैं, आर्थिक सुरक्षा को लेकर चिंताएं हैं, महामारी का हालिया अनुभव है और आतंकवाद का खतरा बार-बार सामने आ रहा है।' जयशंकर ने कहा, ''इन सभी मुद्दों पर भारत का स्पष्ट दृष्टिकोण है। हमारा मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं है। इन संघर्षों का एकमात्र समाधान संवाद और कूटनीति है।' उन्होंने कहा कि 'ग्लोबल साउथ' की आवाज के रूप में भारत ने ऊर्जा, खाद्य और उर्वरक सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को लगातार उठाया है। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। विदेश मंत्री ने कहा, जहां तक आर्थिक जोखिमों का सवाल है, उसका समाधान आपूर्ति शृंखला की मजबूती तथा उसके और अधिक विविधीकरण में है।



## ऑफ बीट

# भोजन और दवाएं बदल सकती हैं त्वचा का रंग

जब हांगकांग में 84 वर्षीय एक व्यक्ति बढ़े हुए प्रोस्टेट के साथ अस्पताल गया, तो डॉक्टर यह देखकर चौंक गए कि उसकी त्वचा – और यहाँ तक कि उसकी आँखों का सफेद भाग भी धूसर रंग का हो गया था। ये मामले आर्गिरिया नामक स्थिति के उदाहरणों को दर्शाते हैं, जिसमें शरीर में चांदी के कण जमा हो जाते हैं। चांदी कभी अपने रोगाणुरोधी गुणों के कारण चिकित्सा उपचारों में मुख्य आधार थी। लेकिन आधुनिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन या अवशोषण से व्यक्ति की त्वचा में ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जो शायद ही कभी फीके पड़ते हैं। आर्गिरिया में, चांदी के आयन रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रसारित होते हैं और त्वचा की ऊपरी सतह डर्मिस में समा जाते हैं। डर्मिस सतह के नीचे की एक परत है जहां शरीर उन्हें आसानी से साफ नहीं कर सकता है। यह वह परत है जिसमें टैटू पिगमेंट रहते हैं। इसी तरह की एक दुर्लभ घटना क्रिसियासिस है, जिसमें सोने का त्वचा में जमाव होता है। अतीत में पहले कभी सूजन संबंधी विकारों के लिए सोने पर आधारित उपचार किए जाते थे। कुछ मामलों में, इन उपचारों के बाद रोगियों में एक विशिष्ट भूरा या भूरा-बैंगनी रंग का विरंजन विकसित हुआ, जो आर्गिरिया की तरह, आसानी से ठीक नहीं किया जा सकता था।



## ट्रेंड

### विनम्र श्रद्धांजलि



'काकोरी ट्रेन एक्शन' के महानायक और स्वतंत्रता संग्राम के अमर क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। मातृभूमि के प्रति आपका अद्वितीय समर्पण सभी को राष्ट्र सेवा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।
- **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उप्र

### भारत की संप्रभुता




मोदी ने भारत की संप्रभुता, सम्मान और नागरिकों की जान पूरी तरह से ट्रंप के हवाले कर दी है। भारत को एक मजबूत प्रधानमंत्री की जरूरत है। ट्रंप को हमारे देश और हमारे लोगों के साथ अपनी मर्जी से कुछ भी करने की इजाजत नहीं दी जा सकती।
-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### लाठीचार्ज बेहद शर्मनाक



राजस्थान में बिगड़ती स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिशनराम और शहरी कांग्रेस जिला अध्यक्ष मदन गोपाल के नेतृत्व में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज बेहद शर्मनाक और निंदनीय है।
-**अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

### गंभीर चुनौतियां



आज देश महंगाई, बेरोज़गारी, परीक्षा में धांधली और सामाजिक असमानता जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। पेपर लीक की घटनाओं और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विवादों ने लाखों युवाओं और उनके परिवारों का भरोसा डगमगा दिया है।
-**मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# 15 साल लीप के कारण छोड़ा शो

स्टार प्लस के टॉप सीरियल अनुपमा में अनुपमा की सौतन काव्या का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मदालसा चक्रवर्ती ने अपने फिल्मी कॅरियर के साथ-साथ शो छोड़ने का कारण बताया। अनुपमा शो छोड़ते वक्त मुझे बिल्कुल भी डर नहीं लग , क्योंकि हम लाइफ में आगे बढ़ते हैं और 4 साल काम करना एक लंबा समय होता है।



**नई दिल्ली।** शो 15 साल का लीप ले रहा था, इसलिए प्रोड्यूसर राजन शाही और मैंने फैसला लिया था कि मैं यह शो नहीं करूंगी। क्योंकि, 15 साल में आपका फेस बहुत बदल जाता है। मुझे स्क्रीन पर 15 साल ज्यादा ओल्डर नहीं दिखना था। यह तो एक गर्व की बात है कि आप ऐसे शो का हिस्सा रही हैं जो दर्शकों को बहुत पसंद आया है। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि मेरे पिता एक जाने माने डायरेक्टर- प्रोड्यूसर हैं। मेरी मां भी एक जाने मानी एक्ट्रेस रही हैं। मैं फिल्मी बैकग्राउंड से बिलॉन्ग करती हूं तो ऐसी कोई नई बात नहीं थी कि मैं एक अलग फील्ड से आई हूं। मेरे ससुर मिथुन चक्रवर्ती जी, मेरी सास सभी लोग फिल्म इंडस्ट्री से हैं। मुझे नहीं लगता कि मैं कोई अलग इंडस्ट्री में हूं। आपको आपकी मेहनत से ही काम मिलता है, मुझे जो भी काम मिला है, मेरी मेहनत से मिला है। मैं इसी तरीके से आगे काम करना चाहूंगी। अगर आपको लंबी रेस का घोड़ा बनना है तो आपको अपना टैलेंट दिखाना पड़ेगा। मदालसा चक्रवर्ती (शर्मा) फिल्म के साथ-साथ टेलीविजन एक्ट्रेस हैं, उन्होंने सीरियल अनुपमा में वनराज शाह की दूसरी पत्नी और अनुपमा की सौतन काव्या शाह का किरदार निभाकर हर घर में अपनी खास जगह बनाई। मदालसा को सीरियल अनुपमा में काफी पसंद किया गया। उनकी और रूपाली गांगुली की कैट फाइट ने शो की टीआरपी को नंबर वन पर ला दिया था।

# तनु वेड्स मनु 3 की शुरू होने वाली है शूटिंग



**मुंबई।** फिल्म फ्रेंचाइजी 'तनु वेड्स मनु' का तीसरा भाग 'तनु वेड्स मनु : द नेक्स्ट चैप्टर' की शूटिंग इसी साल शुरू होने जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसी साल कंगना रनौत स्टारर हिट फ्रेंचाइजी फिल्म फ्लोर पर आ जाएगी। इस मोस्ट अवेटेड फिल्म की घोषणा इरोज इनोवेशन द्वारा हाल ही में जारी की गई नई कंटेंट लिस्ट के दौरान की गई। फिल्म का निर्देशन मिताक्षरा कुमार करेंगी, जो इससे पहले 'हीरामंडी' और 'द एम्पायर' जैसे चर्चित प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। इस फिल्म का निर्माण रुद्रक सोमा ज्योति लिमिटेड के सहयोग से किया जाएगा। 'तनु वेड्स मनु' फ्रेंचाइजी पहले ही दर्शकों के बीच अपनी अलग पहचान बना चुकी है और अब इसके नए चैप्टर को लेकर आ रही है। इरोज इनोवेशन ने अपनी नई कंटेंट स्ट्रैटिजी के तहत तीन प्रमुख पहलों की घोषणा की है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण 'इरोज ब्रम्हमांड' है, जो भारतीय पौराणिक कथाओं और लोककथाओं से प्रेरित एक नया सिनेमाई ब्रह्मांड होगा। इसके तहत नौ ओरिजिनल प्रोजेक्ट्स तैयार किए जाएंगे।


## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोटा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**ई- प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(प्रथम-आमंत्रण)**

**सिस्टम निविदा क्र. 192897/ निविदा सूचना क्र. 03/व.ले.लि. / ई-प्रोक्युरमेंट / 2026-27 दिनांक. 10.06.2026**

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **01.07.2026, 17:30** बजे तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम:- लोहराघाट व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार एवं मुख्य नहर के शेष लाईनिंग कार्य।**

**अनुमानित लागत - रू. 351.35 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)**

**( निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 के आधार पर)**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर दिनांक **17.06.2026** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोट:** (1) निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। अन्य निविदा संबंधी शर्तें विभाग के साईट **https://eproc.cgstate.gov.in** में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

(2) निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.05.2025 (संशोधित 08.08.2025) के अनुसार है।

(3) निविदाकार द्वारा अपने वित्तीय प्रस्ताव में GST छोड़कर निविदा भरा जाना है।

**कार्यपालन अभियंताजल संसाधन संभाग, कोटा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

G-262701364/3

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता
## लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण तिथि :- 09.06.2026

**:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::**

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें **http://eproc.cgstate.gov.in**
02. संबंधित संभाग - स.क्र. 01.02 पत्थलगांव, स.क्र. 03 जशपुर, स.क्र. 04,05 मनेन्द्रगढ़ एवं स.क्र. 06 रामानुजगंज संभाग
03. स.क्र. 01 से 04 'स' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार एवं स.क्र. 05,06 - 'द' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि स.क्र. 1 से 5 - 25.06.2026 एवं स.क्र. 6 - 30.06.2026

| सरल क्र. | एन.आई. टी. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 79 | जिला जशपुर के बगिया मुख्य मार्ग से राउतटोली पहुंच मार्ग लंबाई 1.20 (वास्तविक 0. 83) कि.मी. का निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 109.29 |
| 2 | 80 | जिला जशपुर विकासखण्ड कांसाबेल के खुंटीटोली बस्ती से चेटबा हाईस्कूल पहुंच मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। ((द्वितीय आमंत्रण) | 187.59 |
| 3 | 81 | जिला जशपुर के मुख्य मार्ग सिंगीबहार से रघराटोली पहुंच मार्ग लंबाई 1.12 कि.मी. का निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 154.93 |
| 4 | 82 | जिला कोरिया के डुमरबहरा से पूर्व माध्यमिक शाला भण्डारपारा तक पहुंच मार्ग लंबाई 1. 05 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य । (द्वितीय आमंत्रण) | 137.35 |
| 5 | 83 | लोक निर्माण विभाग संभाग मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्ग एवं ग्रामीण मार्ग में डब्ल्यू एम एम इम्लशन पैच रिपेयर का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 50.00 |
| 6 | 84 | लोक निर्माण विभाग संभाग रामानुजगंज के उपसंभाग कुसमी अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 15.00 |

**अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर**

G-262701371/5

## कार्यालय कलेक्टर, जिला- बस्तर, जगदलपुर
## (आदिवासी विकास शाखा)

Email:- actd.jdp@gmail.com Phone / Fax No. 07782-222520

**क्र./आ.वि./प्रयास/3243/2026-27 जगदलपुर, दिनांक 10/06/2026**

**संक्षिप्त विज्ञप्ति**

**मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय धुरगुडा जगदलपुर जिला बस्तर के कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं, 12वीं में अध्यापन एवं कोचिंग कार्य हेतु फैकल्टी की व्यवस्था के लिए पंजीकृत कोचिंग संस्थाओ से ऑनलाईन 'रूचि की अभिव्यक्ति' का आमंत्रण (वर्ष 2026-27, 2027-28 2028 - 29 एवं 2029-30)**

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयो मे अध्यापन एवं कोचिंग हेतु 'रूचि की अभिव्यक्ति' का ऑनलाईन प्रस्ताव आमंत्रित है।

| | |
|---|---|
| (i) रूचि की अभिव्यक्ति का ऑनलाईन प्रदर्शन की तिथि | 11/06/2026 सायं 11.00 बजे से |
| (ii) रूचि की अभिव्यक्ति के संबंध में PreBid Meeting | 25/06/2026, अपरान्ह 2.00 बजे |
| (iii) निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव ऑनलाईन प्रेषित करने की अंतिम तिथि | 10/07/2026, सायं 3.00 बजे |
| (iv) प्राप्त प्रस्ताव को समिति के समक्ष खोला जाना एवं तकनीकी मूल्यांकन | 13/07/2026, सायं 03.00 बजे |
| (v) रूचि की अभिव्यक्ति संबंधी अन्य कार्यवाही / जानकारी की सूचना | पृथक से दी जायेगी । |

अन्य कार्यवाही एवं तिथियों मे परिवर्तन की सूचना संबंधित प्राधिकारी / चयन समिति द्वारा पृथक से विभागीय वेबसाईट पर दी जायेगी। विस्तृत जानकारी तथा नियमावली हेतु विभागीय बेबसाईट https://bastar.gov.in तथा ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर उपरोक्तानुसार निविदा क्रं. 192905 से वांछित जानकारी / प्रपत्र का अवलोकन / डाउनलोड कर सकते है ।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित )**

**सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जगदलपुर**

G-262701379/1

## Public Works Department
## Office of The Superintanding Engineer, Pwd, Raipur Circle No.-1 Raipur. (C.G.)

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**

**(1st Call)**

**No. 8/Raipur/2026-27** **Raipur, Dated. 08.06.2026**

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work

वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सी.जी.आई. टी.) रायपुर का भवन निर्माण हेतु वास्तुविद् नियुक्त करने बाबत। (वर्ष 2026-27 का बजट मद क्र. - 1455)

Situated at Raipur

Probable cost of project Rs. 575.99 Lakh.

Minimum eligibility for participants shall be as below:-

| S. N. | Building project cost | The applicant firms, firms forming Joint venture/consortium shall be | Earnest money (In shape as per annexure I) Favor of Executive Engineer, PWD Division No.-02, |
|---|---|---|---|
| 1 | For project cost Between 01 to 10 Crore | Empanelled as architect in Class "D" & Above Class in C.G. PWD. | Raipur Rs. 3,000=00 |

**General Condition:-** All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated 30.06.2026 by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.

The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/pwdraipur & http://cgstate.gov.in/ from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG.PWD.

**Superintending Engineer Public Works Department Raipur Circle No-I Raipur**

G-262701380/3


# वीर दास होंगे बारह नंबर के निर्देशक स्टारकास्ट का किया ऐलान



**मुंबई।** एक्टर, कॉमेडियन और फिल्ममेकर वीर दास ने अपनी अगली डायरेक्टोरियल फिल्म 'बारह नंबर' का ऐलान किया है। इस फिल्म में शीबा चड्ढा, अरुणोदय सिंह, एहसास चन्ना और अतुल कुलकर्णी जैसे कलाकार होंगे। यह साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म है। दास ने इस साल की शुरुआत में स्पाई कॉमेडी फिल्म 'हैप्पी पटेल: खतरनाक जासूस' से बतौर डायरेक्टर डेब्यू किया था। 'बारह नंबर' के लिए वीर दास एक बार फिर 'हैप्पी पटेल' के को-डायरेक्टर कवि शास्त्री के साथ काम करेंगे। इस फिल्म से वह क्रिएटिव प्रोड्यूसर के तौर पर जुड़ेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दास भी फिल्म में बतौर एक्टर काम करेंगे। इसमें निहारिका लायरा दत्त, श्रिया पिलगांवकर, सुहैल नय्यर, पूजा स्वरूप और नवीन कौशिक भी शामिल हैं। वीर दास ने बताया 'इस प्रोजेक्ट की सबसे रोमांचक बात यह है कि इसमें ऐसे कलाकार साथ आए हैं, जिनकी मैं तारीफ करता हूं। शीबा, अतुल, अरुणोदय, श्रिया, एहसास, निहारिका, सुहैल और नवीन, हर कोई फिल्म में एक अलग ऊर्जा और असलियत लेकर आता है।' उन्होंने आगे कहा 'हॉरर फिल्म तब अच्छी लगती है जब दर्शकों को हर पल असली लगे और इस कलाकारों की टीम ने कहानी को उस स्तर से कहीं आगे पहुंचा दिया है, जो मैंने इसे लिखना शुरू करते समय सोचा था।' देली बेली, गो गोवा गॉन जैसी फिल्मों और कॉल मी बे जैसी सीरीज में काम करने के लिए मशहूर वीर दास, अपने बैनर जजू प्रोडक्शंस के जरिए 'बारह नंबर' को प्रोड्यूस करेंगे।

# वेलकम टू द जंगल में हंसी का धमाल



मुंबई। कॉमेडी और एक्शन वाली 'वेलकम' फ्रेंचाइजी की फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का ट्रेलर 11 जून को रिलीज हो चुका है। फिल्म रिलीज से 15 दिन पहले आए इस ट्रेलर ने आते ही तहलका मचा दिया है जिसमें एक्शन, कॉमेडी, रोमांस, ड्रामा और सस्पेंस सब कुछ ठूंस-ठूंस कर भरा दिख रहा है। जैसी उम्मीद थी कि 'वेलकम' सीरीज की ये फिल्म हंसी और रोमांच का डबल डोज देने वाली है, ट्रेलर इसपर पूरी तरह से फिट नजर आ रहा है। कहीं-कहीं ट्रेलर की झलकियां देख अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी के बीच 'हेरा फेरी' वाली नोंकझोंक भी याद दिलाती नजर आ रही है। कि'वेलकम टू द जंगल' इसी महीने के अंत में 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। वेलकम टू द जंगल' का ट्रेलर लांच के लिए वीआरएफ स्टूडियो की तरफ से भव्य इवेंट लॉन्च किया गया। जहां सितारों की इस बड़ी टोली की मौज-मस्ती भी खूब दिखी है। ट्रेलर में अफरा-तफरी और नॉन-स्टॉप एंटरटेनमेंट के साथ फुल-फैमिली एंटरटेनमेंट भी है। करीब 4 मिनट 10 सेकंड के इस ट्रेलर में कॉमेडी, रोमांच, मस्ती , ड्रामा जैसी चीजें दर्शकों को गुदगुदाने के लिए काफी हैं।

# मौनी और जिमी का नया गाना पड़ोसन रिलीज, लिरिक्स पर जमकर बखेड़ा



**मुंबई।** डेविड धवन की कई स्टार्स वाली रोमांटिक कॉमेडी 'है जवानी तो इश्क होना है' बॉक्स ऑफिस पर अपने पहले अहम हफ्ते के दिनों में भी लोगों का ध्यान खींच रही है। वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े स्टारर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग वीकेंड में शानदार 24 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है, लेकिन ये अब सुस्त होती जा रही है। वहीं, फिल्म के गाने भी धीरे-धीरे रिलीज हो रहे हैं। फिल्म का नया गाना 'पड़ोसन' रिलीज हो गया है और मौनी रॉय इसमें डांस कर रही हैं। 'है जवानी तो इश्क होना है' का नया गाना 'पड़ोसन' रिलीज हो गया है। इसमें मौनी रॉय और जिम्मी शेरगिल दिखाई दे रहे हैं और दोनों जबरदस्त डांस भी कर रहे हैं। गाने के लिरिक्स कुछ ऐसे हैं कि 'पत्नी को खिचड़ी खिलाके सुलाने में, भैया जी, लेट कभी होने ना दें और फिर सवेरे तक अपनी पड़ोसन को सोने ना दें!' गाने के कमेंट सेक्शन में एक बार फिर अश्लीलता को लेकर बातें शुरू हो गई हैं। कमेंट सेक्शन में मौनी रॉय की तो खूब तारीफ हुई है, लेकिन लिरिक्स को लेकर भद भी पिट रही है। एक ने लिखा- इन लोगों की वजह से पड़ोसन भी सेफ नहीं है। एक ने कहा- इसके अलावा कुछ रह गया है कि नहीं। मौनी रॉय का तो कमेंट सेक्शन ऐसी ही बातों से भरा हुआ है। एक ने लिखा- बस यही सुनने को बाकी रह गया है। एक यूजर ने कहा- एक असली सवाल: क्या एक्टर्स साइन करने से पहले गाने के बोल सुनते हैं, या रिलीज होने के बाद हम लोगों की तरह उन्हें भी पता चलता है? मतलब, सच में, तुम लोगों को क्या हो गया है? कुछ फैंस ने तो गुस्से में काफी कुछ बोल दिया और फिल्म इंडस्ट्री पर ही सवाल उठाया। एक ने लिखा- मौनी जिमी तो अच्छे हैं लेकिन ये गाना, कितना घटिया है।


epaper : www.haribhoomi.com

## हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking : Raipur- 6263818152 79871-19756

### Appointment आवश्यकता

#### टीचर

REQUIREMENT- Jai Public Higher Secondary English Medium School Harinagar katul-boad Durg requires teachers for, Mathematics ,Physics, Chemistry,Biology, Accountancy, Business studies, Economics, So. Science, Science English, Office clerk, contact with Resume before 16th june2026, 9301398270. (आरो न - 294)

#### सेल्समैन

आवश्यकता है- इंडियन आईल कॉर्पोरेशन लिमि. के सर्वो लुब्रिकेंट्स के वितरण कार्य हेतु ग्रेजुएट अनुभवी सेल्समैन चाहिए।अनुभव 4 से 5 वर्ष एवं डिलवरी वाहन हेतु अनुभवी ड्राइवर चाहिए। कमर्शियल व्हीकल का लाइसेंस अनिवार्य। संपर्क- 9425509393.(RO-567)

#### साउंड लाइट/प्रोजेकटर

आवश्यकता है- साउंड लाइट एवं प्रोजेक्टर स्क्रीन चलाने हेतु 10 वी 12 वी पास, सैलरी 5 अंकों में । अनुभवी भी संपर्क करें । संपर्क - यश एल ए डी टेक्नोलॉजी, कचना मैंने रोड मोबाइल - 9926791401. (RO-859)

#### सुपरवाइजर

आवश्यकता है- हमारा ट्रांसपोर्ट, दुर्ग में ट्रांसपोर्ट सुपरवाइजर की आवश्यकता है। योग्यता: ट्रांसपोर्ट कार्य का अनुभव, टीम प्रबंधन एवं वाहन संचालन की जानकारी रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता। इच्छुक उम्मीदवार संपर्क करें:- बी.मोहन, मोबाइल :- 9329021777. (आरो नं.- 10491)

#### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- औद्योगिक क्षेत्र हेतु मार्केटिंग ऑफिसर, यूनिट सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, एक्समेन, लेडीस गार्ड, कंप्यूटर ऑपरेटर योग्यता आठवीं से स्नातक वेतन 10000 से 30000 सुविधा ईपीएफ, रहने-खाने की सुविधा संपर्क:- भारती सिक्योरिटी सर्विस कैपिटल प्लाजा 411, लालपुर रायपुर 9302390554, 9343809026. (RO-031)

आवश्यकता है- रायगढ़ एवं रायपुर की फैक्ट्रियों हेतु सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर एवं फील्ड ऑफिसर की आवश्यकता है। वेतन : 15,000 - 18,000 प्रतिमाह।PF, ESIC रहने - खाने की व्यवस्था उपलब्ध 9201958117, 8109080600. (RO-855)

#### सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला, सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, पता:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड, रायपुर (संपर्क समय 10:30 से 9:00,) 9425522577, 9425522576. (RO-035)

#### शॉप/फॉर्म हाउस

आवश्यकता है- गिफ्ट शॉप मे युवक/ युवतीओं की एवं फॉर्म हाउस मे कार्य हेतु पति- पत्नी की आवश्यकता है आवास बिजली पानी गैस सुविधा वेतन योग्यतानुसार, संपर्क करें:- 9302708426, 7470602013. (RO-034)

#### टेक्नीशियन

आवश्यकता है- यूरेका फोर्ब्स (Aquaguard) : सर्विस टेक्नीशियन – 3, टेलीकॉलर – 3, फील्ड वर्कर – 3, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव – 6, दीपिका सर्विसेज - कर्मचारी कॉलोनी, कुशालपुर मोबाइल: 9826652461. (RO-857)

छोटा विज्ञापन

#### हाउसकीपिंग/सुपरवाइजर

आवश्यकता है- हाउसकीपिंग- पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने के लिए), ड्राइवर- केवल रायपुर लोकल के लिए, ऑफिस बॉय- केवल रायपुर लोकल के लिए, हाउस सुपरवाइजर, संपर्क करे- 6232022676.(आरो-460)

#### सेल्स/एक्जीकेटिव

REQUIREMENT- SALES EXECUTIVE REQUIRED For Steel Pipe Fittings Manufacturer near Mumbai Odisha & Chhattisgarh 2+ Years Industrial/B2B Sales Industries: Steel, Power, Oil & Gas, Boilers Email: kadakia.ketan1 @gmail.com(RO-861)

#### ऑपरेटर/पैकिंग कार्य

आवश्यकता है- C&F मेडिकल में अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर- 2पद, गोडाउन पेकिंग 3पद की आवश्यकता है। आवास सुविधा- करमचन्द डिस्ट्रीब्यूटर्स, टाटा शोरूम के सामने, देवपुरी, रायपुर 9827166180. (RO-415)

#### सफाईकर्मी/ड्रायवर

आवश्यकता है- दुर्ग स्थित राधा होम फर्नीचर में कर्मचारियों की भर्ती हो रही है। सफाईकर्मी, गोदाम कर्मचारी और टाटा ऐस ड्राइवर की आवश्यकता है। संपर्क: +919399786131 | ईमेल: radhahomefurniture@gmail.com मिलने का समय - 10:30 am to 1:00 pm(आरो न - 291)

#### खाना मिस्त्री

आवश्यकता है- फैक्ट्री मेस में खाना देने हेतु लड़कों, खाना बनाने मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, बर्तन धोने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा फ्री। पता- बिलासपुर 8871824812, 9993334937.(RO-41106)

#### वेल्डर/हेल्पर/फीटर

आवश्यकता है- टर्नर (लेथमेन), वेल्डर फीटर हेल्पर की आवश्यकता हैं। अतिशीघ्र संपर्क करें- श्री विश्वकर्मा मशीनरी एण्ड इंजीनियरिंग वर्क्स, बजरंग नगर, आमापारा बाजार, रायपुर, मो. 9827494002. (RO-085)

#### मेडिकल कर्मचारी

आवश्यकता है- स्टेशन रोड दुर्ग स्थित अग्रसेन भवन के सामने मेडिकल स्टोर में अनुभवी कर्मचारी की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क 9827954674.(आरो नं.- 10489)

#### ड्रायवर

आवश्यकता है- ड्राइवर, गायत्री नगर, रायपुर स्थित ऑफिसर को एक अनुभवी, नशामुक्त, ड्राइवर की। आसपास के ड्राइवर को प्राथमिकता। संपर्क करें 8349933320.(RO-553)

आवश्यकता है- अनुभवी कुशल कार ड्राइवर तेलीबांधा में एवम देवपुरी स्थित पेट्रोल पंप में नाइट ड्यूटी स्टाफ की आवश्यकता है। संपर्क- 9826111220.(RO-414)

आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 500-1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के । जुड़ने के लिए कॉल करें - 8929449955. (RO-63586)

#### दुकान कार्य

आवश्यकता है- दुकान में काम करने हेतु स्टॉफ एवं हम्माल की आवश्यकता, सैलरी 11000-13000. हम्माल की सैलरी 15000-18000.स्टेशन रोड, रायपुर। फुल टाइम अकाउंटेंट की भी आवश्यकता। 8827144922, 7987565997. (RO-212)

क्लासीफाईड

#### आया/ड्रायवर/चौकीदार

आवश्यकता है- हॉस्पिटल हेतु आयाबाई- 2, घरेलु गाड़ी व एम्बुलेंस चलाने 2 ड्राइवर, एवं चौकीदार -2 की आवश्यकता है, रहने की सुविधा संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.(RO-A)

#### अन्य

आवश्यकता है- जिलास्तरीय कंपनी में भर्ती परमानेंट बेसेस पर पद- फॉरेस्टगार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी , हेतु आवेदन कर 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां, उम्रसीमा (18 -42 ) सैलरी- 26500/- 45500/- आवेदन हेतु - मार्कशीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो , व्हाट्सएप / कॉल करे - 9129993295.(RO-081)

आवश्यकता है- लिमिटेड कंपनी को जरूरी अनपढ़ से ( 10वीं पास) लड़कों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सिक्योरिटी, सैलरी 32,500/- से 45,500/- ( रहना+खाना फ्री पक्की नौकरी) 8851499466.(RO-082)

### Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करें:- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech, (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector - 6 Bhilai 9826196515, 9826896515 (आरो -4154)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### Property प्रापर्टी

#### प्लाट

प्लॉट बेचना है - रिसाली धनोरा मातृछाया फेस 2 में 30 * 50 के तीन प्लांट बेचना है एवं आशीषनगर पश्चिम सड़क नंबर 12 में 3 बीएचके2 डुप्लेक्स बेचना है:- 9827314526, 8817348393. (आरो न - 293)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330



पिछले सप्ताह सुप्रसिद्ध बाल साहित्यकार क्षमा शर्मा ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित स्टोरी टेलिंग सेशन के दौरान एक कहानी बुनकर बच्चों को सुनाई, बच्चों ने खूब आनंद लिया। **हरिभूमि (बालभूमि)** के आग्रह पर क्षमा जी ने वो कहानी हमें लिख कर दी है। यह कहानी उस राक्षस और बच्चों की है, जो बच्चों की टॉफियां लेकर भाग जाता है। निडर बच्चे उस राक्षस से अपनी टॉफियां लेने के लिए उसका पीछा आसमान तक करते हैं। इस बीच बच्चों की मुलाकात एक बहुत प्यारी सी मछली से होती है, जो उन्हें सुरक्षा देती है। इस दरमियान बच्चों को जो मीठे-प्यारे और साहसिक अनुभव होते हैं, वे बहुत ही रोमांचक हैं। बच्चो, तुम भी इस कहानी का मजा लो।

# हिप-हिप हुर्रे...



कहानी
क्षमा शर्मा

मेरे प्यारे बच्चो, आज मैं तुम्हें जो कहानी सुनाने जा रही हूं, बहुत ही मजेदार है, तो सुनो- सोनपुर कस्बे के एक घर में अपने दो बेटों के साथ दादी रहती थीं। उनके बड़े बेटे के एक बच्ची अनाया और बेटा आरव था, छोटे बेटे के बच्चों का नाम लव और कुश था। गर्मी की छुट्टियां चल रही थीं। बच्चों की दादी और मम्मी-पापा नहीं चाहते थे, बच्चे हरदम मोबाइल और कंप्यूटर में उलझे रहें। दादी हर सुबह बच्चों के साथ मिलकर कोई न कोई ऐसा काम करतीं, जिसमें उन्हें मजा आए। एक दिन उन्होंने बच्चों से पेंटिंग करवाई। चारों में से आरव ने बंदर, शेर और जंगल बनाया, अनाया ने एक तालाब में ढेर सारे कमल खिलाए। वहां मछलियां भी तैर रही थीं। लव ने एक राक्षस बनाया, जो आसमान में उड़ा जा रहा था और कुश, उसने तो एक ऐसी दुकान बनाई, जिसमें बस रंग-बिरंगी टॉफियां भरी थीं।

अगले दिन दादी बच्चों से बोलीं कि तुम लोगों ने बहुत अच्छी पेंटिंग्स बनाई हैं, सभी को इनाम में टॉफी मिलेगी। वे टॉफी का पैकेट लेकर आईं और सामने की मेज पर रख दिया। तभी दीवार से कूदकर एक बंदर आया और टॉफी के पैकेट को लेकर ये गया और वो गया। दादी चिल्लाईं, 'ओह, ये मुआ राक्षस फिर से आ गया।'

'मगर दादी वह राक्षस कहां, वह तो बंदर था।' आरव बोला। 'तुम्हें नहीं मालूम, यह राक्षस ही है। रूप बदल-बदलकर आता है। इसे टॉफी-चॉकलेट बहुत पसंद हैं। लगता है मुझे ही इसका पीछा करके टॉफी का पैकेट वापस लाना पड़ेगा।' कहती हुईं दादी अंदर गईं और अपनी कई साड़ियां उठाकर ले आईं। उसकी एक रस्सी बनाकर उन्होंने हवा में उछाला, तो वह किसी डंडे की तरह सीधी खड़ी हो गई। बच्चे आश्चर्य से देखने लगे। फिर दादी बोलीं, 'अब मैं इस रस्सी के सहारे चढ़कर आसमान में जाती हूं। देखती हूं, राक्षस मुझसे बचकर कहां जाता है?'

यह सुनकर बच्चे चिंतित हो गए। दादी तो बूढ़ी हैं। कहीं ऊपर से गिर गईं, तो क्या होगा? आरव बोला, 'दादी आप नहीं, हम उसे ढूंढ़ने जाएंगे।'

लव ने आरव की बात का समर्थन किया, 'हां, यही ठीक रहेगा।' कुश भी साथ चलने को तैयार हो गया। अनाया कहने लगी, 'मैं भी जाना चाहती हूं, लेकिन कहीं हम गिर गए तो!'

'चल तू हमारे साथ, गिर कैसे जाएगी। हम सब रस्सी को पकड़े होंगे और तुझे भी पकड़े रहेंगे।' आरव बोला।

बस फिर क्या था, बच्चे एक-एक करके रस्सी पर चढ़ गए। रस्सी हवा में ऐसे उड़ने लगी जैसे कोई पंछी। दादी ने उनको बॉय..बॉय कहा। वे तब तक उन्हें हवा में जाते देखती रहीं, जब तक बच्चे आंखों से ओझल न हो गए।

बच्चे उड़े जा रहे थे। आगे-आगे वही बंदर, जो टॉफी का पैकेट लेकर भागा था। पृथ्वी दूर रह गई थी। यहां से सारे पेड़, ऊंची इमारतें, बहुत छोटे-छोटे नजर आ रहे थे। तभी कमाल हुआ। बंदर गायब था। अब उनके आगे बड़े-बड़े बालों वाला, काले रंग का भारी-भरकम एक राक्षस उड़ रहा था। उसने पीछे मुड़कर बच्चों को देखा और जोर से ठहाका लगाया। उसके बड़े-बड़े दांत और सींग देखकर बच्चे डर गए, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। राक्षस उन्हें टॉफी का पैकेट दिखाकर चिढ़ाता। कभी इधर उड़ता, तो कभी उधर। उसके पीछे-पीछे रस्सी भी उड़ी चली जाती, जिसके सहारे बच्चे लटके थे।


तभी एकाएक जोरदार धमाका हुआ। चारों ओर धुआं फैल गया, अंधेरा छा गया। बच्चों को लगा कि कहीं वे रास्ता भूलकर धरती की तरफ ही न चले जाएं। जब धुआं छंटा, अंधेरा कम हुआ, तो राक्षस कहीं नजर ही नहीं आया। बच्चे हक्के-बक्के हो गए, आखिर राक्षस कहां गया! यहां तो कोई घर या झोपड़ी भी दिखाई नहीं दे रही थी। हर तरफ बस बियाबान। कहां ढूंढ़ें उसे? अचानक रस्सी ऊपर की ओर उड़ने की बजाय नीचे की तरफ उतरने लगी। रस्सी ने उन्हें एक नदी के किनारे उतार दिया और खुद गोल घेरा बनाकर सिमट गई। अनाया बोली, 'रस्सी को शायद पता है कि राक्षस यहीं कहीं है।'

'यह रस्सी जादुई है। मगर दादी के पास आई कहां से, उन्होंने इसके बारे में कभी बताया भी नहीं।' लव बोला।

चारों बच्चे नदी के किनारे बैठ गए, तभी उन्हें मीठे गाने की आवाज सुनाई दी। घुंघरू की आवाजें भी। वे समझ नहीं सके कि धरती पर हैं या आसमान में। तभी अचानक नदी के बीच छपाक-छपाक की आवाज सुनाई दी। आरव डरकर खड़ा हो गया। बोला, 'कहीं कोई मगरमच्छ तो नहीं बढ़ा चला आ रहा?' लेकिन तभी पानी के ऊपर एक लाल सिर दिखाई दिया, वह एक बड़ी-सी मछली थी। किनारे पर आकर बोली, 'बच्चो, यहां तुम क्यों आए हो?'

सभी एक सुर में बोले, 'हम उस राक्षस को ढूंढ़ रहे हैं, जो हमारा टॉफी का पैकेट लेकर भाग गया है।' सुनकर मछली को आश्चर्य हुआ, 'अरे, एक टॉफी के पैकेट के पीछे तुम इतनी दूर तक चले आए, दूसरा ले आते।'

बच्चे बोले, 'नहीं, गुस्सा इस बात पर है कि राक्षस अगर



टॉफी खाना चाहता था, तो वह दादी से मांग लेता, लेकर भागा क्यों? किसी की चीज इस तरह हड़प लेना तो बुरी बात है न।' मछली बोली, 'हां ये तो सही कहा तुमने। लेकिन तुम लोगों ने जब राक्षस का पीछा किया तो वह गायब हो गया होगा।' लव जोर से बोला, 'हां, बिल्कुल यही हुआ!'

'मगर अब तो वह गुफा के अंदर चला गया होगा। उसकी गुफा का दरवाजा उसके अलावा कोई और नहीं खोल सकता। वह मजबूत पत्थर से बना है।' मछली ने बताया।

'तो अब हम क्या करें?' बच्चे बोले।

'तुम्हें सुबह का इंतजार करना होगा।' मछली ने कहा।

'सवेरे तक! तो क्या हम वापस जाकर फिर से आएं? यहां तो कैसे रहेंगे? हमें भूख लगी है। रात में सोएंगे कहां? अगर राक्षस रात में गुफा से बाहर निकल आया तो?' बच्चे एक-एक करके पूछने लगे।

'उसकी चिंता तुम मत करो। मैं यहां की रानी हूं। तुम रात भर यहीं रहना, जो चाहोगे वह खाना। बस तुम्हें पानी के अंदर रहना होगा, जिससे कि राक्षस अगर बाहर भी आए, तो उसकी नजर तुम पर न पड़े।' मछली जैसे बच्चों की दोस्त बन गई थी। 'लेकिन हम पानी के अंदर सोएंगे कैसे? हमारा तो दम घुट जाएगा।' अनाया गोल-गोल आंखें घुमाकर बोली।

'इस नदी में मुझ जैसे ही बड़े-बड़े कछुए, मेढक, केकड़े और दूसरी मछलियां हैं। तुम आराम से रातभर उनकी पीठ पर सोना। खाने के लिए तुम्हारे लिए तरह-तरह के फल और हमारे यहां की विशेष मिठाइयां मिल जाएंगी।' मछली हंसते हुए बोली। मछली रानी की बात सुनकर सारे बच्चे खुश हो गए। उन्होंने खूब फल और मिठाई खाई। उन्हें पीने के लिए खुशबूदार शर्बत दिया गया।

उस रात बच्चे मछली, कछुए की पीठ पर इतनी गहरी नींद में सोए कि उन्हें पता ही नहीं चला कि कब सवेरा हो गया। तब मछली रानी और उनके मंत्री मेढक ने कहा, 'बच्चो, सावधान! अब न तो तुम्हें पानी से मुंह बाहर निकालना है, न ही कोई बात करनी है, क्योंकि राक्षस के भी जागने का समय हो गया है।'

मेढक की बात सच हुई। थोड़ी ही देर में बच्चों को धम-धम की आवाज सुनाई दी। राक्षस नदी की तरफ ही बढ़ा चला आ रहा था। वह जोर-जोर से हंस रहा था। कह रहा था, 'मुझे सब पता है कि तुम कहां छिपे हो? अब बचकर कहां जाओगे बच्चू। अभी तुम्हारा भुरता बनाता हूं।'

फिर राक्षस नदी के किनारे घूमने लगा। 'हा-हा..' करके हंसता जाता। नदी के अंदर छिपे बच्चों को डर भी लगा, लेकिन मछली, मेढक और केकड़े ने उन्हें इशारे से ढांढस बंधाया। बहुत देर ढूंढ़ने के बाद राक्षस बोला, 'लगता है मेरा पीछा करते-करते थक गए और वापस चले गए। मुझे भी भूख लगी है। चलो धरती की तरफ शिकार करने जाता हूं।' एकाएक वह राक्षस एक विशालकाय शेर में बदल गया। फिर धीरे-धीरे नीचे पृथ्वी की ओर उतरने लगा।

राक्षस के जाते ही चारों बच्चे नदी से बाहर आ गए।

मछली ने कहा, 'सामने कुछ दूर जाओ। फिर बाएं मुड़ो। वहीं राक्षस की गुफा है। देख लेना कि उसका दरवाजा खुला है कि नहीं। यदि नहीं खुला, तो फिर तुम उसे नहीं खोल पाओगे। मैं यहीं तुम्हारा इंतजार कर रही हूं।'

अनाया, आरव, लव, कुश गुफा की तरफ दौड़ पड़े। वहां पहुंचे तो जोर से चिल्लाए, 'हिप-हिप हुर्रे!' दरवाजे का पत्थर एक ओर पड़ा था। चारों तेजी से गुफा के अंदर पहुंचे, लेकिन वहां बहुत अंधेरा था। वे छू-छूकर टॉफी का पैकेट ढूंढ़ने लगे। कभी उनके हाथ कोई हड्डी लगती, तो कभी बाल, तो कभी कोई कपड़ा। अचानक एक पोटली आरव को मिली। हो सकता है कि टॉफी उसी में हो। वे उसे लेकर बाहर आए। लेकिन यह क्या, पोटली में तो बेशुमार रत्न, अशर्फियां और सोने-चांदी के जेवर थे। उन्हें देखकर बच्चे बहुत खुश हुए।

'इनसे तो न जाने कितनी टॉफियां खरीदी जा सकती हैं। लेकिन नहीं, पता नहीं, यह खजाना किसका है। हो सकता है, वह भी कभी इसे ढूंढ़ता हुआ इधर आए। यूं भी पापा-मम्मी और दादी कहते हैं कि कभी किसी दूसरे की चीज नहीं लेनी चाहिए।' बच्चे जरा भी नहीं ललचाए, पोटली गुफा के अंदर रखी और वापस नदी की तरफ आए। रानी मछली वहीं उनका इंतजार कर रही थी। बच्चों ने सारी बात उसे आकर बताई। वह मुस्कुराते हुए बोली, 'कोई बात नहीं। तुम धरती पर वापस जाओ। यह यात्रा तुम्हें हमेशा याद रहेगी।'

अचानक बच्चों ने देखा कि राक्षस के कारण जिस रस्सी ने अपने को छिपा लिया था, वह धरती की तरफ नीचे लटकी थी। बच्चों ने उसे पकड़ा तो वह तेजी से नीचे उतरने लगे। जल्दी ही वे अपने घर के आंगन में उतरे। सब उनका इंतजार कर रहे थे। सारी बात सुनकर दादी बोलीं, 'टॉफी का पैकेट तो ये रहा!' चारों बच्चों का मुंह खुला रह गया। अब बच्चों को दादी से यह सवाल पूछना था, जहाज की तरह उड़ने वाली रस्सी उनके पास आई कहां से? और क्या राक्षस टॉफी नहीं ले गया था? *



सभी इमेज एआई

---

कविता / नरेंद्र सिंह 'नीहार'

## खरबूजे-तरबूजे

गर्मी की आहट होते ही,
निकल पड़े खरबूजे।
मीठी-मीठी प्यास जगाते,
गली-गली तरबूजे।
मम्मी रोज सुबह ले लेती,
काट-छाट कर हमें खिलाती।
मीठा गूदा, मीठा पानी,
घर-भर में खुशबू भर जाती।

खनिज विटामिन के प्याले,
मौसम के फल प्यारे-प्यारे।
छिलका बीज सभी गुणकारी,
पानी के छोटे रस धारे।
हरी पट्टियां धूसर धारी,
गोल-गोल से खरबूजे।
बाहर से ये हरे-हरे हैं,
लाल रसीले तरबूजे।



एआई इमेज

---

## जीके क्विज-209



1. किस इंडियन चेस प्लेयर ने पहली बार नॉर्वे चेस टूर्नामेंट जीता है?
2. हाल ही में कर्नाटक के 18वें मुख्यमंत्री कौन बनाए गए हैं?
3. किस देश ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है?
4. कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 में किसे नए खेल के रूप में शामिल किए जाने की घोषणा की गई है?
5. देश के वर्तमान रेल मंत्री कौन हैं?
6. वायुमंडल में सबसे हल्की गैस कौन-सी है?
7. 1905 में बंगाल विभाजन किस ब्रिटिश वायसराय द्वारा किया गया?
8. विटामिन E का रसायनिक नाम क्या है?
9. बृहस्पति ग्रह के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
10. विश्व संगीत दिवस कब मनाया जाता है?

बच्चो, जीके क्विज-209 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-208 का उत्तर :** 1 ऑक्सीजन, 2. सुंदरलाल बहुगुणा, 3. कार्बन डाईऑक्साइड, 4. ओजोन परत, 5. सल्फर डाईऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड, 6. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 7. वैभव सूर्यवंशी, 8. सिक्किम, 9. फिनलैंड, 10. जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि

**जीके क्विज-208 का सही उत्तर देने वाले :** वर्णिका-खैरागढ़, तेजस्विनी-बिलासपुर, अंशिका-रायपुर, कुसुम-बिलासपुर, कबीर-हिसार, सुशांत-रोहतक

---

एंज्वॉयमेंट
शिखर चंद जैन

बच्चो, आजकल तुम्हारी गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। लेकिन दिन के समय बाहर जाकर खेलने से तुम बीमार हो सकते हो। ऐसे में तुम अपने भाई-बहन या फ्रेंड्स के साथ घर में ही वर्ड या पजल गेम्स खेल सकते हो। इन्हें खेलने में तुम सबको मजा तो आएगा, तुम इंटेलिजेंट और स्मार्ट भी बनोगे।

## ये वर्ड गेम्स-पजल एक्टिविटीज तुम्हें बनाएंगे इंटेलिजेंट-स्मार्ट



एआई इमेज

बच्चो, हम तुमको कुछ ऐसे मजेदार वर्ड गेम्स और पजल एक्टिविटीज के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें तुम घर के भीतर ही खेल सकते हो। ये इंटरेस्टिंग तो हैं ही इनसे ब्रेन की एक्सरसाइज होती हैं, जिससे तुम इंटेलिजेंट भी बनोगे।

**क्रॉसवर्ड:** क्रॉसवर्ड एक स्क्वायर ग्रिड होता है, जिसमें सफेद और काले छोटे-छोटे स्क्वायर बने होते हैं। हल करने के संकेतों को दो श्रेणियों में बांटा जाता है, क्रॉस (बाएं से दाएं) और डाउन (ऊपर से नीचे)। तुम्हें संकेतों को पढ़कर सही शब्द का अनुमान लगाना होता है और हर सफेद खाने में एक अक्षर भरना होता है। सभी शब्द एक-दूसरे को काटते हैं, इसलिए एक शब्द का सही अक्षर दूसरे शब्द को हल करने में मदद करता है। क्रॉसवर्ड शब्दावली यानी वर्ड पॉवर बढ़ाने और तर्कशक्ति को तेज करने का बेहतरीन तरीका माना जाता है। न्यूज पेपर्स, कुछ मैगजींस के अलावा क्रॉसवर्ड बुक्स में तुमको यह गेम मिल जाएगा। आधुनिक क्रॉसवर्ड का आविष्कार ब्रिटिश पत्रकार आर्थर वाईन ने किया था। पहली क्रॉसवर्ड पहेली 21 दिसंबर, 1913 को 'न्यूयॉर्क वर्ल्ड' अखबार में प्रकाशित हुई थी।

**एनाग्राम:** इसमें किसी शब्द के अक्षरों को आगे-पीछे करके एक नया सार्थक शब्द बनाना होता है। एनाग्राम में तुम्हें एक शब्द दिया जाता है। तुमको उस शब्द के सभी अक्षरों का उपयोग करना होता है न कोई अक्षर छोड़ना है और न ही नया अक्षर जोड़ना है। उन अक्षरों को इस तरह व्यवस्थित करना होता है कि एक नया सार्थक शब्द बन जाए। जैसे- अंग्रेजी के वर्ड 'साइलेंट' से 'लिसन' बनाना। यह एक्टिविटी वर्ड्स की स्पेलिंग की बारीकियों को समझने और रचनात्मक सोच विकसित करने में मदद करती है।

**वर्ड सर्च:** इसमें अक्षरों के एक अस्त-व्यस्त जाल में तुम्हें नीचे दिए गए शब्दों को खोजना होता है। इसमें शब्द क्षैतिज (हॉरिजेंटल), ऊर्ध्वाधर (वर्टिकल) या तिरछे (डायगोनल) छिपे हो सकते हैं। वर्ड सर्च पजल को सबसे पहले 1968 में ओक्लाहोमा के नॉर्मन ई. गिबट ने बनाया था। उन्होंने इसे स्थानीय अखबार के लिए तैयार किया था ताकि बच्चों को शब्दों की पहचान करने में आसानी हो। यह पजल बच्चों में 'पैटर्न रिकग्निशन' (आकृतियों की पहचान) और कंसंट्रेशन बढ़ाने के लिए बहुत अच्छा माना जाता है।

**वर्ड लेडर:** इसमें तुम्हें एक शुरुआती वर्ड और एक टारगेट वर्ड दिया जाता है। दोनों की लंबाई समान होनी चाहिए। हर स्टेप पर तुम केवल एक अक्षर बदल सकते हो। अक्षर बदलने के बाद जो नया शब्द बने, वह भी मीनिंगफुल होना चाहिए। इस खेल का लक्ष्य है, कम से कम स्टेप्स में टारगेट वर्ड तक पहुंचना। इसका आविष्कार 1877 में 'एलिस इन द वंडर वर्ल्ड' के लेखक लुईस कैरोल ने किया था। उन्होंने इसे 'डबलेट्स' नाम दिया था। यह एक्टिविटी तार्किक सोच और शब्दों के बीच के सूक्ष्म अंतर को पहचानने की शक्ति बढ़ाती है। *

---

तुम्हारे लिए नई किताब / शिव मोहन यादव

## रोचक-प्रेरक कहानियां



बच्चो, हाल में छपकर आया लेखिका अलका प्रमोद का कहानी-संग्रह 'मोबाइल बना सिरदर्द' बहुत मजेदार और सीख देने वाला है। संग्रह में कुल दस कहानियां हैं। कहानी 'मोबाइल बना सिरदर्द' में आदीप नाम का होशियार लड़का है, जो इतना मोबाइल चलाता है कि उसकी आंखें कमजोर हो जाती हैं और सिर में दर्द रहने लगता है। डॉक्टर भी उसे मोबाइल से दूर रहने की सलाह देते हैं। तब दादी की कहानियां सुनकर उसकी मोबाइल चलाने की लत छूटती है। वह समझ जाता है कि मोबाइल का अधिक इस्तेमाल कितना हानिकारक हो सकता है। 'भूत भाग गया' कहानी में पीहू समेत मम्मी-पापा परेशान थे कि घर से खाने की चीजें कैसे गायब हो जाती हैं। पापा ने जब पूरी बात सुनी तो उन्होंने रसोई में सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया। यह कहानी अंधविश्वास और डर का पर्दाफाश करती है। 'रोटी का मूल्य' कहानी में अक्षिता एक भूखे बच्चे की मदद के लिए घर से ज्यादा भोजन ले जाती है। इस काम के लिए उसकी प्रिंसिपल भी उसकी तारीफ करती हैं। 'एक और उपहार' कहानी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करती है।


कुल मिलाकर संग्रह की सभी कहानियां रोचक और प्रेरक हैं। कहानियों की भाषा सरल और सहज है। इन कहानियों के साथ बने चित्र भी तुमको बहुत पसंद आएंगे। *

**किताब:** मोबाइल बना सिरदर्द, **लेखिका:** डॉ. अलका प्रमोद, **मूल्य:** 240 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन प्रा. लि., दिल्ली

---

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां पेड़ पर बैठे लेमर के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में छह अंतर ढूंढ कर बताओ।



---

## सही मिलान करो

बच्चो, यहां ऊपर एक कब (लिटिल टाइगर) के चार अलग-अलग चित्र दिए गए हैं। नीचे उन चित्रों की परछाइयां दी गई हैं, जो सीक्वेंस में नहीं हैं। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से प्रत्येक चित्र के साथ उसकी सही परछाई का मिलान करो।




उत्तर: 1-C, 2-D, 3-A, 4-B

## जैकेट के शेष

### राजधानी का एक ऐसा सरकारी ...

जिला अस्पताल का यह संस्थान अपने उद्देश्यों में खरा उतरता नहीं दिख रहा है। वर्ष 2019 में यहां के मरीजों की अन्य संस्थानों में निर्भरता खत्म करने ब्लड बैंक की स्थापना की गई थी। ब्लड बैंक के लिए यहां पर्याप्त जगह और सुविधाएं तो मौजूद है मगर यह अपनी मौजूदगी के उद्देश्य पर खरा नहीं उतर पा रहा है। जिला अस्पताल से जुड़े चिकित्सकों के दावे हैं कि आपातकालीन स्थितियों, गंभीर हादसों या अत्याधिक रक्तस्राव को रोकने होल ब्लड (संपूर्ण रक्त) मरीजो को दिए जाते हैं। मगर वे यह भी स्वीकारते हैं कि कंपोनेंट ब्लड (घटक) की सुविधा यहां नहीं है। कंपोनेंट बल्ड का उपयोग बीमारी की विशिष्ट आवश्यकता के अनुसार विशेष रूप से किया जाता है। अस्पताल प्रबंधन के दावों के बीच यह सच्चाई भी है कि यहां के ब्लड बैंक में स्टॉक जीरो हैं। इसके लिए तर्क दिया जाता है कि उपयोग नहीं होने से यहां रक्त खराब होने की आशंका होती है इसलिए यहां स्टॉक नहीं रखा जाता है।

### सुकमा में हरिभूमि-आईएनएच ...

के मुद्दों पर खुलकर चर्चा की जाएगी। इस दौरान आम जनता और विभिन्न वर्गों से जुडे प्रतिनिधियो के सवालों के माध्यम से जिले की वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर भी संवाद होगा। जिला सवाद में कांग्रेस की ओर से हरीश कवासी, भाजपा की ओर से बारसे धनीराम तथा बस्तर राज मोर्चा के पूर्व विधायक मनीष कुंजाम भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के सीइओ, वन मंडलाधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति से कार्यक्रम में जिले के महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक बहस और चर्चा होगी। इस आयोजन में समाज के विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभूतियों का सम्मान भी किया जाएगा।

### राजनांदगांव की महक का ...

के मुताबिक छत्तीसगढ़ की अंडर-19 क्रिकेट खिलाड़ी महक नरवासे का चयन श्रीलंका दौर में खेले जाने वाले T-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में किया गया है। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव शहर से आने वाली महक पिछले वर्षो में छत्तीसगढ़ महिला अंडर 15 अंडर 19 अंडर 23 और सीनियर टीम का हिस्सा रही हैं।

### 21 जून से श्रीलंका में ...

कर रही हैं। 22 जून से श्रीलंका और भारत के बीच अंडर-19 टी-20 सीरीज प्रारंभ होने जा रही है, जिसमें महक भारतीय टीम का हिस्सा होंगी।

### जनपद उपाध्यक्ष के चेंबर में बवाल...

घटना के बाद पीड़ित उप अभियंता शरद देवांगन सीधे थाना जैजैपुर पहुंचे और अपने साथ मारपीट तथा अभद्र व्यवहार किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। वहीं दूसरी ओर उपाध्यक्ष के साथ मौजूद जनप्रतिनिधियों ने भी उप अभियंता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए अपना पक्ष पुलिस के समक्ष रखा है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि शिकायतों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने जनपद पंचायत के प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। विकास कार्यों के मूल्यांकन को लेकर शुरू हुआ विवाद अब पुलिस जांच का विषय बन गया है। सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

### शराब की ओवर रेटिंग पर बड़ी ..

मांगा गया है।

**ये अधिकारी किए गए सस्पेंड** : सस्पेंड किए गए आबकारी अधिकारियों में उप निरीक्षक कौशल किशोर सोनी रायपुर, उप निरीक्षक प्रभाकर सिरमौर गंडई खैरागढ़-छुईखदान, मनराखन नेताम सिमगा बलौदाबाजार-भाटापारा एवं पुरुषोत्तम सिन्हा कुरुद धमतरी शामिल हैं। इन सभी उप निरीक्षकों को उनके प्रभार क्षेत्र में गंभीर अनियमितता पाए जाने तथा उनके कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता के कारण कार्रवाई की गई है।

### वैश्विक अनिश्चितता के ....

के दौर से गुजर रही है। फिर भी भारत आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ अपनी विकास यात्रा पर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने विकास और निर्यात के नए अवसर पैदा करने के लिए कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। उन्होंने कहा, ये समझौते हमारे सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध कराते हैं। इससे वे अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करके और प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाकर वैश्विक बाजारों के लिए तैयार हो सकेंगे। मोदी ने कहा कि भारत का जनसांख्यिकीय लाभ एक ऐतिहासिक अवसर है जिसे ''हम खोने का जोखिम नहीं उठा सकते। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मांग-आधारित कौशल विकास और रोजगार के अवसरों के माध्यम से भारत के युवाओं के लिए सही परिवेश का निर्माण करना प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए।

### बैठक में सीएम ....

नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने बैठक में बस्तर के आदिवासी परिवारों की आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं का खाका रखा। उन्होंने बताया कि अगले तीन वर्षों में बस्तर के प्रत्येक परिवार की औसत मासिक आय 30 हजार रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में बस्तर के करीब 85 प्रतिशत परिवारों की मासिक आय 15 हजार रुपये से कम है। साय ने कहा, आय बढ़ाने के लिए खेती, पशुपालन, वनोपज आधारित गतिविधियों और छोटे उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके तहत बस्तर में डेयरी मॉडल लागू करने की तैयारी है। आदिवासी परिवारों को दुधारू गाय और भैंस उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे गांवों में स्थायी आय का स्रोत विकसित होगा। इससे महिलाओं और युवाओं के लिए भी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

**सिंचाई और स्वास्थ्य के लिए विशेष योजना** : मुख्यमंत्री ने बताया कि सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत की दो बड़ी परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं। इन परियोजनाओं से लगभग 32 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे किसान धान के अलावा सब्जी, फल और अन्य नकदी फसलों की खेती कर सकेंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी बस्तर के लिए विशेष योजना बनाई गई है। लगभग 36 लाख लोगों की डिजिटल हेल्थ प्रोफाइल तैयार की जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। मरीजों का स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेगा और उपचार प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी।

**371 योजनाओं का लाभ एक स्थान पर** : मुख्यमंत्री ने बताया कि बस्तर में स्थापित करीब 200 सुरक्षा शिविरों को अब 'सेवा डेरा' के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीणों को राशन, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, बैंकिंग, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की 371 योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

**उद्योगों को बढ़ावा देने 435 सुधार लागू किए गए** : साय ने बताया कि राज्य में निवेश और उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए 435 सुधार लागू किए गए हैं। सिंगल विंडो सिस्टम को मजबूत बनाया गया है तथा सेमीकंडक्टर क्षेत्र की दो आधुनिक इकाइयों की स्थापना की जा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में अबूझमाड़ और जगरगुंडा में 100 करोड़ रुपये की लागत से एजुकेशन सिटी विकसित की जा रही है। साथ ही 341 पीएमश्री स्कूल, 5,857 स्मार्ट क्लासरूम और स्थानीय भाषाओं में शिक्षा सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। **छत्तीसगढ़ को विकसित बनाने की दिशा में तेजी से काम** : मुख्यमंत्री ने कहा, एग्रीस्टैक योजना के माध्यम से 33 लाख से अधिक किसानों को डिजिटल सेवाओं से जोड़ा गया है।


**भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कबीरधाम (छ.ग.)**

क्रमांक / SBI R-SETI / 2026-27 / 11 कवर्धा, दिनांक 11.06.2026

**निविदा आमंत्रण**

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (RSETI) ग्राम तारो, कवर्धा द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक/युवतियों को स्वरोजगार स्थापना की दिशा में प्रेरित करने हेतु प्रशिक्षण दिये जाते है। उन प्रशिक्षार्थियों हेतु नास्ता, दोनो समय का भोजन और चाय/काफी प्रतिदिन देने हेतु अनुभवी केटररों, स्वयं सहायता समूह, हॉटल संचालक एवं अन्य से सीलबंद लिफाफों में निविदायें आमंत्रित की जाती है। भोजन, नाश्ता चाय आदि पूर्ण गुणवत्ता के साथ एसबीआई आरसेटी कवर्धा द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले मीनू के अनुसार ही होगा। मीनू निविदा फार्म तथा नियम एवं शर्तें कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते है। निविदायें जमा करने की अवधि दिनांक 12.06.2026 से 18.06.2026 तक में सुबह 11 बजे शाम 04 बजे तक जमा किया जा सकता है। उक्त तिथि के उपरांत निविदा जमा स्वीकार नहीं किया जायेगा। प्राप्त निविदाओं पर निर्णय स्थानीय समिति द्वारा लिया जाएगा। इस विषय में किसी भी / अथवा समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार स्थानीय समिति को होगा। आवेदक के पास पैन कार्ड, GST कैटरिंग लाइसेंस, उद्यम आधार, बैंक पासबुक, अनुभव प्रमाण पत्र एवं खाद्य विभाग से पंजीयन प्रमाण पत्र इत्यादि होना आवश्यक है।

**निदेशक- एसबीआई आरसेटी कवर्धा**



**:: आम सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार श्री अमनदीप सिंह सैनी पिता सरदार गुरमैल सिंह सैनी निवासी 609/ए सुंदर नगर रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेतागण श्री देवलाल यादव, देवचरण यादव, रामाधार यादव तीनो पिता स्व. सिताराम यादव निवासी कौआझर तह. व जिला महासमुंद (छ.ग.) वाले की स्वामित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि जिसका ख.न. 722 रकबा 0.6700 हे. भूमि वाके मौजा ग्राम कौआझर प.ह.न.00007 रा.नि.म. सिरपुर तहसील व जिला महासमुंद में स्थित है जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि अदा कर दिया गया हैं, केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष हैं।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सोसायटी, बैंक शासकीय-अर्धशासकीय, निकय, महाजन या किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार से दावा या आपत्ति या उजर, दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेवे। समयावधि पश्चात की गयी किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा, प्रस्तुत दावा, आपत्ति शून्य एवं अवैध मानी जावेगी। मेरे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन करा ली जावेगी। सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 08/06/2026

हस्ताक्षर
**किशोर सिन्हा, अंजल शर्मा, जलज देव, विकास शुक्ला दीपक साहू
अधिवक्तागण, रायपुर छ.ग.
कार्यालय पता :- रायगढ़ बाडा सिविल लाइन रायपुर (छ. ग.)
मो. 9893776873**


## पेज एक के शेष

### कागजों में 28 लाख का काम...

300 स्कूलों में ही काम हो सका है। इसके साथ ही सरकारी स्कूल भवनों का निर्माण, अतिरिक्त कक्ष निर्माण और रिपेयरिंग के काम में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। यही नहीं जिला शिक्षा विभाग ने संचालनालय के पास जो रिपोर्ट भेजी है उसमें 222 स्कूल काफी जर्जर हैं तो वहीं 43 से अधिक स्कूल भवनों को पूरी तरह नया बनाने की जरूरत है। खास तौर पर सिरगिट्टी स्कूल की बदहाली पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए शासन को फटकार भी लगाई है। गौरतलब है कि जिले में 1856 स्कूल सरकारी स्कूल संचालित हैं, जिसमें प्राइमरी, मिडिल, हाईस्कूल और हायर सेकेंड्री स्कूल शामिल है। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत न केवल शाला भवन की मरम्मत और उनका नवीनीकरण किया जाना था, बल्कि अतिरिक्त कक्ष का निर्माण भी कराया जाना था लेकिन अधिकारियों की लापरवाही और ठेकेदारों के साथ मिलकर किए गए भ्रष्टाचार के कारण यह सब नहीं हो सका। योजना के तहत स्कूलों का जीर्णोद्धार करने के साथ ब्लैक बोर्ड, रंगरोगन, खेल मैदान आदि को व्यवस्थित करना था। इन स्कूलों को मरम्मत करने के बाद इनकी दीवारों को गोबर पेंट से पोतना था, जो लापरवाही के कारण नहीं हो सका। जांच में 78 स्कूल भवनों में निर्माण कार्यों में गंभीर खामियां पाई गईं। इसमें छत का प्लास्टर गिरना, पुट्टी और खिड़कियों का न लगना और छतों से पानी का रिसाव होना जैसी प्रमुख गड़बड़ियां शामिल हैं।

### शहरी क्षेत्र के 57 स्कूलों...

करते रहे। शहरी क्षेत्र में कुल 57 स्कूलों में निर्माण और जीर्णोद्धार की जिम्मेदारी निगम को देते हुए निर्माण एजेंसी बनाया गया। इसके लिए 4 करोड़ 68 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई। भुगतान तो कर दिया गया लेकिन स्कूलों की हालत जर्जर ही रही।

### इन स्कूलों में मिली...

प्राथमिक शाला, सबरियाडेरा (सोन) में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का ठेका 8 लाख 32 हजार में हुआ, लेकिन फर्श का काम अधूरा था। बिल्हा ब्लाक के शासकीय प्रायमरी स्कूल नवीन डबरीपारा में चतुर्थ चरण काम बताकर 15 लाख रुपए की राशि निकाल ली गई है जबकि स्कूल की हालत पहले की तरह जर्जर है और कुछ भी काम मौके पर नहीं दिखता है।

### बिहार पहुंचा मानसून...

11 जिलों में आज सुबह से आंधी-बारिश हो रही है। खगड़िया में बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई और 4 लोग झुलस गए हैं। पटना, बक्सर, सुपौल समेत 5 जिलों में घने बादलों से अंधेरा छा गया। लोगों को गाड़ियों की लाइट जलाकर चलना पड़ा। यूपी में आंधी से एक पेट्रोल पंप की छत उड़ गई। चित्रकूट में 4.5 करोड़ रुपए के ऑडिटोरियम की छत भी उड़ गई। बरेली, इटावा, सीतापुर और फिरोजाबाद में आंधी-तूफान से 4 लोगों की मौत हुई। पंजाब के मानसा में तेज आंधी के दौरान लोहे का गेट गिरने से 9 साल के बच्चे की मौत हो गई।

### अमेरिकी मिसाइल हमले में तीन...

कार्यवाहक राजदूत को तलब कर सख्त अंदाज में विरोध जताया था। इन हमलों पर तुरंत रोक लगाने की मांग भी भारत ने की है। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इन्हें बेहद चिंताजनक और पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया है। बुल्गारिया की विदेश मंत्री डॉ.वेलिस्लावा पेत्रोवा चमोवा के साथ बैठक के बाद उन्होंने मामले पर भारत का रुख साफ करते हुए कहा कि वर्तमान समय में पूरी दुनिया एक अस्थिर और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है।

### अंतरजातीय विवाह...

जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया है कि नवविवाहित जोड़े के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। अंबिकापुर निवासी मोहम्मद जीशान और आन्या सोनी एक-दूसरे से प्रेम करते थे।

दोनों बालिग हैं और एक ही शहर में रहने के कारण लंबे समय से उनके बीच संबंध था। परिजनों ने अंतरजातीय रिश्ते का कड़ा विरोध किया तब दोनों ने अपनी मर्जी से दिल्ली जाकर 6 दिसंबर 2023 को शाहदरा के जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में कानूनी रूप से विवाह कर लिया। विवाह के बाद से दोनों को अपने परिवारों से लगातार जान का खतरा, ऑनर किलिंग और झूठे आपराधिक मुकदमों में फंसाने की धमकियां मिल रही थी। स्थानीय पुलिस में शिकायत करने के बाद भी जब कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो नवविवाहित जोड़ों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में सुरक्षा प्रदान करने की मांग करते हुए रिट याचिका दायर की थी।


**कार्यालय नगर पंचायत बेरला, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**
ई-मेल :- cmoberla@rediffmail.com

क्र./ 219/ न.पं. /SBM-U 2.0/ 2026-27 बेरला, दिनांक 09/06/2026

**// द्वितीय-निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पंचायत बेरला में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर क्र. | कार्य विवरण | अनु. लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (रू. लाख में) | समय सीमा | निविदा प्रपत्र शुल्क (रू. में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | अमानत राशि एवं 100रू. स्टाम्प जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 192904 | Revamoing of Material Recovery Facility (MRP) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of BERLA, Chhattisgarh | 24.37 | 12200/- | 06 माह | 10000/- | 24.06.2026 17:30 PM तक | 24.06.2026 16:00 PM तक |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-पोर्टल https://cguad.gov.in And https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 09.06.2026 को 5.30 बजे से डाउनलोड की जा सकती हैं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत बेरला**



**कार्यालय नगर पंचायत पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग)**
Phone No. 07727-271344, Email Id-cmonppallari@rediffmail.com

क्रमांक/ 664/लो.नि.वि./नि.आ.सू./ 2026-27 पलारी, दिनांक 10/06/2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (2nd Call)**

नगर पंचायत पलारी द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनालाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | ऑनलाईन निविदा डाऊनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 193012 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of PALARI, Chhattisgarh (2nd Call) | 30.05 | 25.06.2026 (Time 18.00) |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी डाऊनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत पलारी**



**।। कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग।।**

Email ID-durgmc2019@gmail.com Phone: 0788-2322148

**-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना :: -**

क्रमांक/477/ लो०क०वि०/2026 दिनांक : 11/06/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | निविदा जारी दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड 15 सतनाम पारा, आयुर्वेदिक अस्पताल के पीछे सिकोला मांगलिक भवन का शेष निर्माण कार्य। System No. 193147 Dated: 11.06.2026 | रु. 35.45 | 11.06.2026 से 04.07.2026 खोलने की तिथि 07.07.2026 |

निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**



**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
( छ.रा.वि.मं. की उत्तरदायी कंपनी ) ( छ.ग. शासन का उपक्रम)
कार्यालय– कार्यपालन अभियंता ( संचा. / संधा.) संभाग छ.स्टे. पा.डि.कं. लिमि. कुरुद

**बिजली बन्द की सूचना**

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 220 / 132 के. व्ही. अति उच्चदाब उपकेन्द्र राजिम में आवश्यक रख-रखाव एवं सुधार कार्य हेतु कुरूद संभाग के निम्नांकित क्षेत्रो में नीचे दिये गये तिथियों में प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक विद्युत प्रदाय बन्द रहेगी।

| क्र. | रख-रखाव की तिथि / दिन | उपकेन्द्र का नाम | प्रभावित फीडर | प्रभावित गाँव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13.06.2026 (दिन - शनिवार ) | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नवागांव (बु.) | उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर | ग्राम-भेंण्ड्री, हसदा, दमकाडीह, धौराभाठा, नारधा, डुमरपाली, नवागांव (खि), खिसोरा, मोहरेंगा, परेवाडीह, परसट्ठी, नहरडीह, चंदना, चमसुर, बुड़ेनी, नवागांव (बु.) । |
| 2 | | 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र हसदा | | |
| 3 | | 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र भेण्ड्री | | |
| 4 | | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नवागांव (खि.) | | |
| 5 | | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र करेलीबड़ी | | करेलीबड़ी, खट्टी। |
| 6 | | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बोरसी | | बोरसी, भोथा, पाहंदा, सोनेवारा, झाझरकेरा, सरगी, देवगांव। |
| 7 | | 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र कुरूद | कुरूद उपकेन्द्र से निकलने वाले 11 के.व्ही. फीडर - इण्डस्ट्रीयल, भरदा, चर्रा बस्ती एवं उमरदा पम्प फीडर। | उक्त समस्त फीडर से विद्युत आपूर्ति होने वाले समस्त ग्राम एवं कुरूद शहर । |
| 8 | | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र भखारा | 33 के. व्ही. एच. टी. फीडर । | समस्त उच्चदाब उपभोक्ता । |
| 9 | | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र भखारा | भखारा उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के. व्ही. पम्प फीडर । | समस्त कृषि पम्प उपभोक्ता । |

आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है, असुविधा के लिए खेद है।

**सही /
कार्यपालन अभियंता ( संचा/ संधा) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि. कुरुद**



**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**परिशिष्ट-IV-A [नियम 8 (6) के परंतुक देखें]
अचल संपत्तियों की
बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

एतद्द्वारा आम जनता और विशेष रूप से कॉलम (ii) में वर्णित ऋणधारक(ओं) और सह-ऋणधारक(ओं) को सूचित किया जाता है कि कॉलम (iii) में वर्णित नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे दिए गए विवरण के अनुसार देय राशि और ब्याज की वसूली के लिए ले लिया गया है, और चूंकि देय राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री द्वारा देय राशि की वसूली का प्रस्ताव करता है और इसे ''जैसा है जहां है'','' जैसा है वैसा ही'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि वर्णित है। इसके अंतर्गत, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ता (ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी ''ऑनलाइन'' आयोजित की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋणधारक(ओं) एवं सह-ऋणधारक(ओं) के नाम | संपत्ति का पता | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना राशि | कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि और समय | ईएमडी और दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि और समय | अधिकृत अधिकारी का नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संजय भगत, रीता देवी | प्लॉट-संपत्ति का पता- खसरा नंबर 269/357 का भाग, क्षेत्रफल 600 वर्ग फ़ीट। मौजा रावाभाठा, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, वार्ड नंबर 12, प.ह.न. नंबर 86, आर.आई.सी. रायपुर-21- रावाभाठा, तहसील और ज़िला रायपुर (छ.ग.), रायपुर, छत्तीसगढ़-493221 चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता की अतिरिक्त भूमि, पश्चिम-प्रशांत भारती का घर, उत्तर-सड़क, दक्षिण-खान का प्लॉट। | 05-03-2026 | 4,36,326 | 06-05-2026 | 4,20,000 | 42,000 | 27-06-2026 (11am-2pm) | 25-06-2026 (upto 5pm) | 8197388148 |
| 2. | नेहा शर्मा, अशोक कुमार शर्मा | भूमि, खसरा नंबर 179/4 का भाग, क्षेत्रफल 1955 वर्ग फ़ीट, संपत्ति स्थित मौजा- दतरेंगा, प.ह. नंबर 84, आर.आई.सी.- धरसींवा -18 कंदुल तहसील व ज़िला रायपुर (छ.ग.), रायपुर, छत्तीसगढ़, 492102, चौहद्दी: उत्तर-सड़क, दक्षिण-विक्रेता की अतिरिक्त भूमि, पूर्व-सड़क, पश्चिम-विक्रेता की अतिरिक्त भूमि। | 03-02-2026 | 13,72,759 | 07-04-2026 | 12,31,650 | 1,23,165 | 27-06-2026 (11am-2pm) | 25-06-2026 (upto 5pm) | 8197388148 |
| 3. | दिव्या रेला, गौतम कुमार सैना | फ़्लैट-मकान नंबर 53/पी; ईडब्ल्यू पारिजात अपार्टमेंट; तीसरी मंज़िल; ट्विन सिटी; तालपुरी; आमदी, रुआबांधा; दुर्ग; भिलाई, भिलाई, छत्तीसगढ़-490006 चौहद्दी: उत्तर - फ़्लैट नंबर 53/0, दक्षिण - सड़क, पूर्व - फ़्लैट नंबर 52/एम, पश्चिम - फ़्लैट नंबर 53/एम। | 03-01-2026 | 5,16,521 | 07-03-2026 | 3,86,100 | 38,610 | 27-06-2026 (11am-2pm) | 25-06-2026 (upto 5pm) | 7008279115 |

**ई-नीलामी सेवा प्रदाता: कंपनी का नाम:** ई- प्रोक्यूरमेंट टेक्नालॉजीस लिमि. (ऑक्शन टाईगर) हेल्पलाइन नंबर: 079-35022160/149/182 संपर्क व्यक्ति: राम शर्मा - 8000023297 ईमेल आईडी: ramprasad@auctiontiger.net और support@auctiontiger.net

**ई-ऑक्शन वेबसाइट/जानकारी और अन्य शर्तों के लिए:** http://www.homefirstindia.com/https:// homefirst.auctiontiger.net **शाखा आईएफएससी कोड: UTIB0000009**

**खाता नंबर** (EMD/अन्य राशि जमा करने के लिए): 911020005835824 – होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड – एक्सिस बैंक लिमिटेड, बैंगलोर KT

लाभार्थी का नाम : अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

**बोली वृद्धि राशि 10,000/- रुपये** है। यह बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी। ऑनलाइन ई-नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणापत्र और ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम एवं शर्तें युक्त ई-नीलामी निविदा दस्तावेज पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले, संपत्ति पर भार, नीलामी के लिए रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के स्वामित्व और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/देयताओं के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जांच कर लेनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की ओर से कोई प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व नहीं है और न ही इसे ऐसा माना जाएगा। संपत्ति होम फर्स्ट को ज्ञात या अज्ञात सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेची जा रही है। अधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तृतीय-पक्ष के दावों/अधिकारों/देयताओं के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे। यह बिक्री प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी।

**किसी भी विसंगति की स्थिति में, सूचना का अंग्रेजी संस्करण प्रामाणिक माना जाएगा।**

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना**

ऋणधारक/जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि वे मांग नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान, अद्यतन ब्याज और अन्य संबंधित खर्चों सहित, ई-नीलामी की तिथि से पहले कर दें। ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया राशि हो तो उसे ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा।

दिनांक: 12-06-2026 स्थान: रायपुर, भिलाई

हस्ताक्षरकर्ता /- अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6254



**बाएँ से दाए**
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

**शब्द पहेली - 6253 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6264

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6263 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## वित्त मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

# सरकार ने 30 फीसदी तक एथेनॉल मिले पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क किया 'शून्य'

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सरकार ने अब अधिक एथनॉल मिले पेट्रोल पर भी उत्पाद शुल्क हटा दिया है। वित्त मंत्रालय की एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। अधिसूचना के तहत 22 प्रतिशत, 25 प्रतिशत, 27 प्रतिशत और 30 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण वाले पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क को शून्य कर दिया गया है। अभी यह छूट सिर्फ 20 प्रतिशत एथनॉल मिले पेट्रोल पर उपलब्ध थी।

अधिकारियों ने बताया कि इस कदम को खुदरा बाजार में उच्च एथनॉल मिश्रण के तत्काल लागू होने के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। ईंधन डिपो पर पेट्रोल में एथनॉल मिलाने को एक विनिर्माण गतिविधि माना जाता है जिस पर अन्यथा उत्पाद शुल्क लग सकता है। इसलिए यह छूट एक नियामकीय आवश्यकता है।

### एथेनॉल मिश्रणों पर कर छूट का विस्तार

वित्त मंत्रालय ने 20 प्रतिशत (ई20) तक एथनॉल मिश्रण वाले पेट्रोल पर यह छूट पहले से ही दे रखी है। अधिकारियों ने बताया कि ई22 (22 प्रतिशत एथनॉल और 78 प्रतिशत पेट्रोल का मिश्रण), ई25, ई27 और ई30 मिश्रणों तक कर छूट का विस्तार एक प्रारंभिक कदम है जो भविष्य में उच्च एथनॉल-युक्त ईंधन की किसी भी संभावित शुरुआत को सुगम बनाएगा। किसी भी तरह के क्रियान्वयन से पहले व्यापक परीक्षण और परामर्श के बाद ही इसे लागू किया जाएगा।

### उत्पाद शुल्क से छूट ऐतिहासिक निर्णय

*एआईडीए के अध्यक्ष एस. विजेंद्र सिंह ने बयान में कहा, '' ई22 से ई30 मिश्रणों को उत्पाद शुल्क से छूट देना एक ऐतिहासिक निर्णय है, जो यह संकेत देता है कि भारत ई20 से आगे बढ़ने और अपने जैव ईंधन अभियान के अगले चरण को अपनाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, '' यह एक मजबूत संदेश देता है कि सरकार ऊर्जा आत्मनिर्भरता, किसानों की समृद्धि और स्वदेशी जैव ईंधन के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है।'*

### खास बातें

- उत्पाद शुल्क 22, 25, 27 और 30 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण पर किया गया
- अभी यह छूट 20 प्रतिशत एथेनॉल मिले पेट्रोल पर उपलब्ध थी
- भारत का आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने की दिशा में प्रयास




### कच्चे तेल पर निर्भरता कम होगी

यह कदम एथनॉल-मिश्रित पेट्रोल के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उठाया गया है, क्योंकि भारत आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने और अपने ऊर्जा मिश्रण में जैव ईंधन की हिस्सेदारी बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत है। यह अधिसूचना ऐसे समय में आई है जब ईंधन की कीमतों पर दबाव बना हुआ है।

### छूट ग्राहकों को प्रोत्साहित करने दी गई

*अधिसूचना में मंत्रालय ने कहा कि 22 प्रतिशत, 25 प्रतिशत, 27 प्रतिशत और 30 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण वाले पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 'शून्य' होगा। यह उत्पाद शुल्क छूट ग्राहकों को एथनॉल-मिश्रित पेट्रोल की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दी गई है। मई के दूसरे पखवाड़े में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग 7.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद यह कदम उठाया गया है।*

### कदम घरेलू उपभोक्ताओं को संरक्षण देने उठाया गया

केंद्र सरकार ने मार्च में पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क 10 रुपये प्रति लीटर घटाया था, जिससे उसने वार्षिक राजस्व में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी उठाई थी। यह कदम पश्चिम एशिया युद्ध के बीच वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से घरेलू उपभोक्ताओं को संरक्षण देने के लिए उठाया गया है।

# खाड़ी तनाव से सेंसेक्स 151 अंक टूटा, निफ्टी भी रहा नुकसान में

एजेंसी ▸▸| मुंबई



उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स जहां 151 अंक टूट गया, वहीं एनएसई निफ्टी 53 अंक फिसल गया। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने के साथ निवेशकों के सतर्क रुख अपनाये जाने से बाजार में गिरावट आई।

विश्लेषकों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और अमेरिका में महंगाई बढने से भी बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 150.63 अंक टूटकर 73,832.55 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 53.35 अंक की गिरावट के साथ 23,161.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस, एचसीएल टेक, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, इटर्नल और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और सन फार्मा शामिल हैं।

- तनाव बढ़ने से निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया
- विदेशी निवेशकों की बाजार से पूंजी निकासी जारी रही

### क्रूड में एक फीसदी की गिरावट रही

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजार में एक और बहुत उतार-चढ़ाव वाला सत्र देखा गया। मानक सूचकांक ने शुरुआती नुकसान से उबरते हुए जोरदार सुधार किया, लेकिन कारोबार के दूसरे हिस्से में अपनी बढ़त गंवा दी।'' वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड एक प्रतिशत टूटकर 92.16 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

**कार्यालय कलेक्टर(आदिवासी विकास) जिला - बिलासपुर छ.ग.**
**दूरभाष नं. 07752-225545 फैक्स नं. 07752-225545 E-mail-id actd.bilaspur@nic.in**

क्रमांक / प्रयास / 2026-27 / 566 बिलासपुर दिनांक 08/06/2026

**-: संक्षिप्त विज्ञप्ति :-**

**मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत बिलासपुर जिले में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय बालक / बालिका एवं अन्य पिछड़ावर्ग प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय में कक्षा 09वीं से 12वीं तक अध्यापन एवं कोचिंग कार्य हेतु फैकल्टी की व्यवस्था के लिए पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं से ऑनलाइन ''रुचि की अभिव्यक्ति'' का आमंत्रण वर्ष 2026-27**

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत संचालित प्रयास आवासीय (बालक / बालिका) विद्यालय एवं अन्य पिछड़ा वर्ग प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय बिलासपुर में निम्नानुसार शैक्षणिक सत्र में कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक प्रवेशित छात्र-छात्राओं को अध्यापन के साथ-साथ अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे एनटीएसई, विज्ञान पहेली तथा ओलम्पियाड एवं विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों जैसे सीए/सीएस/सीएमए, क्लेट, इंजीनियरिंग एवं मेडिकल हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराये जाने के लिये पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं से ऑनलाइन निविदा / प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | विद्यालय का नाम | वर्ष | कक्षा | निविदा क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रयास आवासीय विद्यालय बिलासपुर (बालक बालिका) (वाणिज्य एवं कला संकाय) | 2026-27 | 09वीं | 192841 |
| | | 2027-28 | 10वीं | |
| | | 2028-29 | 11वीं | |
| | | 2029-30 | 12वीं | |
| 2 | अन्य पिछड़ावर्ग प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय बिलासपुर (गणित एवं विज्ञान संकाय) | 2026-27 | 09वीं | 192842 |
| | | 2027-28 | 10वीं | |
| | | 2028-29 | 11वीं | |
| | | 2029-30 | 12वीं | |

| | |
|---|---|
| (i) रुचि की अभिव्यक्ति का ऑनलाईन प्रदर्शन की तिथि | 10/06/2026 सायं 03.00 बजे से |
| (ii) रुचि की अभिव्यक्ति के संबंध में PreBid Meeting | 22/06/2026, अपराह्न 2.00 बजे |
| (iii) निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव ऑनलाइन प्रेषित करने की अंतिम तिथि | 09/07/2026, सायं 3.00 बजे |
| (iv) प्राप्त प्रस्ताव को समिति के समक्ष खोला जाना एवं तकनीकी मूल्यांकन | 10/07/2026, सायं 03.00 बजे |
| (v) रुचि की अभिव्यक्ति संबंधी अन्य कार्यवाही / जानकारी की सूचना | पृथक से दी जायेगी। |

**(टीप - निविदा प्रारूप के दस्तावेज (हार्डकॉपी) भी दिनांक 09.07.2026 को अधोहस्ताक्षर कार्यालय में जमा करेंगे।)**

अन्य कार्यवाही की सूचना पृथक से दी जायेगी। विस्तृत जानकारी तथा नियमावली हेतु विभागीय वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in अथवा www.bilaspur.gov.in वेबसाईट पर अवलोकन तथा ई प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https//eproc.cgstate.gov.in पर उपरोक्तानुसार निविदा क्रमांक से वांछित जानकारी / प्रपत्र अवलोकन/डाउनलोड कर सकते है। (कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित )

G-262701316/2

सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास बिलासपुर

### बिजनेस साइट

## केंद्र के फैसले का फ्रीडम हेल्दी कुकिंग ऑयल्स ने किया स्वागत

**भुवनेश्वर।** फ्रीडम हेल्दी कुकिंग ऑयल्स ने भारत सरकार द्वारा खाने के तेल के लिए स्टैंडर्ड पैक साइज़ लागू करने संबंधी जारी अधिसूचना का स्वागत किया है। कंपनी ने इसे उपभोक्ता हित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इससे बाजार में पारदर्शिता, एकरूपता और मूल्य तुलना की प्रक्रिया अधिक आसान होगी। कंपनी के अनुसार, उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा लीगल मेट्रोलॉजी फ्रेमवर्क के तहत जारी अधिसूचना में 200 मिलीलीटर, 500 मिलीलीटर, 2 लीटर/ किलोग्राम, 3 लीटर/ किलोग्राम, 4 लीटर/किलोग्राम, 5 लीटर/ किलोग्राम, 15 लीटर/ किलोग्राम और 20 लीटर/ किलोग्राम जैसे पैक साइज को मानकीकृत किया गया है। फ्रीडम हेल्दी कुकिंग ऑयल्स के सेल्स एवं मार्केटिंग के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट पी. चंद्र शेखर रेड्डी ने कहा कि यह निर्णय उपभोक्ताओं को स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराने




और निष्पक्ष व्यापारिक व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम साबित होगा। वहीं, मार्केटिंग हेड चेतन पिंपलखुटे ने कहा कि कंपनी लंबे समय से पैक साइज़ की पारदर्शिता और उपभोक्ता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है।

## कई बैंकों ने एफसीएनआर जमा पर ब्याज दरें बढ़ाई

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और आईसीआईसीआई बैंक सहित कई बैंकों ने बृहस्पतिवार को प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) के लिए ऊंची ब्याज दरों की पेशकश करने वाली एक नई विदेशी मुद्रा प्रवासी (एफसीएनआर-बी) जमा योजना शुरू की। एनआरआई सावधि जमा (एफडी) की ब्याज दरों में यह बढ़ोतरी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा बैंकों के लिए 30 सितंबर तक विदेशी मुद्रा अदला-बदली खिड़की की घोषणा के कुछ ही दिन बाद आई है। रिजर्व बैंक के इस कदम से बैंकों को इन जमाओं पर वहन की जाने वाली मुद्रा की 'हेजिंग' लागत से प्रभावी रूप से राहत मिली है और उनके पास जमा दरों में वृद्धि करने की गुंजाइश बनी है। इस कदम का उद्देश्य प्रवासी भारतीयों से विदेशी मुद्रा जमा आकर्षित करना है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस जमा योजना के तहत करीब 60 से 70 अरब अमेरिकी डॉलर की विदेशी पूंजी भारत आने की संभावना है। आरबीआई के इस कदम के बाद, आईसीआईसीआई बैंक ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि वह 11 जून से एनआरआई एफडी पर 6.50 प्रतिशत ब्याज की पेशकश कर रहा है।

एसबीआई ने अमेरिकी डॉलर में तीन से पांच वर्ष की अवधि वाली नई 'एसबीआई एडवांटेज एफसीएनआर (बी)' जमा योजना शुरू की है। इस योजना में एक वर्ष की लॉक-इन अवधि होगी।

## अमेरिका में महंगाई दर तीन साल के सबसे उच्च स्तर पर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में गैस की बढ़ती कीमतों के कारण मई में महंगाई दर तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इससे अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के लिए ब्याज दरों को लेकर नई चुनौती खड़ी हो गई है और आगामी मध्यावधि चुनावों से पहले डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन पर भी राजनीतिक दबाव बढ़ सकता है।

**NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN**
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Aatal Nagar- 492 002, Chhattisgarh. Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, **NRANVP** invites tender for following works:

**NIT No: 20/AMC-Elevator&Escalator-OC-RC-CC-PB/ EEE/ CE/ NRANVP/ 2026-27, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 10.06.2026**

**Name of Work: "Comprehensive Annual Maintenance contract of Elevators and Escalators in office complex sector 24, Retail Complex and commercial complex at sector 21 and Paryawas Bhawan at sector 19 of Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)" (1st Call).**

Estimated cost: **INR : 122.26 Lakh/ year (with increment of 5 % per year for subsequent year), EMD: INR 1.22 Lakhs,** Period of Completion: **36 Months**
**Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 01.07.2026**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

**Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.**

S-48123/1 **Chief Engineer, NRANVP**

**कार्यालय, अधिष्ठाता**
**पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)**
**Phone No. 0771-2525602, 2890001 (Fax) 0771-2523919**
**Email - ptjnm-mcr@rediffmail.com Website- www.ptjnmraipur.in**

**क्रमांक/चिकि./स्था.I,II/संविदा/2026/8851 रायपुर, दिनांक 10/06/2026**

**विज्ञापन सूचना**

पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के द्वारा विभिन्न विभागों में चिकित्सा शिक्षकों के रिक्त पदों पर आरक्षण रोस्टर अनुसार संविदा से भर्ती किये जाने हेतु दिनांक दिनांक 17-06-2026 दिन बुधवार को प्रातः 10:30 बजे से अधिष्ठाता कार्यालय के कॉलेज काउंसिल हॉल में वॉक-इन-इन्टरव्यू आयोजित किया जा रहा है। चिकित्सा शिक्षकों के विभागवार रिक्तियों की जानकारी महाविद्यालय की वेबसाईट www.ptjnmcraipur.in पर उपलब्ध है। जिसमें पात्रतानुसार उम्मीदवार अपने समस्त आवश्यक मूल दस्तावेजों एवं उसकी छायाप्रति मय पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ सम्मिलित हो सकते हैं। उक्त नियुक्ति छ.ग. चिकित्सा शिक्षा (राजपत्रित) संविदा सेवा भर्ती नियम 2012 की अधिसूचना के तहत होगी ।

**नोट :-**

1. विभागों की रिक्त पदों की उपलब्धता के अनुसार आवेदन की जॉच कर वॉक-इन-इन्टरव्यू लिये जायेंगे।

उक्त पदों में आरक्षण नियम का पालन शासन के निर्देशानुसार करते हुये नियुक्ति की कार्यवाही कीजावेगी।

1. एन. एम. सी. मापदंडों के अनुसार पात्रता निर्धारित होगी।
2. पदों की संख्या परिवर्तनीय है।
3. एन. एम. सी. मापदंडों के अनुरूप आवश्यक समस्त मूल दस्तावेज सहित वॉक इन इन्टरव्यू की निर्धारित तिथि में उपस्थित होना आवश्यक होगा।
4. वाक इन इन्टरव्यू के आवेदन फार्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करने का समय कार्यालयीन अवधि में दोपहर 12:00 बजे तक निर्धारित है।
5. निर्धारित समयावधि पश्चात आवेदन फार्म जमा नही लिया जावेगा।

**(आवश्यक दस्तावेज** पासपोर्ट साइज फोटो, समस्त अंकसूची ( MBBS / MD), छ.ग. पंजीयन, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पब्लिकेशन, 10वीं अंकसूची, डिग्री (MBBS / MD), अनुभव प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, BCME & BCBR तथा पद से संबंधित अन्य आवश्यक दस्तावेज)

**अधिष्ठाता**
**पं. ज. ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ. ग.)**

G-262701384/1

## लावा का 2030 तक स्मार्टफोन बाजार में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी का लक्ष्य

एजेंसी ▸▸| कोलकाता



मोबाइल फोन विनिर्माता लावा इंटरनेशनल लिमिटेड ने 2030 तक 30,000 रुपये से कम कीमत वाले स्मार्टफोन खंड में 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी का मानना है कि उत्पाद नवोन्मेष, आकर्षक डिजाइन और बेहतर बिक्री-बाद सेवाओं के बल पर वह यह लक्ष्य हासिल कर सकेगी। कंपनी के प्रबंध निदेशक सुनील रैना ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि स्मार्टफोन खंड में कंपनी की वर्तमान बाजार हिस्सेदारी दो प्रतिशत से कम है, लेकिन पिछले चार वर्षों में इस श्रेणी में उसकी वार्षिक वृद्धि 40-50 प्रतिशत रही है। रैना ने कहा, ''2017 के बाद भारतीय स्मार्टफोन कंपनियों के लिए चुनौतीपूर्ण दौर था जिससे हमें अपने स्मार्टफोन कारोबार की रणनीति पर विराम लगाना पड़ा। हमने 2022 में फिर से इस क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया और तब से 40-50 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की है। इस दौरान उद्योग लगभग स्थिर रहा, लेकिन हम लगातार बढ़ते रहे।'' रैना ने कहा कि कंपनी फिलहाल 30,000 रुपये से कम कीमत वाले स्मार्टफोन खंड पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा, ''इस समय हमारी बाजार हिस्सेदारी दो प्रतिशत से कम है। हमारा लक्ष्य 2030 तक इस श्रेणी में 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करना है।''

### कंपनी हर साल 15 करोड़ स्मार्टफोन बेचती है

एमडी ने बताया कि देश में हर साल लगभग 15 करोड़ स्मार्टफोन बिकते हैं। इसमें 30,000 रुपये से कम कीमत वाले फोन का हिस्सा 70 से 75 प्रतिशत हैं। रैना ने कहा कि कंपनी फिलहाल इसी खंड पर ध्यान केंद्रित कर रही है और महंगे स्मार्टफोन वर्ग में धीरे-धीरे आगे बढ़ने की रणनीति अपना रही है।

**कार्यालय नगर पंचायत कोतबा, जिला जशपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/142/न.पं. / 2026-27 कोतबा, दिनॉक 11/06/2026
E-mail Id - cmonpkotba@gmail.com

**// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पंचायत कोतबा अंतर्गत निम्न विकास कार्य हेतु निर्माण कार्य कराया जाना है जिसके लिए ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर नम्बर | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (एफडी आर) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि व समय | दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथित व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of KOTBA, Chhattisgarh | 193089 | 25.67 | 12,900 | 25-06-2026 17:30 PM | 30-06-2026 16:00 PM |
| 2 | वार्ड क्र. 02 में मुक्तिधाम निर्माण कार्य | 193082 | 58.18 | 44,000 | 25-06-2026 17:30 PM | 30-06-2026 16:00 PM |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.csstate.gov.in देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। अमानत राशि (टीडीआर / एफडीआर/डीडी वापसी योग्य नहीं) तथा दस्तावेज उपरोक्त तिथि को नगर पंचायत कोतबा में पंजीकृत / स्पीड डाक से प्रेषित करें।

नगर पंचायत के करों का भुगतान समय पर करें एव नगर को स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत कोतबा**

**संघ लोक सेवा आयोग**

**दिनांक:- 20.05.2026**

**परीक्षा/भर्ती परीक्षण कार्यक्रम-2027**

| क्रम संख्या | परीक्षा का नाम | अधिसूचना की तिथि | आवेदन की अंतिम तिथि | परीक्षा शुरू होने की तिथि | परीक्षा की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संघ लोक सेवा आयोग के भर्ती परीक्षण / परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 09.01.2027 (शनिवार) | 2 दिन |
| 2 | सम्मिलित भू-वैज्ञानिक (प्रारंभिक) परीक्षा, 2027 | 02.09.2026 | 22.09.2026 | 10.01.2027 (रविवार) | 1 दिन |
| 3 | इंजीनियरी सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2027 | 16.09.2026 | 06.10.2026 | 31.01.2027 (रविवार) | 1 दिन |
| 4 | केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (पुलिस उपाधीक्षक) सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा | 16.12.2026 | 05.01.2027 | 27.02.2027 (शनिवार) | 2 दिन |
| 5 | संघ लोक सेवा आयोग के भर्ती परीक्षण / परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 13.03.2027 (शनिवार) | 2 दिन |
| 6 | केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सहायक कमांडेंट (कार्यकारी) सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2027 | 25.11.2026 | 15.12.2026 | 14.03.2027 (रविवार) | 1 दिन |
| 7 | राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा नौसेना अकादमी परीक्षा (I), 2027 | 02.12.2026 | 22.12.2026 | 11.04.2027 (रविवार) | 1 दिन |
| 8 | सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (I), 2027 | | | | |
| 9 | सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2027 | 13.01.2026 | 02.02.2027 | 23.05.2027 (रविवार) | 1 दिन |
| 10 | सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2027 के माध्यम से भारतीय वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2027 | | | | |
| 11 | संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 05.06.2027 (शनिवार) | 2 दिन |
| 12 | इंजीनियरी सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2027 | | | 18.06.2027 (शुक्रवार) | 1 दिन |
| 13 | भारतीय आर्थिक सेवा / भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा, 2027 | 10.02.2027 | 02.03.2027 | 18.06.2027 (शुक्रवार) | 3 दिन |
| 14 | सम्मिलित भू-वैज्ञानिक (प्रधान) परीक्षा, 2027 | | | 19.06.2027 (शनिवार) | 2 दिन |
| 15 | केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सहायक कमांडेंट) परीक्षा, 2027 | 17.02.2026 | 09.03.2027 | 04.07.2027 (रविवार) | 1 दिन |
| 16 | सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा, 2027 | 03.03.2027 | 23.03.2027 | 18.07.2027 (रविवार) | 1 दिन |
| 17 | संघ लोक सेवा आयोग के भर्ती परीक्षण / परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 31.07.2027 (शनिवार) | 2 दिन |
| 18 | संघ लोक सेवा आयोग के भर्ती परीक्षण/ परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 07.08.2027 (शनिवार) | 2 दिन |
| 19 | सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2027 | | | 20.08.2027 (शुक्रवार) | 5 दिन |
| 20 | राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा नौसेना अकादमी परीक्षा (II), 2027 | 12.05.2027 | 01.06.2027 | 19.09.2027 (रविवार) | 1 दिन |
| 21 | सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (II), 2027 | | | | |
| 22 | संघ लोक सेवा आयोग के भर्ती परीक्षण/ परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 25.09.2027 (शनिवार) | 2 दिन |
| 23 | संघ लोक सेवा आयोग के भर्ती परीक्षण / परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 16.10.2027 (शनिवार) | 2 दिन |
| 24 | संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 23.10.2027 (शनिवार) | 2 दिन |
| 25 | भारतीय वन सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2027 | | | 21.11.2027 (रविवार) | 7 दिन |
| 26 | संघ लोक सेवा आयोग के भर्ती परीक्षण / परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 04.12.2027 (शनिवार) | 2 दिन |
| 27 | अनुभाग अधिकारी / आशुलिपिक (ग्रेड-ख / ग्रेड-I), सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा | 15.09.2027 | 05.10.2027 | 18.12.2027 (शनिवार) | 2 दिन |

**नोट: परिस्थितियों के अनुसार अधिसूचना की तिथियां, भर्ती परीक्षण / परीक्षा की शुरुआत और अवधि में परिवर्तन किया जा सकता है।**

**CBC 55101/14/0001/2627**

फीफा विश्व कप 2026

# फीफा वर्ल्ड कप में मैक्सिको के जूलियन ने दागा पहला गोल, द.अफ्रीका ने भी दिखाया दमखम

## फुटबॉल की बादशाहत हथियाने 'जंग' शुरू 48 टीमों के बीच रहेगी कांटे की टक्कर

एजेसी ▶▶ मेक्सिको

फुटबॉल का महाकुंभ फीफा वर्ल्ड कप की शुरुआत मैक्सिको और साउथ अफ्रीका के मैच के साथ हुई। पहला मैच मैक्सिको सिटी के एज्टेका स्टेडियम में मैक्सिको और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया। साउथ अफ्रीका की टीम पीली जर्सी में मैदान में उतरी जबकि मेजबान मैक्सिको हरे रंग की अपनी पारंपरिक जर्सी में नजर आई। खचाखच भरे स्टेडियम में दर्शक दोनों ही टीमों की हौसला आफजाई करते नजर आए।

### मैच के नौवें मिनट पर हुआ पहला गोल

मैच के नौवें मिनट में मैक्सिको के जूलियन क्विनोनेस ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 का पहला गोल किया। साउथ अफ्रीका भी दमखम दिखाने में पीछे नहीं रही और उसने भी 20 मिनट के भीतर गोल कर दिया। इसके बाद मैक्सिको ने दनादन गोल दागकर 3-1 से बढ़त बना ली। समाचार लिखे जाने तक दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला जारी रहा।



**मैक्सिको :** राउल रेंगल (कप्तान), सेसर मोंटेस, जोहान वास्केज, इजरायल रेयेस, जीसस गालार्डो, एरिक लीरा, अल्वारो फिडाल्गो, ब्रायन गुटिएरेज, राउल जिमेनेज, जूलियन क्विनोनेस और रोबर्टो अल्वाराडो।

**साउथ अफ्रीका :** रोनवेन विलियम्स (कप्तान), ऑब्रे मोडिबा, मबेकेजेली म्बोकाजी, न्कोसिनाथी सिबिसी, खुलिसो मुढाउ, इमे ओकोन, टेबोहो मोकोएना, स्पेफेलो सिथोले, जेडन एडम्स, लाइल फोस्टर और इकराम रेनर्स।

### कौन सी टीम किस ग्रुप में है?

ग्रुप ए : मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, चेकिया, दक्षिण कोरिया।
ग्रुप बी : बोस्निया और हर्जेगोविना, कनाडा, कतर, स्विट्जरलैंड।
ग्रुप सी : ब्राजील, हैती, मोरक्को, स्कॉटलैंड।
ग्रुप डी : ऑस्ट्रेलिया, पराग्वे, तुर्की, अमेरिका।
ग्रुप ई : कुरासाओ, इक्वाडोर, जर्मनी, आइवरी कोस्ट
ग्रुप एफ : जापान, नीदरलैंड, स्वीडन, ट्यूनीशिया
ग्रुप जी : बेल्जियम, मिस्र, ईरान, न्यूजीलैंड
ग्रुप एच: स्पेन, केप वर्डे, सऊदी अरब, उरुग्वे
ग्रुप आई: फ्रांस, सेनेगल, इराक, नॉर्वे
ग्रुप जे : अर्जेंटीना, अल्जीरिया, ऑस्ट्रिया, जॉर्डन
ग्रुप के : पुर्तगाल, कांगो. उज्बेकिस्तान, कोलंबिया
ग्रुप एल : इंग्लैंड, क्रोएशिया, घाना, पनामा

### तीन देशों के 16 शहरों में होंगे 104 मैच

ग्रुप चरण के बाद टूर्नामेंट राउंड ऑफ 32, राउंड ऑफ 16, क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल के चरणों में आगे बढ़ेगा। कुल 104 मैच खेले जाएंगे, जो टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वाधिक हैं। मुकाबलों का आयोजन 3 मेजबान देशों के 16 शहरों में होगा। इनमें सबसे ज्यादा मैच अमेरिका में खेले जाएंगे, जबकि कनाडा और मेक्सिको को 13-13 मैचों की मेजबानी मिली है। यह विश्व कप अपने आकार और आयोजन के लिहाज से अब तक का सबसे बड़ा संस्करण होगा।

# फीफा विश्व कप के इतिहास में मिरोस्लाव क्लोसे ने 16 तो मेस्सी ने दागे हैं 13 गोल

**मैक्सिको सिटी।** फीफा विश्व कप सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट है, जहां खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से इतिहास रचा है। इस मंच पर गोल करना किसी भी खिलाड़ी के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में गिना जाता है। कई दिग्गजों ने विश्व कप में अपनी छाप छोड़ी है। कुछ सितारे ऐसे रहे हैं, जिन्होंने लगातार गोल दागकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। ऐसे में आइए आगामी संस्करण से पहले टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल दागने वाले खिलाड़ियों पर नजर डालते हैं।



### मिरोस्लाव क्लोसे (16 गोल)

पहले स्थान पर जर्मनी फुटबॉल टीम के पूर्व स्टार खिलाड़ी मीरोस्लाव क्लोसे हैं। उन्होंने फीफा विश्व कप में 24 मैच खेलते हुए रिकॉर्ड 16 गोल किए थे। क्लोसे 2014 में विश्व कप जीतने वाली जर्मन टीम का भी हिस्सा रहे। जर्मनी के लिए उन्होंने 137 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 71 गोल दागे, जो देश की ओर से सर्वाधिक हैं। इस मामले में दूसरे स्थान पर दिग्गज स्ट्राइकर गर्ड मुलर हैं, जिन्होंने 62 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 68 गोल किए थे।

### रोनाल्डो नजारियो (15 गोल)

ब्राजील की 1994 और 2002 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे रोनाल्डो नजारियो इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 19 मुकाबलों में 15 गोल दागे थे। ब्राजील के लिए इस खिलाड़ी ने 99 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 62 गोल किए। 1994 विश्व कप में उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था, लेकिन 2002 विश्व कप में उन्होंने 8 गोल किए थे। टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने के लिए उन्हें गोल्डन बूट पुरस्कार भी मिला था।

### गर्ड मुलर (14 गोल)

तीसरे स्थान पर जर्मनी के दिग्गज स्ट्राइकर गर्ड मुलर हैं। उन्होंने फीफा विश्व कप के 13 मुकाबलों में 14 गोल दागे थे। 1970 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने 10 गोल किए और गोल्डन बूट अपने नाम किया, हालांकि जर्मनी खिताब जीतने में सफल नहीं हो पाया था। इसके बाद 1974 विश्व कप में उन्होंने 4 गोल किए और जर्मनी को विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने जर्मनी के लिए 62 मैचों में 68 गोल दागे।

### लियोनल मेसी और जस्ट फोंटेन (13-13 गोल)

अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनल मेसी और फ्रांस के जस्ट फोंटेन इस सूची में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। दोनों खिलाड़ियों ने फीफा विश्व कप में 13-13 गोल दागे हैं। मेसी 2026 विश्व कप में खेलते नजर आएंगे और उनके पास फोंटेन को पीछे छोड़ने का मौका होगा। किलियन एम्बाप्पे के नाम विश्व कप में 12 गोल हैं और वह भी इस सूची में आगे बढ़ सकते हैं। मेसी ने 2022 में अर्जेंटीना को विश्व कप जिताया था।



## खबर संक्षेप



### अफगानिस्तान ए ने डकवर्थ लुईस प्रणाली से भारत ए को चार रन से हराया

**दाम्बुला।** अफगानिस्तान ए ने बड़ा उलटफेर करते हुए सितारों से सजी भारत ए टीम को त्रिकोणीय एक दिवसीय श्रृंखला के वर्षाबाधित मैच में बृहस्पतिवार को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर चार रन से हरा दिया। कप्तान तिलक वर्मा, उपकप्तान रूतुराज गायकवाड़ और सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह के अर्धशतकों की मदद से भारत ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 349 रन बनाये। प्रभसिमरन ने 69 गेंद में 84, गायकवाड़ ने 80 गेंद में 66 रन और तिलक ने 73 गेंद में 66 रन बनाये। हल्की बूंदाबांदी के कारण मैच प्रति टीम 49 ओवर का कर दिया गया। बार बार बारिश के कारण खेल बाधित होने के बाद अफगानिस्तान ए को 38 ओवर में 294 रन का संशोधित लक्ष्य मिला।

### द्रविड़ के बेटे अन्वय भारत की अंडर-19 टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज राहुल द्रविड़ के छोटे बेटे अन्वय द्रविड़ को चार जुलाई से शुरू होने वाले श्रीलंका के दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में चुना गया।



भारतीय क्रिकेट बोर्ड की जूनियर क्रिकेट समिति ने श्रीलंका के आगामी दौरे के लिए भारत की पुरुष अंडर-19 टीम की घोषणा की। इस दौरे पर तीन वनडे और दो बहु-दिवसीय मैच खेले जाएंगे।

# महिला टी20 वर्ल्ड कप आज से, भारत-पाकिस्तान में 14 को भिड़ंत

## पहली बार 12 टीमें ले रहीं हिस्सा, फाइनल मुकाबला 5 जुलाई को खेला जाएगा

एजेसी ▶▶ नई दिल्ली

महिला टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत शुक्रवार 12 जून से होने जा रही है। इंग्लैंड की सरजमीं पर आयोजित होने वाले इस विश्व कप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम खिताबी दावेदारी पेश करने वाली बड़ी टीमों में से एक है।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन जय शाह ने 2026 महिला टी20 वर्ल्ड कप को इतिहास का सबसे बड़ा टूर्नामेंट बताया है। यह टूर्नामेंट 12 जून से शुरू होने जा रहा है, जिसमें पहली बार 12 टीमें हिस्सा लेंगी। फाइनल मुकाबला 5 जुलाई को खेला जाएगा। भारत को ग्रुप ए में रखा गया है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, नीदरलैंड्स, बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका जैसी मजबूत टीमें शामिल हैं। भारत का पहला मुकाबला 14 जून को पाकिस्तान के साथ होगा। पाकिस्तान आज तक एशिया के बाहर महिला टी-20 विश्व कप में भारत को नहीं हरा सकी है।



**किस ग्रुप में कौन सा देश**

ग्रुप ए : भारत, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, नीदरलैंड्स, बांग्लादेश, द.अफ्रीका।
ग्रुप बी: इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, स्कॉटलैंड।

### इंग्लैंड और वेल्स करेंगे मेजबानी

इस बार महिला टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी इंग्लैंड और वेल्स कर रहे हैं। टूर्नामेंट में भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड सहित कुल 12 टीमें भाग लेंगी। टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है, जिससे प्रतियोगिता और भी रोमांचक हो गई है।

### भारत का पूरा शेड्यूल

भारतीय महिला टीम अपना पहला मुकाबला 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद टीम लगातार अहम मुकाबलों में मैदान पर उतरेगी। 14 जून: भारत बनाम पाकिस्तान। 17 जून: भारत बनाम नीदरलैंड्स। 21 जून: भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका। 25 जून: भारत बनाम बांग्लादेश। 28 जून: भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया।

### टीम इंडिया की नजर पहली ट्रॉफी पर

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम पहली बार यह खिताब जीतने की कोशिश करेगी। अब तक टीम इंडिया महिला टी20 वर्ल्ड कप नहीं जीत सकी है, लेकिन इस बार टीम से बड़ी उम्मीदें लगाई जा रही हैं। टूर्नामेंट के बढ़े हुए फॉर्मेट और 12 टीमों की भागीदारी ने इसे अब तक का सबसे बड़ा महिला टी20 वर्ल्ड कप बना दिया है।

# सिंधू और तन्वी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में

एजेसी ▶▶ सिडनी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और युवा खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने बृहस्पतिवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने प्रतिद्वंद्वियों को सीधे गेम में हराकर महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने राउंड ऑफ 16 मैच में हमवतन ईशारानी बरुआ को 42 मिनट में 22-20, 21-12 से शिकस्त दी।



बुधवार को चीनी ताइपे की पांचवीं वरीय और दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी च्यू पिन चियान को हराकर उलटफेर करने वाली तन्वी ने हमवतन मालविका बंसोड़ को 21-13, 21-15 से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। अब सिंधू चीनी ताइपे की चेन सु यू से भिड़ेंगी जबकि तन्वी का सामना जापान की शीर्ष वरीय अकाने यामागुची से होगा। तान्या हेमंत का सफर थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से 12-21, 15-21 से हारकर खत्म हो गया।

# वनडे विश्व कप 2027 का शुभारंभ 4 अक्टूबर से

एजेसी ▶▶ नई दिल्ली



अगले साल होने वाला वनडे विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा। इसके कार्यक्रम को तय कर दिया गया है, जिसके तहत टूर्नामेंट 4 अक्टूबर से 21 नवंबर, 2027 तक आयोजित हो सकता है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के मुताबिक इन तारीखों पर सहमति मई में अहमदाबाद में हुई इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल बोर्ड बैठक के दौरान बनी थी। अब इस कार्यक्रम को अंतिम रूप जुलाई में एडिनबर्ग में होने वाली आईसीसी की वार्षिक आम बैठक में दिया जाएगा।

### इस बार 14 टीमें लेंगी हिस्सा

साल 2003 के बाद पहली बार अफ्रीकी महाद्वीप पर वनडे विश्व कप खेला जाएगा। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका 2007 टी-20 विश्व कप, 2009 चैंपियंस ट्रॉफी और 2023 महिला टी-20 विश्व कप की मेजबानी कर चुका है। यह टूर्नामेंट फिर से 14 टीमों के प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें टीमों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। शीर्ष-3 टीमें सुपर-6 चरण में पहुंचेंगी। दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे सीधे क्वालीफाई करेंगे, जबकि नामीबिया को क्वालीफिकेशन प्रक्रिया से गुजरना होगा।

# रोहित अफगानिस्तान के खिलाफ मैदान में उतरते ही तोड़ देंगे 37 साल पुराना रिकॉर्ड

एजेसी ▶▶ नई दिल्ली

क्रिकेटर रोहित शर्मा अफगानिस्तान के खिलाफ पहले वनडे के दौरान मैदान पर कदम रखते ही इतिहार रच देंगे। मौजूदा फॉर्मेट में भारत के लिए खेलने के लिए खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएंगे और इस तरह से 37 साल पुराना रिकॉर्ड टूट जाएगा। भारत और अफगानिस्तान के बीच खेली जाने वाली तीन मैचों का वनडे सीरीज का आगाज 13 जून से होने जा रहा है। इस सीरीज का पहला मैच धर्मशाल में होगा।



### मोहिंदर अमरनाथ के नाम है सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का टैग

रोहित शर्मा जब अफगानिस्तान के खिलाफ 13 जून को धर्मशाला के मैदान में उतरेंगे तो उनकी उम्र 39 साल 44 दिन होगी और वह वन डे में भारत के लिए खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे। आपको बता दें कि इससे पहले यह रिकॉर्ड 1983 के वर्ल्ड कप चैंपियन प्लेयर मोहिंदर अमरनाथ के नाम था। उन्होंने भारत के लिए आखिरी वनडे 1989 में खेला था, तब वह 39 साल 36 दिन के थे।

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
आंचलिक कार्यालय, स्टार हाऊस, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 48, सेक्टर-24, नया रायपुर, छत्तीसगढ़ 492101
ई-नीलामी सूचना मेगा ऑक्शन अंतर्गत
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) व 1 के अधीन अंचल संपत्ति की बिक्री की सूचना

ई-नीलामी तिथि एवं समय : 09.07.2026, प्रातः 11.00 से सायं 5.00 तक

ई-नीलामी उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी नोटिस के अनुसार बैंक ऑफ इंडिया की ओर से बैंक के अधिकृत अधिकार द्वारा नीचे उल्लेखित सम्पत्तियों का कब्जा लिया गया था। अधिकृत अधिकारी द्वारा उधारकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया, के निम्न शाखाओं के खातों की वसूली के लिये उक्त अधिनियम के नियम 8 एवं 9 अधीन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का सार्वजनिक नीलामी द्वारा जैसा है जहाँ है एवं जिस अवस्था में है के आधार पर विक्रय करने का निर्णय लिया गया है।

| क्रं. | शाखा और उधारकर्ता/जमानतदार के नाम | बंधक संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य(लाख में) / ई.एम.डी. (लाख में) / बोली बढ़ोत्तरी (लाख में) | अ) मांग सूचना दिनांक / ब) कब्जा दिनांक / स) बकाया राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | एआरबी (रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता-मेसर्स निखिल पोल्ट्री, प्रोप.- श्री सोहन लाल चक्रधारी पिता श्री मक्खू लाल चक्रधारी, जमानतदार- श्री राम कुमार चक्रधारी पिता श्री मक्खू लाल चक्रधारी | भूमि, शेड्स एवं स्ट्रक्चर - खसरा नं 780, पीसी नं 41 का क्षेत्रफल- 0.15 हेक्टेयर, खसरा नं 781, पीसी नं 41 का क्षेत्रफल- 0.02 हेक्टेयर (2152.78 वर्ग फुट) एवं खसरा नं 782, पीसी नं 41 का क्षेत्रफल- 0.30 हेक्टेयर (32291.73 वर्ग फुट), ग्राम- अरौद, तहसील- धमतरी, जिला-धमतरी पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्री सोहन लाल चक्रधारी पिता श्री मक्खू लाल चक्रधारी। (भौतिक कब्जा) | ₹ 53.62 / ₹ 5.36 / ₹ 0.25 | अ) 10.06.2024 / ब) 05.06.2026 / स) ₹ 57.93 + ब्याज एवं अन्य खर्चें |
| 02 | एआरबी (रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता- मेसर्स गुरसुख एग्रो ट्रेडिंग कंपनी, प्रोप.: सुश्री पायल शर्मा | परिवर्तित पोल्ट्री फार्म भूमि, शेड्स एवं स्ट्रक्चर - खसरा नं 46/5, प.ह नं. 15, भिंभोरी, तिल्दा रोड के पास, तहसील एवं जिला - रायपुर, क्षेत्रफल - 39288 वर्गफुट, मालिकाना हक- सुश्री पायल शर्मा पिता श्री नारायण शर्मा। सीमाएँ: -उत्तर - राम सिंह का प्लॉट, दक्षिण - विक्रेता भूमि, पूर्व - सड़क, पश्चिम - मंत्रम का प्लॉट। (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 83.21 / ₹ 8.32 / ₹ 0.25 | अ) 31.07.2024 / ब) 01.10.2024 / स) ₹ 320.28 + ब्याज एवं अन्य खर्चें |
| 03 | एआरबी (रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता- मेसर्स पेट्रो जनरल इंजीनियरिंग वर्क्स, पार्टनर्स- 1. श्री अभिजीत गोस्वामी पिता स्व. सुशील कुमार गोस्वामी, 2. श्रीमती सृजाता गोस्वामी पति श्री अभिजीत गोस्वामी, 3. स्व. श्रीमती कृष्णा मोइत्रा पति श्री प्राण कुमार मोइत्रा एवं जमानतदार - श्री प्राण कुमार मोइत्रा पिता प्रभात कुमार मोइत्रा | खुली भूमि - खसरा नं 353 (बी1 के अनुसार खसरा नं 353/1 एवं 353/2 ), प.ह नं 15, वार्ड नं 02, जुनवानी, भिलाई, महर्षि विद्या मंदिर के पास, तहसील एवं जिला- दुर्ग (छ.ग) में क्षेत्रफल -47465 वर्गफुट पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्रीमती श्रीजता गोस्वामी पति श्री अभिजीत गोस्वामी। सीमाएँ (डीड के अनुसार):- उत्तर- खसरा नं 351, दक्षिण - खसरा नं 355, सुच्चा सिंह की भूमि, पूर्व - खसरा नं 354, ज्ञानचंद जैन की भूमि, पश्चिम - खसरा नं 352/1 एवं 352/2, चम्पा एवं कमला की भूमि। (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 373.20 / ₹ 37.32 / ₹ 0.50 | अ) 23.02.2018 / ब) 03.05.2018 / स) ₹ 532.94 + ब्याज एवं अन्य खर्चें |

ई- ऑक्शन की तारीख और समय-दिनांक : 09.07.2026, सुबह 11.00 से सायं 05.00 बजे, सीमा रहित 10 मिनट के अंतराल के एक्सटेंशन के साथ, प्रत्येक निरीक्षण की तारीख और समय - 12.06.2026 से 08.07.2026 सुबह 11.00 से दोपहर 03.00 बजे के बीच कार्यालयीन दिवस में।

नोटः-कोई भी बोलीकर्ता/ इच्छुक पक्ष प्लांट एवं मशीनरी के लिये बोली लगा सकता है, परंतु भूमि एवं भवन के लिये बोली लगाने हेतु, बोलीदाता को प्लांट और मशीनरी के लिये अनिवार्य बोली लगानी पड़ेगी क्योंकि किसी भी परिस्थिति में भूमि एवं भवन को स्वतंत्र रूप से बोली नहीं लगायी जा सकती।

उधारकर्ताओं/बंधक-कर्ताओं को 15 दिन का बकाया सूचना
उपरोक्त उधारकर्ताओं/बंधककर्ताओं को यह सूचित किया जाता है की सूचना पत्र में उल्लेखित राशि को मय ब्याज एव खर्चो के नीलामी से पूर्व जमा करवा दें अन्यथा बंधक रखी संपत्ति की नीलामी ऊपर दर्शायी गई दिनांक को कर दी जावेगी, उसके पश्चात शेष राशि के लिए अलग से वसूली की जावेगी।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - एआरबी (रायपुर) शाखा: सूरज कुमार - 7717741309, ई.एम.डी. भुगतान तथा तकनीकी जानकारी के लिए जोनल अधिकारी - श्री रमा राव, मो. 99084 84996.

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें: 1. नीलामी बिक्री / बोली, वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। 2. बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए वेबसाइट https://baanknet.com में जा कर "Guidelines" देख सकते हैं। 3. बोली राशि आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। 4. सर्वाधिक / सफल बोलीकर्ता का विक्रय के सम्बंध में अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली स्वीकार करने के बाद बोली/क्रय मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर की राशि में पहले से जमा बयाना राशि घटाकर शेष बची राशि अगले कार्य दिवस में जमा कराना होगा। अन्यथा उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। 5. क्रयमूल्य कि 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री कि पुष्टि करने से 15 दिन या उससे पहले अथवा उस बढ़ाई हुई अवधि के भीतर शेष राशि जमा नहीं करा पाने कि दशा में जमा राशि को जब्तकर लिया जायेगा एवं अधिकृत अधिकारी बैंक नीलामी को रद्द कर नये सिरे से नीलामी करने हेतु स्वतंत्र होंगे। 6. अधिकृत / सफल बोलीकर्ता की दशा में बयानाराशि का क्रय मूल्य में समायोजित कर दिया जायेगा एवं असफल बोलीकर्ताओं baanknet के द्वारा वापस कर दिया जायेगा। बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। 7. सम्पत्ति का जैसा है, जहाँ है एवं बिना किसी सहारे के आधार पर बेचा जायेगा। इच्छुक बोलीकर्ताओं नीलामी में शामिल होने में पूर्व सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का देय आदि के बारे में जानकारी स्वयं प्राप्त करें। 8. अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक से बिना किसी पूर्व सूचना एवं कारण बताये किसी भी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिक्री को स्थगित करने / टालने रद्द करने अथवा बिक्री की नियम व शर्तों को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है। 9. सम्पत्ति के क्रेता को सरकार को देय सभी वैधानिक देयक एवं सम्पत्ति से संबंधित सभी वर्तमान एवं भविष्य के कर, दर व देयक वहन करना होगा। 10. देय राशि ब्याज और अन्य शुल्कों को छोड़कर है। 11. इस नीलामी से संबंधित किसी भी तरह का संशोधन/त्रुटि सुधार/शुद्धिपत्र भविष्य में अखबार के माध्यम से प्रकाशित नहीं किया जायेगा कृपया इच्छुक नियमित रूप से ऊपर दी गई वेबसाईट से संज्ञान लेवें। 12. इस नीलामी की प्रक्रिया बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी नहीं बोली लगा सकते। 13. इच्छुक बोलीकर्ता को यूजर आई डी-व पासवर्ड स्वयं बनाना है। जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है। अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आई.डी. अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। 14. एक बोली लगाने वाला (बोलीकर्ता) होने की स्थिति में बोली फॉर्म में उद्धत बोली राशि में न्यूनतम एक बोली वृद्धि मूल्य की बढ़ोत्तरी करनी होगी, अन्यथा विक्रय निरस्त / स्थगित किया जायेगा।

किसी भी तरह की विवाद की स्थिति में इस ई-नीलामी जो कि दिनांक 12.06.2026, सेंट्रल क्रॉनिकल का अंग्रेजी संस्करण के प्रकाशन ही मान्य होगा।

दिनांक : 12.06.2026, स्थान : रायपुर
अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया

# वनडे रैंकिंग में सलाना अपडेट के बाद भारतीय क्रिकेट टीम टॉप पर



एजेसी ▶▶ नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की पुरुष वनडे टीम रैंकिंग के सलाना अपडेट के बाद भी भारतीय क्रिकेट टीम शीर्ष स्थान पर बरकरार है। हालांकि, भारत और दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड के बीच अंकों का अंतर कम हो गया है। भारत की रेटिंग 119 से घटकर 118 हो गई है, जबकि न्यूजीलैंड की रेटिंग 2 अंक बढ़कर 113 पहुंच गई है। इसके बावजूद भारतीय टीम वनडे रैंकिंग में पहले स्थान पर कायम है।

### अन्य टीमों की स्थिति

वनडे रैंकिंग में मौजूदा विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम 109 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर कायम है। शीर्ष-10 में एकमात्र बदलाव चौथे स्थान पर देखने को मिला है, जहां दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम (102) ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम (100) को पीछे छोड़ दिया है। वहीं, 9वें स्थान पर मौजूद बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के बीच अंतर भी बढ़ गया है। दोनों टीमों के बीच अब रेटिंग अंकों का फासला 10 अंक का हो गया है।

### टी-20 में भी शीर्ष पर बरकरार भारतीय टीम

*भारतीय टीम सिर्फ वनडे क्रिकेट ही नहीं, बल्कि टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भी शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। भारतीय टीम के 275 रेटिंग अंक हैं। वहीं, टेस्ट रैंकिंग में भारत तीसरे स्थान पर मौजूद है। इस प्रारूप में उसके 104 रेटिंग अंक हैं। टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया पहले और दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर काबिज हैं। यानी भारत 2 प्रारूपों में शीर्ष-3 टीमों में शामिल है, जबकि टी-20 में उसका दबदबा बरकरार है।*

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate
केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, जबलपुर
फोन : 8699142824
ई-नीलामी सूचना

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 9 का परन्तुक देखें ]
चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 06/07/2026 को केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी: मेसर्स आद्या केमिकल्स एंड वायर्स प्राइवेट लिमिटेड (1) रजिस्टर्ड ऑफिस : प.ह.नं. 39, ग्राम बरोण्डा, पोस्ट बंगोली, तिल्दा, जिला. रायपुर, छत्तीसगढ़-493225 (2) प्लॉट क्रमांक 19/12, फेस-2, सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र, रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-493111 श्री वासुदेवानंद मिश्रा पुत्र रामनरेश मिश्रा श्री हीरा मणि मिश्रा पुत्र राम नरेश मिश्रा | बंधक संपत्ति फ्रीहोल्ड डायवर्टेड इण्डस्ट्रियल भूमि एवं भवन स्थित खसरा नंबर 394/2 का भाग, प.ह.नं. 39, आर.आई.सी.- खरोरा, ग्राम- बरौंधा, तहसील-तिल्दा, जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल-12,482.00 वर्गफुट चर्तुसीमाएँ: उत्तरः संजय अग्रवाल और अन्य की भूमि, दक्षिणः सड़क, पूर्वः नहर पश्चात सियान सतनामी की भूमि, पश्चिमः केंद्रीय जैव प्रोद्योगिकी राज्य प्रबंधक और संजय अग्रवाल की भूमि सांकेतिक कब्जा BAANKNET PROPERTY ID: CNRBB11756174201 COORDINATES: 21.382123,81.829765 | 01/12/2025 / 06/02/2026 / दि. 09.06.2026 को ₹ 1,47,76,901.17 +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 96,05,000/- / ₹ 9,60,500/- / ₹ 10,000/- |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 06/07/2026 या उससे पूर्व दोपहर 12.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 06/07/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
(4) यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
विस्तृत विवरण हेतु केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, जबलपुर (Phone No.8699142824,7683068902 ), e-mail id cb9014@canarabank.com से कार्यालयीन समय में सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता (मेसर्स पीएसबी एलान्यस प्रा. लि.) संपर्क 7046612345/6354910172/ 8291220220/9892219848/ 8160205051, Email: support.BAANKNET@psballiance.com./ support.ebkray@procure247.com). देखें।
दिनांक : 09.06.2026, स्थान : जबलपुर
प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

Dr. Juneja's
EYE Mantra
दीजिए अपनी आँखों को कुदरती आई मंत्रा


प्रयोग विधि: 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।
12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।
24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com


## रोचक खबरें

### उड़ने वाला डायनासोर? पड़ोसी देश में मिला करोड़ों साल पुराना कंकाल

**बीजिंग।** जैसे ही हम डायनासोर का नाम सुनते हैं, हमारे दिमाग में तुरंत जमीन पर चलने वाले किसी विशालकाय जीव की तस्वीर सामने आ जाती है। लेकिन, क्या डायरनासोर भी उड़ सकते थे? इतने विशाल शरीर के साथ क्या उड़ पाना संभव था? भारत के पड़ोसी मुल्क चीन में मिए एक डायनासोर के जीवाश्म ने इन्ही सवालों पर सोचने पर मजबूर कर दिया है। चीन के रिसर्चर्स ने एक ऐसे डायनासोर की खोज की है, जिसके दो नहीं बल्कि चार पंख थे। माना जा रहा है कि यह खोज इस रहस्य से पर्दा उठाएगी कि धरती पर जीवों ने उड़ना कैसे शुरू किया। चीनी वैज्ञानिकों के अनुसार, यह नया जीव छोटे और पंखों वाले डायनासोरों के ग्रुप ड्रोमियोसॉर्स का है। यह फेमस वेलोसिराप्टर ग्रुप से भी जुड़ा हुआ था। इस डायनासोर की सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इसके आगे के पैरों के साथ-साथ पीछे के पैरों पर भी लंबे पंख थे, जो मिलकर चार पंखों जैसी संरचना बनाते थे।



### दुनिया की सबसे खूबसूरत हिरण! नीली आंखें देखते ही मां ने तोड़ा नाता

**न्यूयार्क।** मिशिगन के एनिमल फार्म में साल 2015 में एक अनोखी हिरण ने जन्म लिया था। इसका नाम रखा गया ड्रैगन। इस हिरण का चेहरा सफेद रंग का था। साथ ही इसकी नाक पिंक और आंखें नीली थी। हटके लुक की वजह से जन्म के तुरंत बाद इसकी मां ने इससे नाता तोड़ लिया था। लेकिन अब इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। जब साल 2015 में एक छोटे से एनिमल फार्म में एक हिरण का बच्चा पैदा हुआ तो सबकी आंखें उसकी अनोखी खूबसूरती पर अटक गई। सफेद चेहरा, गुलाबी नाक और आकर्षक नीली आंखें– यह हिरण देखने में किसी परी कथा के किरदार जैसा लगता था। लेकिन, यही खूबसूरती उसके लिए अभिशाप बन गई थी।



# 50 साल बाद चांद पर कदम रखेंगे ये जांबाज अंतरिक्ष यात्री

वॉशिंगटन। इंसान एक बार फिर चांद पर कदम रखने के बेहद करीब पहुंच गया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अपने ऐतिहासिक 'आर्टेमिस-3' मिशन के लिए चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों का ऐलान कर दिया है। यह मिशन चांद की सतह पर इंसानों की वापसी से पहले सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं और डॉकिंग टेस्ट को अंजाम देगा। इस टीम में मिलिट्री एविएशन, स्पेसफ्लाइट, इंजीनियरिंग और मेडिकल रिसर्च के सबसे अनुभवी दिग्गजों को शामिल किया गया है, जिनके कंधों पर पूरी दुनिया की उम्मीदें टिकी हैं।




### कर्नल रैंडी ब्रेसनिक करेंगे मिशन का नेतृत्व

इस बेहद महत्वपूर्ण मिशन का नेतृत्व नासा के अनुभवी अंतरिक्ष यात्री और पूर्व अमेरिकी मरीन कॉर्प्स कर्नल रैंडी ब्रेसनिक करेंगे। रैंडी ब्रेसनिक अंतरिक्ष अभियानों के लिए कोई नए नाम नहीं हैं। वे पहले भी अंतरिक्ष में 149 से ज्यादा दिन बिता चुके हैं। वे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के कमांडर भी रह चुके हैं और कई सफल स्पेस वॉक कर चुके हैं।

### यूरोप के पायलट लूका परमितानो की एंट्री

इस मिशन में पायलट की जिम्मेदारी यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री लूका परमितानो को दी गई है। लूका इटैलियन एयरफोर्स के पूर्व टेस्ट पायलट हैं और इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की कमान संभालने वाले पहले इतालवी नागरिक भी रह चुके हैं। उन्होंने अपने करियर में एक साल से ज्यादा का समय अंतरिक्ष में बिताया है।

### रिकॉर्ड बनाने वाले सर्जन फ्रैंक रूबियो की वापसी

आर्टेमिस-3 के मिशन स्पेशलिस्ट के रूप में फ्रैंक रूबियो को चुना गया है। फ्रैंक अमेरिकी सेना के पूर्व हेलीकॉप्टर पायलट और फ्लाइट सर्जन हैं। उन्होंने अपने पहले ही अंतरिक्ष मिशन में लगातार 371 दिन आईएसएस पर बिताकर इतिहास रच दिया था, जो किसी भी अमेरिकी के लिए सबसे लंबी सिंगल स्पेसफ्लाइट का रिकॉर्ड है।

### नई पीढ़ी के रोबोटिक्स एक्सपर्ट आंद्रे डगलस

इस क्रू में चौथे सदस्य के रूप में आंद्रे डगलस को शामिल किया गया है। आंद्रे इस टीम के सबसे नए सदस्य यानी 'रुकी' हैं और यह उनकी पहली अंतरिक्ष उड़ान होगी। नासा में आने से पहले आंद्रे एक बेहतरीन इंजीनियर और रिसर्चर थे, जो एडवांस्ड सिस्टम्स, रोबोटिक्स और स्पेस टेक्नोलॉजी के एक्सपर्ट माने जाते हैं। वे पहले से ही नासा के चंद्र मिशन की प्लानिंग टीम का हिस्सा रहे हैं और अब खुद अंतरिक्ष जाकर नई पीढ़ी के खोजकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करेंगे।



### क्यों जरूरी है यह मिशन?

आर्टेमिस-3 मिशन के दौरान ये चारों अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी की निचली कक्षा में बेहद कठिन डॉकिंग टेस्ट करेंगे। यह टेस्ट इसलिए जरूरी है, ताकि इसके ठीक बाद होने वाले आर्टेमिस-IV मिशन के जरिए इंसानों को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सुरक्षित उतारा जा सके. यह टीम रेडिएशन, स्पेसक्राफ्ट की परफॉर्मेंस और क्रू ऑपरेशन्स से जुड़ा बेहद कीमती डेटा जुटाएगी। सीधे शब्दों में कहें तो यह मिशन मानव इतिहास के अगले सबसे बड़े अंतरिक्ष अध्याय की नींव रखने जा रहा है।

### आर्टेमिस-3 मिशन क्या है?

आर्टेमिस-3 नासा का एक बेहद महत्वपूर्ण अंतरिक्ष मिशन है। यह मिशन चांद की सतह पर इंसानों की दोबारा वापसी (आर्टेमिस-4 मिशन) से पहले अंतरिक्ष में बेहद जटिल और जरूरी डॉकिंग टेस्ट, रेडिएशन की जांच और स्पेसक्राफ्ट की परफॉर्मेंस का डेटा जुटाएगा. यह इंसानी इतिहास के अगले बड़े अंतरिक्ष सफर की नींव रखेगा।

### हिमाचल महिलाएं हैं सबसे पियक्कड़! मर्दों को किया फेल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की महिलाएं अब नशे के मामले में पुरुषों को भी पीछे छोड़ती नजर आ रही हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-6 की हालिया रिपोर्ट ने यह चौंकाने वाला खुलासा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, 15 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं में तंबाकू उत्पादों का सेवन बढ़कर 1.9 प्रतिशत हो गया है। खास बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह आंकड़ा 2 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 1 प्रतिशत है। दूसरी तरफ पुरुषों में तंबाकू का सेवन पहले के 32.2 प्रतिशत से घटकर 28.9 प्रतिशत रह गया है। यानी महिलाओं में नशे की लत बढ़ रही है और पुरुषों में घट रही है। शराब के मामले में भी महिलाओं की खपत में कोई खास कमी नहीं आई है, जबकि पुरुषों में शराब पीने की प्रवृत्ति घटी है। यह डेटा पूरे देश के लिए चिंता का विषय बन गया है, क्योंकि हिमाचल प्रदेश को शांत और स्वस्थ राज्य माना जाता था।

सफेद दाग

(ल्यूकोडर्मा) का लेसर द्वारा ईलाज
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

CCPL SEASON 3
विमल
CCPL
SAMBHV
Season 3
LUCKY DRAW ON EVERY MATCH DAY


MATCH 14 & 15
LUCKY DRAW WINNERS | 10TH JUNE
FREE ENTRY
MATCH SCHEDULE
SEMI FINAL-1
BILASPUR BULLS Vs BASTAR BISONS
DAY 9
MATCH 16 | 12 JUNE FRI | 3:00 PM
SEMI FINAL-2
RAIGARH LIONS Vs RAIPUR RHINOS
DAY 9
MATCH 17 | 12 JUNE FRI | 7:30 PM
SHAHEED VEER NARAYAN SINGH INTERNATIONAL CRICKET STADIUM, NAVA RAIPUR.
PRIZE MONEY ₹10,000 EACH
Niraj Yadav (Raipur), Gautam Kumar (Dhamtari), Veena Dhruv (Gariaband), Ashish Kumar Thakur (Raipur)
Divyanga (Raipur), Jay Kumar Mandekar (Raipur), Hardik Rathod (Raipur), Bharat Lal (Mungeli)
Harish Kumar (Baloda Bazar)Bishnu Tandi (Raipur)
विमल Vimal
SAMBHV STEEL PIPES & TUBES
ISTAKA
VAAY
ASA ADVERTISING AGENCY

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com